दैनिक
नव प्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ◈◈ 6 | अभिव्यक्ति 3 | राजधानी 7 | आंचलिक 12 | देश-विदेश

रांची, गुरुवार, 11 जनवरी, 2024, पौष कृष्णपक्ष अमावस्या विक्रम संवत-2080 वर्ष-08 अंक-260 पृष्ठ-12, मूल्य - 3 रुपये रांची, रायपुर, बिलासपुर, भोपाल व जबलपुर से एक साथ प्रकाशित www.navpradesh.com

आज बेबाक

अयोध्या में भगवान श्रीराम के मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा की तिथि ज्यों ज्यों नजदीक आ रही है। विपक्ष के कुछ नेताओं की बेचैनी बढ़ती जा रही है। अयोध्या को लेकर इन विपक्षी पार्टियों के बड़ बोले नेता लगातार विवादास्पद बयान दे रहे हैं। श्रीरामचरितमानस पर पहले भी आपत्तिजनक टिप्पणी कर चुके समाजवादी पार्टी के सबसे बड़े बयानवीर नेता स्वामी प्रसाद मौर्या ने फिर एक बार विवादास्पद बयान दिया है और विवादित ढांचे को गिराने वाले राम भक्त कारसेवकों को अराजक तत्व करार दिया है। अपनी पार्टी की लुटिया डुबाने पर तुले ऐसे बयानवीरो को श्रीराम सद्बुद्धि दे।

//-- सुविचार --//

समय को पहचानना ही मनुष्य के सीखने की सर्वोत्तम कला मानी गयी है

सूर्योदय/सूर्यास्त

उदय : 06:32 प्रात:

अस्त : 05:21 संध्या

प्रदेश का तापमान

स्थान	अधिकतम	न्यूनतम
रांची	24.0	09.0
जमशेदपुर	26.0	11.0
हजारीबाग	22.0	09.0
डालटनगंज	24.0	09.0

संक्षिप्त खबरें

अयोध्या की यात्रा कराएगी सरकार

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की विष्णुदेव साय सरकार प्रदेश के लोगों को अयोध्या में राम लाल के दर्शन कराने का फैसला किया है। साथ ही काशी विश्वनाथ का भी दर्शन कराया जाएगा। वहीं प्रफुल्ल भारत छत्तीसगढ़ के नए महाधिवक्ता होंगे। इसका फैसला बुधवार को आयोजित चौथी कैबिनेट बैठक में किया गया है। कैबिनेट की बैठक के बाद मीडिया को जानकारी देते हुए डिप्टी सीएम अरुण साव ने बताया कि कैबिनेट की आज की बैठक में दो बड़े फैसले लिए गए हैं। उन्होंने बताया कि मंत्रिपरिषद की बैठक में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा छत्तीसगढ़वासियों को दी गई गारंटियों में से एक और गारंटी को पूरा करते हुए प्रदेश में श्री रामलला दर्शन (अयोध्या धाम) योजना शुरू करने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। बता दें कि धार्मिक नगरी अयोध्या में श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी को होने जा रही है। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा प्रदेशवासियों को श्री रामलला के दर्शन कराने हेतु अयोध्या ले जाने की घोषणा की गई है। जिसके परिपालन में श्री रामलला दर्शन योजना शुरू की जा रही है। इस योजना का क्रियान्वयन छत्तीसगढ़ पर्यटन मण्डल द्वारा तथा बजट पर्यटन विभाग द्वारा उपलब्ध कराया जाएगा।

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की अध्यक्षता में राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकार की हुई बैठक, राज्य में सुखाड़ की स्थिति पर हुई चर्चा

तत्काल राहत के रूप में 3500 रु. प्रति किसान अनुग्रहित राशि देने का निर्देश

17 जिलों के 158 प्रखंडों को सुखाड़ क्षेत्र घोषित करने की अनुशंसा

आपदा प्रबंधन विभाग को प्रस्ताव तैयार कर मंत्रिपरिषद की बैठक में भेजने का निर्देश

नव प्रदेश संवाददाता

रांची : राज्य सरकार ने सुखाड़ प्रभावित किसानों को तत्काल मदद का निर्णय लिया है। राज्य में इस वर्ष भी कम बारिश की वजह से 17 जिलों के 158 प्रखंडों में सुखाड़ की स्थिति है। झारखंड मंत्रालय में बुधवार को मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की अध्यक्षता में राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकार की बैठक में कृषि विभाग के प्रतिवेदन के आलोक में उपरोक्त सभी प्रखंडों को सुखाड़ क्षेत्र घोषित करने की अनुशंसा की गई। बैठक में मुख्यमंत्री ने आपदा प्रबंधन विभाग को निर्देश दिया कि इन सभी 158 प्रखंडों को सुखाड़ क्षेत्र घोषित करने संबंधी प्रस्ताव तैयार करे, ताकि उसे मंत्रिपरिषद की बैठक में मंजूरी के लिए रखा जा सके।

सहायता राशि के लिए केंद्र को भेजें प्रस्ताव

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्य के आपदा प्रबंधन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे केंद्र सरकार को सहायता राशि उपलब्ध कराने के लिए प्रस्ताव यथाशीघ्र भेजें, ताकि उस राशि से सूखा प्रभावित किसानों को आर्थिक सहायता दी जा सके।

प्रभावित किसानों को मिलेगी अनुग्रहित राशि

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि सुखाड़ से प्रभावित किसानों को राहत देने के लिए समुचित कदम उठाए जाएं। उन्होंने गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी सुखाड़ से प्रभावित किसानों को तत्काल राहत के तौर पर 3500 रुपए प्रति किसान अनुग्रहित राशि देने का निर्देश दिया। इसके अलावा वैसे किसान जिनकी फसल कम बारिश की वजह से 33 प्रतिशत तक क्षतिग्रस्त हुई है, उन्हें इनपुट अनुदान राशि का भुगतान किया जाएगा। इस बैठक में मंत्री बन्ना गुप्ता और बादल, मुख्य सचिव एल खियांगते, प्रधान सचिव अजय कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव विनय कुमार चौबे, सचिव अमिताभ कौशल, सचिव अबू बकर सिद्दीक और कृषि विभाग के विशेष सचिव प्रदीप हजारी मौजूद थे।

आजीवन कारावास की सजा काट रहे 56 कैदी होंगे रिहा

रांची : राज्य के विभिन्न जेलों में आजीवन कारावास की सजा काट रहे 56 कैदी रिहा किए जाएंगे मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की अध्यक्षता में झारखंड राज्य सजा पुनरीक्षण पर्षद की 30 वीं बैठक में 109 कैदियों की रिहाई के बिंदु पर समीक्षा के बाद यह सहमति बनी। समीक्षा के क्रम में अदालतों, संबंधित जिलों के पुलिस अधीक्षक, जेल अधीक्षक और जिला प्रोबेशन पदाधिकारियों के मंतव्य पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि जो कैदी जेल से रिहा किए जाते हैं, उनकी लगातार ट्रैकिंग और मॉनिटरिंग होनी चाहिए। इसके अलावा उनके पुनर्वास की दिशा में भी पहल की जाए। ताकि, वे मुख्य धारा में बनें रहें। अक्सर देखा गया है कि जेल से जो बुजुर्ग कैदी रिहा रहा किए जाते हैं, उन्हें उनका परिवार अपनाने के लिए आगे नहीं आता है। ऐसे में इनको सरकार के यूनिवर्सल पेंशन स्कीम से जोड़ा जाए, ताकि उन्हें इस तरह के हालात में उन्हें इधर-उधर भटकना नहीं पड़े। उन्होंने यह भी कहा कि रिहा होने वाले कैदियों को सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिया जाए, ताकि उन्हें जीविकोपार्जन की दिशा में सहूलियत मिल सके।

अब तक 1831 कैदी हो चुके हैं रिहा

इस बैठक में अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बताया गया कि झारखंड राज्य सजा पुनरीक्षण पर्षद की 29वीं बैठक तक 1831 कैदियों की रिहाई हो चुकी है। अधिकारियों ने यह भी बताया कि वर्ष 2019 से लेकर अब तक 457 कैदियों के घर का जिला प्रोबेशन पदाधिकारियों द्वारा सर्वे कराया जा चुका है। इनमें से 378 कैदियों को सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया है, जबकि अन्य कैदियों को सरकार की योजनाओं से जोड़ने की प्रक्रिया चल रही है। इस बैठक में गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, पुलिस महानिदेशक अजय कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव विनय कुमार चौबे, विधि विभाग के प्रधान सचिव- सह- विधि विधि परामर्शी नलिन कुमार, पुलिस महानिरीक्षक मनोज कौशिक, जेल महानिरीक्षक उमाशंकर सिंह, न्यायिक आयुक्त रांची अरुण कुमार राय, जेल एआईजी हामिद अख्तर और प्रोबेशनर ऑफिसर चंद्रमौली सिंह उपस्थित थे।

लोस चुनाव. भाजपा में प्रत्याशियों पर मंथन शुरू

नई दिल्ली (एजेंसी)। भाजपा ने लोकसभा चुनाव के लिए प्रत्याशियों पर मंथन शुरू कर दिया है। मोदी की गारंटी का नैरेटिव सेट कर रही पार्टी जीत पक्की करने के लिहाज से उन 48 लोकसभा सीटों पर कद्दावर नेताओं को उतारने की योजना बना रही है, जहां पिछली बार जीत-हार का अंतर 2 प्रतिशत से कम रहा था। भाजपा जिन सीटों पर 35-52 प्रतिशत से ज्यादा के अंतर से जीती थी, वहां नए प्रत्याशियों को मौका दिया जाएगा। पिछले चुनाव में 0.2 से 1.91 प्रतिशत तक कुल 48 लोकसभा सीटों पर पार्टी की हार-जीत हुई थी। इनमें 10 उत्तर प्रदेश से है, जहां भाजपा जीती थी। 48 में से 27 सीटें ऐसी थीं, जहां प्रत्याशी 1 प्रतिशत से कम अंतर से चुनाव जीते थे। जबकि जिन 50 सीटों पर जीत का अंतर 35 प्रतिशत से अधिक रहा, उनमें 40 से ज्यादा पर भाजपा जीती थी। भाजपा के चुनाव अभियान से जुड़े नेता का कहना है कि ओडिशा, तमिलनाडु, तेलंगाना, असम और बंगाल आदि में इस बार कद्दावर नेताओं को उतारा जाएगा। उत्तर प्रदेश-बिहार की कुछ सीटों पर भी ऐसा ही प्रयोग होगा। महाराष्ट्र-बिहार में सियासी समीकरण आंकड़ों के लिहाज से कठिन दिख रहे हैं, इसलिए यहां बड़े अंतर से जीती गई आधा दर्जन सीटों पर मजबूत प्रत्याशी उतारे जाएंगे। 2019 में भाजपा 303 सीटें जीती थी। 240 सीटें अन्य दल जीते थे। इनमें कुछ एनडीए, कुछ यूपीए की तो कुछ अन्य की थीं। लिहाजा 40 सीटों का उलटफेर बड़ा बदलाव ला सकता है। इस लिहाज से 2 प्रतिशत से कम मार्जिन वाली 48 सीटें अहम हो जाती हैं। बिहार में नीतीश विरोधी खेमे में चले गए हैं। महाराष्ट्र में शिवसेना-एनसीपी दो फाड़ हो चुकी हैं। हिंदी पट्टी और गुजरात में भाजपा कमोबेश अधिकतम सीटें हासिल कर चुकी है। जिन सीटों पर 35 प्रतिशत से अधिक वोट प्रतिशत से जीत हुई थी, उनमें 42 सीट भाजपा के पास हैं।

एकनाथ शिंदे समूह ही है असली शिवसेना : नार्वेकर

मुंबई : महाराष्ट्र विधानसभा के अध्यक्ष राहुल नार्वेकर ने पूर्व मुख्यमंत्री एवं शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) गुट के प्रमुख उद्धव ठाकरे को बड़ा झटका देते हुए बुधवार को राज्य के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के पक्ष में फैसला सुनाया और कहा कि श्री शिंदे के नेतृत्व वाला समूह ही असली शिवसेना है। नार्वेकर ने शिवसेना अयोग्यता मामले में भी फैसला सुनाया तथा कहा कि पार्टी का फैसला बहुमत के आधार पर होता है और शिंदे गुट के पास बहुमत है। ठाकरे ने नार्वेकर के फैसले की आलोचना की है और इसे उच्चतम न्यायालय के फैसले का उल्लंघन बताया है। नार्वेकर ने यह फैसला भी सुनाया कि भरत गोगावले का व्हिप सही था। विधानमंडल सचिवालय के 21 जून 2022 के रिकॉर्ड के मुताबिक शिंदे गुट के पास बहुमत नजर आ रहा है इसलिए, नार्वेकर ने एक महत्वपूर्ण टिप्पणी की कि शिंदे समूह ही असली शिवसेना है। ठाकरे समूह का दावा खारिज कर दिया गया है क्योंकि पार्टी प्रमुख का निर्णय अंतिम है। नार्वेकर ने फैसला किया कि शिवसेना पार्टी प्रमुख समूह के नेता को पद से नहीं हटा सकते। उन्होंने कहा जो विधायक संपर्क में नहीं हैं उन्हें केवल इसी आधार पर अयोग्य नहीं ठहराया जा सकता। इसके अलावा, यह भी साबित हुआ है कि ठाकरे समूह के मिलिंद नार्वेकर, रवींद्र फाटक ने सूरत में शिंदे से मुलाकात की थी। नार्वेकर ने कहा कि चूंकि यह साबित हो चुका है कि सत्ता हस्तांतरण के दौरान असली पार्टी शिंदे की थी, इसलिए 21 जून 2022 को शिवसेना विधायक दल की बैठक में अनुपस्थित होने के मुद्दे पर विधायकों को अयोग्य नहीं ठहराया जा सकता है। नार्वेकर ने कहा कि पार्टी प्रमुख को सर्वोच्च शक्ति देना लोकतंत्र के लिए हानिकारक है। अगर ऐसा हुआ तो पार्टी में कोई भी पार्टी नेता के खिलाफ नहीं बोल पाएगा। शिवसेना के संविधान में राष्ट्रीय कार्यकारिणी का निर्णय अंतिम होता है। उन्होंने कहा कि शिवसेना पार्टी प्रमुख किसी को भी पद से नहीं हटा सकते, शिवसेना नेतृत्व पर दावों को लेकर चुनाव आयोग द्वारा दिया गया यह फैसला स्पष्ट है। शिंदे को पार्टी से निकालने का अधिकार ठाकरे के पास नहीं है। सिर्फ मन में आ जाने से किसी को पार्टी से नहीं निकाला जा सकता। उन्होंने कहा कि पार्टी के पिछले संविधान के मुताबिक ठाकरे को किसी को पद से हटाने का कोई अधिकार नहीं है। पार्टी नेतृत्व की राय को पार्टी की राय नहीं माना जा सकता इसलिए शिंदे को हटाने का फैसला उद्धव ठाकरे नहीं ले सकते। पार्टी नेता की राय अंतिम नहीं है इसलिए, पार्टी संविधान के अनुसार, उनके पास किसी को पद से हटाने की शक्ति भी नहीं है।

इम्फाल से ही शुरू होगी राहुल गांधी की यात्रा

नयी दिल्ली : कांग्रेस ने बुधवार को कहा कि पार्टी नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा मणिपुर की राजधानी इम्फाल के पैलेस ग्राउंड से शुरू करने की इजाजत नहीं मिलने के बावजूद गांधी निर्धारित तिथि पर इम्फाल से ही अपनी यात्रा शुरू करेंगे। कांग्रेस महासचिव संगठन के सी वेणुगोपाल ने तथा संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने आज यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि इम्फाल के पैलेस ग्राउंड से 14 जनवरी को यात्रा शुरू करने की बराबर इजाजत मांगी जा रही है लेकिन प्रशासन ने इस मैदान में यात्रा के लिए आयोजन शुरू करने की इजाजत देने से मना कर दिया है। उन्होंने इसे राजनीतिक से प्रेरित फैसला बताया लेकिन कहा कि यात्रा 14 जनवरी को शुरू होगी और मणिपुर की राजधानी इम्फाल से ही आरंभ होगी। यात्रा शुरू करने के लिए दूसरी जगह की तलाश का काम शुरू कर दिया गया है। उनका कहना था मणिपुर को लेकर इस यात्रा में कुछ भी विशेष नहीं है। यात्रा पूरब से पश्चिम की है इसलिए मणिपुर से शुरू कर महाराष्ट्र तक की यात्रा करने का फैसला लिया गया है। कांग्रेस नेता यह बहुत बड़ी और बहुत सफल यात्रा होगी। यात्रा बहुत बड़े स्तर पर होगी जिसमें समाज के सभी वर्गों के लोग जुड़ेंगे। यह पूछने पर कि क्या पैलेस ग्राउंड से यात्रा शुरू करने की इजाजत राजनीतिक कारणों से नहीं दी जा रही हे तो उन्होंने कहा कि यही सच्चाई है। उन्होंने कहा कि इस यात्रा को लेकर अलग से वेबसाइट शुरू की गई है और पम्पलेट जारी किया गया है जिसमें यात्रा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी गई है। इसके अलावा इस यात्रा में न्याय योद्धा कार्यक्रम भी चलाया जाएगा। न्याय योद्धा एक तरह के स्वयं सेवक होंगे और एक नम्बर पर मिस्ड काल देकर न्याय योद्धा बनने का कार्यक्रम तय किया गया है।

खादी मेले से... खरीदारों के इंतजार में गेहूं के डंठल से बनी बिरसा मुंडा से जुड़ी कलाकृतियां

गेहूं के डंठल से अनूठी कलाकृतियां प्रस्तुत कर रहीं सोनी

नवप्रदेश ब्यूरो

रांची। गेहूं के डंठल से बनी अनूठी कलाकृतियों को जीवंत स्वरूप दे रहीं हैं झारखण्ड के रामगढ़ की सोनी। यह देश और दुनिया की कलादीर्घा में अपनी सार्थक उपस्थिति दर्ज करा रही हैं, रांची के मोरहाबादी में चल रहे सरस और खादी मेले में खरीदारों के इंतजार में गेहूं के डंठल से बनी बिरसा मुंडा से जुडी कलाकृतियां हैं। बावजूद इसके यह कला आम लोगों के आकर्षण के केंद्र में है। राज्य की हेमंत सरकार ने स्थानीय उत्पादों की ब्रांडिंग के लिए ग्रामीण उद्यमशीलता योजना का खाका तैयार किया है। इसलिए इस मेले में स्थानीय उत्पादों को तरजीह देते हुए विकास की आधारशिला रखी गयी है। पूरे राज्य से अन्य उत्पाद भी सरकार से ऐसे ही ब्रांडिंग की अपेक्षा किए हुए हैं। उत्पादों को बाजार व कामगारों को रोजगार मिले। यही स्थानीय उद्यमी चाहते हैं।

अब नाम और पहचान की मोहताज नहीं

झारखंड के रामगढ़ की रहने वाली सोनी। यह नाम अपनी पहचान के मोहताज नहीं है। गेहूं के डंठल से खूबसूरत कलाकृतियां तैयार करने में इनके हुनर का लोहा बड़े-बड़े मान चुके हैं। सोनी की बनी कलाकृति को राज्य से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने उद्घाटन दिवस पर देखा तो वे अवाक रह गए। सोनी ने मुख्यमंत्री को बताया था कि गेहूं की डंठल से वे भगवान् बिरसा मुंडा, महात्मा गांधी, श्रीकृष्ण, गुरुनानक, महात्मा बुद्ध व अन्य की कृतियां बना चुकी हैं। सोनी इस विधा में पारंगत हैं। गेहूं की डंठल से वे कलाकृतियों को जीवंत स्वरूप देते हैं। सोनी बताती हैं कि इस कला के लिए उन्हौने कोई प्रशिक्षण नहीं लिया। पिछले 15 साल से वह इस कला से जुड़ी हुई हैं। अब यह पहल बंद हो गई है। देश में लगने वाली प्रदर्शनी में आने-जाने का खर्च का वहन वह करती है। सोनी बताती हैं कि इस हुनर के खरीदार संपन्न लोग ही होते हैं। ये हुनरमंद चाहते हैं कि सरकार इस बारीक हुनर का बाजार मुहैया कराए, जिससे बनाई हुई वाजिब कलाकृतियों का दाम उन्हें मिल सके।

बाजार मिला तो गेहूं के डंठल से निखरेगी कला

गेहूं के डंठल की कलाकृतियां बनाने के स्माल स्केल उद्योग को सरकार से मदद की दरकार है। इन कलाकृतियों के खरीदार सबल तबके के लोग हैं। बाजार उपलब्ध नहीं है, फिर भी शहर के दंपती इस बारीक हुनर की शाबाशी पूरे देश में पा रहे हैं। देश के अलग-अलग स्थानों पर लगने वाली प्रदर्शनी में कलाकृतियों को सराहा गया है। पुरस्कार भी मिला है। लेकिन इन हुनरमंदों को खरीदारों के बाजार का इंतजार है। सोनी और उसका परिवार गांव के कुछ सदस्यों को जोड़कर गेहूं के डंठल से कलाकृति को गढ़ने में पारंगत है।डंठल से वे कलाकृतियों को जीवंत स्वरूप देते हैं। सोनी बताती हैं कि 15 साल से गेहूं के डंठल से वह कलाकृति बना रही हैं। लेकिन बाजार की अनुपलब्धता के कारण कलाकृतियों को बेहतर खरीदार नहीं मिल रहे हैं।

अब खेतों में किसान नहीं जलाएंगे डंठल

गेहूं के डंठल सोनी अपनी टीम के साथ मनमोहक कलाकृतियां गढ़ते हैं। प्रदेश सरकार ने इसे उत्पाद के रूप में चयनित किया है। जिससे अब गेहूं के डंठल का बेहतर उपयोग होगा। अभी तक गेहूं के डंठल को किसान खेतों में जला देते थे। लेकिन कला के रूप में डंठल की मांग बढ़ने पर किसान उसे सहेजेंगे, इससे खेतों की उर्वरा शक्ति भी बढ़ेगी। किसानों को भी लाभ होगा। साथ ही झारखंड की कला देश-विदेश में पहचान पाएगी।

भारत अगले 25 साल के लक्ष्य पर कर रहा काम : पीएम मोदी

गांधीनगर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को गुजरात के गांधीनगर में वाइब्रेंट गुजरात समिट के 10वें एडिशन का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि भारत अगले 25 वर्षों के लक्ष्य पर काम कर रहा है। जब भारत अपनी आजादी के 100 वर्ष पूरे करेगा, तब तक हमने भारत को विकसित बनाने का लक्ष्य रखा है। यूएई के प्रेसिडेंट मोहम्मद बिन जायद कई अन्य वर्ल्ड लीडर्स और इंडस्ट्री लीडर्स के साथ चीफ गेस्ट के रूप में इस कार्यक्रम में शामिल हैं। वहीं मुकेश अंबानी, पंकज पटेल, गौतम अडाणी और लक्ष्मी मित्तल समेत देश-विदेश के दिग्गज कारोबारी समिट में शामिल हुए। पीएम मोदी ने कहा- इस कार्यक्रम में मेरे भाई, और यूएई के प्रेसिडेंट का होना खुशी की बात है। भारत और यूएई ने अपने रिश्तों को जो नई ऊंचाई दी है, उसका श्रेय मेरे दोस्त और यूएई के प्रेसिडेंट शेख मोहम्मद बिन जायद को जाता है। दोनों देशों के बीच कई बड़े समझौते हुए हैं। पोर्ट डेवलपमेंट के लिए संयुक्त अरब अमीरात के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर हुए हैं।

>> पेज 12 भी दखें

सात साल बाद धनबाद-चंद्रपुरा पैसेंजर ट्रेन का परिचालन फिर हुआ शुरू

नवप्रदेश संवाददाता

रांची/धनबाद। करीब सात वर्ष बाद बुधवार से धनबाद चंद्रपुरा पैसेंजर ट्रेन का परिचालन शुरू हो गया। 15 जून 2017 को आग का खतरा बताकर इसका परिचालन बंद कर दिया गया था। इसके बाद एक बार फिर से इस ट्रेन का परिचालन शुरू होने से लोगों में खुशी का माहौल है।

चंद्रपुरा स्टेशन से चलकर डीसी पैसेंजर ट्रेन जैसे ही कतरास गढ़ रेल स्टेशन पहुंची स्थानीय लोग खुशी से झूम उठे। वहीं मौके पर मौजूद सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी और बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो ने ट्रेन के चालक और गार्ड का स्वागत किया। इसके बाद विधायक ढुल्लू महतो और गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने उक्त ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर धनबाद के लिए रवाना किया।

कतरासगढ़ स्टेशन पर इस डीसी ट्रेन का ठहराव पूर्व की भांति ही रहेगा, जिससे लोगों में हर्ष का माहौल है। मौके पर मौजूद सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने कहा कि इस डीसी रेल लाइन पर 26 जोड़ी ट्रेन बन्द होने के पूर्व चलती थी। अब धीरे धीरे उन सभी ट्रेनों का परिचालन फिर से शुरू किया जा रहा है। आज हम सभी को डीसी ट्रेन भी मिल गई है। इसके लिए उन्होंने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद देते हुए कहा कि देश के प्रधानमंत्री जन हित भावना को देखते हुए कार्य कर रहे है।

वहीं विधायक ढुल्लू महतो ने कहा कि जो लोग डीसी रेल लाइन पर खतरा बता इसके बन्द होने की आशंका जाहिर कर रहे है, जो लोग इस रेल लाइन के खिलाफ षड्यंत्र रच रहे है। उनलोगों को यह पता होना चाहिए कि केंद्र सरकार कतरासगढ़ स्टेशन के सौद्रीयकरण के लिये 50 करोड़ रुपए खर्च कर रही है। इसके सौद्रीयकरण को लेकर कार्य भी शुरू हो चुका है। इसलिय कोई बयानबाजी कर जनता को भ्रमित करने का प्रयास न करे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने डीसी रेल लाइन पर बंद हुए ट्रेनों को एक बार पुनः शुरू करवाने को लेकर कोई भी प्रयास नहीं किया। राज्य सरकार को खनिज संपदा लूटने से समय ही नही मिल रहा है।

उल्लेखनीय है कि कभी कतरासगढ़ स्टेशन से होकर 26 ट्रेनें गुजरा करती थी। जिनका यहां ठहराव भी हुआ करती थी, इसी बीच, डीसी रेल लाइन को अग्निप्रभावित बताकर इस रूट पर सभी ट्रेनों का परिचालन बंद कर दिया गया था। जिनका परिचालन एक बार फिर से शुरू होने से कोयलांचल वासियों में हर्ष का माहौल है।

बर्लिन अस्पताल मामले में प्रीति कुमार को ईडी ने भेजा दूसरा समन, 12 को होगी पूछताछ

रांची। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने रांची के बरियातू स्थित बर्लिन अस्पताल मामले में ईडी ने प्रीति कुमार को दूसरा समन किया है। सूत्रो ने बताया कि ईडी ने प्रीति कुमार को 12 जनवरी को ईडी के क्षेत्रीय कार्यालय में उपस्थित होने को कहा है। इससे पहले ईडी ने प्रीति कुमार को गत 28 दिसंबर 2023 को समन भेजकर तीन जनवरी को उपस्थित होने को कहा था। इसके बाद प्रीति कुमार ने ईडी को पत्र भेज कर यह बताया कि वह अपने परिवार के साथ केरल में छुट्टियों पर आई हैं, ऐसे में सात जनवरी तक वह रांची लौटेंगी।

एक नजर

राज्यपाल से मिले वन सेवा के प्रशिक्षु अधिकारी

रांची। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से बुधवार को भारतीय वन सेवा के प्रशिक्षु अधिकारियों ने राज भवन में भेंट की। राज्यपाल ने उनसे संवाद करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

आम जनता हेल्पलाइन क्वार्टर फाइनल में

रांची : अमिताभ चौधरी मेमोरियल कैनवास बॉल वेटरन क्रिकेट टूनामेंट में मंगलवार को जीत हासिल आम जनता हेल्पलाइन की टीम ने क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। हेल्पलाइन की टीम ने विल्स क्रिकेट इलेवन को पाँच विकेट से पराजित किया। टॉस जीतकर आम जनता हेल्पलाइन ने पहले क्षेत्ररक्षण का निर्णय लिया। बल्लेबाजी करते हुए विल्स इलेवन 12 ओवर में 80 रन बना सकी। विनय ने सर्वाधिक रन बनाये। हेल्पलाइन के आफताब ने 3 विकेट और 30 रन बनाकर मैन ऑफ मैच बने। हेल्पलाइन टीम की शुरूआत खराब रही और 16 रन पर 3 विकेट गिर गए। मध्य क्रम के बल्लेबाजों ने पारी को संभाला और 7 गेंद पहले ही मैच जीत लिया। जीत पर टीम के मैनेजर एजाज गद्दी ने सभी खिलाड़ियों को बधाई दी।

दाहू के पुत्र राहुल यादव को कोर्ट ने ईडी को पांच दिनों के रिमांड की दी मंजूरी

रांची। साहिबगंज में हुए अवैध खनन मामले के आरोपित दाहू यादव के पुत्र राहुल यादव को कोर्ट ने पांच दिनों के रिमांड की मंजूरी दी है। ईडी ने कोर्ट से छह दिनों की रिमांड मांगी थी। लेकिन ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत ने पांच दिनों की रिमांड की मंजूरी दी। रिमांड की अवधि गुरुवार से शुरू होगी। हाई कोर्ट के आदेश के आलोक में राहुल यादव ने दो जनवरी को ईडी कोर्ट में सरेंडर किया था, इसके बाद कोर्ट ने उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया था। अवैध खनन मामले में ईडी ने राहुल को समन जारी कर पूछताछ के लिए बुलाया था। लेकिन वह ईडी के समक्ष उपस्थित नहीं हुआ था। इसके बाद ईडी की विशेष अदालत ने राहुल यादव के खिलाफ 31 मार्च 2023 को नॉन बेलेबल वारंट जारी किया था। राहुल ने इसे लेकर हाई कोर्ट में याचिका दाखिल कर चुनौती दी थी। याचिका में उनकी ओर से कहा गया था कि वह ईडी को अनुसंधान में सहयोग करने के लिए तैयार हैं। जब कोर्ट उन्हें उपस्थिति के लिए तिथि निर्धारित करेगी वह उस समय उपस्थित हो जायेंगे।

ईडी अवैध खनन घोटाला मामले में साहिबगंज डीसी से आज करेगी पूछताछ

रांची। अवैध खनन घोटाला मामले ईडी साहिबगंज डीसी रामनिवास यादव से 11 जनवरी को पूछताछ करेगी। ईडी ने गत छह जनवरी को समन जारी करते हुए मुख्यमंत्री के प्रेस सलाहकार अभिषेक प्रसाद उर्फ पिंटू को 16 जनवरी, साहिबगंज डीसी रामनिवास यादव को 11 जनवरी और विनोद सिंह को 15 जनवरी को ईडी के क्षेत्रीय कार्यालय में पूछताछ के लिए हाजिर होने को कहा है। उल्लेखनीय है कि ईडी ने अवैध खनन मामले में 12 ठिकानों पर एक साथ तीन जनवरी को छापेमारी की थी। इस दौरान ईडी ने विभिन्न आपत्तिजनक डिजिटल उपकरण, दस्तावेज, रिकॉर्ड और रुपये की नकदी बरामद की। साहिबगंज के डीसी राम निवास यादव के कैंप कार्यालय से 7.25 लाख रुपये सहित 36.99 लाख रुपये बरामद किये गये थे। इसके अतिरिक्त साहिबगंज के डीसी राम निवास यादव के आवासीय परिसर से 9 एमएम बोर के 19 कारतूस, .380 एमएम के 2 कारतूस और 45 पिस्टल के 5 खाली खोखे भी बरामद किये गये।

बैडमिंटन का उभरता खिलाड़ी अनिकेत सर्राफ नेशनल गेम्स में जीता सिल्वर मेडल

- झारखंड राज्य स्तरीय स्पोर्ट्स प्रतियोगिता में जीता गोल्ड मेडल
- अनिकेत सर्राफ को झारखंड का सर्वश्रेष्ठ प्लेयर का मिला अवार्ड

रांची : डीएवी गांधीनगर के आठवीं कक्षा का छात्र अनिकेत सर्राफ ने दिल्ली में 7- 8 जनवरी 24 को आयोजित डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिता- 23 मे अंडर-14 बैडमिंटन प्रतियोगिता मे रजत पदक जीतकर झारखंड के मान को बढ़ाया है। बैडमिंटन का उभरता खिलाड़ी अनिकेत सर्राफ ने विगत 2 वर्षों से कड़ी मेहनत एवं लगन के साथ रोजाना 4-5 घंटा बैडमिंटन खेलने का निरंतर अभ्यास कर जिलास्तरीय कई प्रतियोगिताओं में भाग लेकर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, तथा खेल गांव में भी कई मैच खेला एवं बैडमिंटन के प्रति जुनून ने इसे बैडमिंटन का राष्ट्रीय खिलाड़ी बनने का मुकाम तक पहुंचाया है। अनिकेत सर्राफ नवंबर में जमशेदपुर में आयोजित क्लस्टर जोन के प्रतियोगिता मे अंडर- 14 बैडमिंटन प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीतकर झारखंड राज्य स्तरीय स्पोर्ट्स प्रतियोगिता के लिए चयनित हुआ। तथा दिसंबर माह में धनबाद में आयोजित झारखंड राज्य स्तरीय स्पोर्ट्स प्रतियोगिता मे गोल्ड मेडल जीतकर नेशनल गेम्स मे खेलने के लिए चयनित हुआ। धनबाद में आयोजित झारखंड के राज्य स्तरीय स्पोर्ट्स प्रतियोगिता मे अनिकेत सर्राफ को बैडमिंटन मे उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए झारखंड का सर्वश्रेष्ठ प्लेयर का अवार्ड से सम्मानित किया गया। इस प्रतियोगिता मे झारखंड के 15 से भी अधिक जिलों के डीएवी स्कूल के चयनित बच्चों ने भाग लिया था। दिल्ली में आयोजित नेशनल गेम्स मे बैडमिंटन प्रतियोगिता मे डीएवी गांधीनगर उपविजेता रही। इस प्रतियोगिता में अनिकेत सर्राफ उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए छत्तीसगढ़, राजस्थान, उत्तर प्रदेश को हराकर फाइनल तक पहुंचा। फाइनल में हरियाणा को कड़ी प्रतिस्पर्धा दी। एवं बहुत कम अंकों के साथ हारकर सिल्वर मेडल जीता। अनिकेत सर्राफ को उनका साथी टीम खिलाड़ी यशवंत एवं तन्मय का पूर्ण सहयोग मिला। तथा उनका भी प्रदर्शन बेहतरीन रहा। तथा टीम के कोच शिक्षक गोविंद झा साथ मे रहकर खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया,एवं जीत की बधाई दी, गौरतलब है कि अनिकेत सर्राफ सामाजिक कार्यकर्ता सह व्यवसायी संजय सर्राफ के पुत्र हैं। अनिकेत सर्राफ के बैडमिंटन में शानदार प्रदर्शन से पूरे परिवार में खुशी की लहर है।

बाजार में किए निर्माणाधीन बाउंड्रीवाल को ग्रामीणों ने तोड़ा

नवप्रदेश संवाददाता

रांची। जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र के लटमा बाजार में बुधवार को ग्रामीणों ने जमीन दलालों की ओर से बाजार में किए निमार्णाधीन बाउंड्रीवाल को बुधवार को तोड़ दिया। साथ ही ग्रामीणों ने दलालों को चेतावनी देते हुए कहा कि लटमा बाजार को कब्जा या घेराबंदी किया गया, तो वे दलालों को क्षेत्र में घुसने नहीं देंगे। घटना की सूचना मिलते ही हटिया विधायक नवीन जायसवाल और जगन्नाथपुर थानेदार अरविंद सिंह पुलिस बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे। ग्रामीणों से वार्ता की और मामले को किसी तरह समझा बुझाकर शांत कराया। मौके पर हेसाग मौजा स्थित नीचे टोली, ऊपर टोली, सदान मोहल्ला, चोरया टोली के ग्रामीण मौजूद थे। मामले को लेकर विधायक ने कहा कि डीसी को पत्र देकर मामले की जानकारी लेंगे कि किस तरह फर्जी कागजात के आधार पर जमीन को बेचा जा रहा है। थाना प्रभारी ने कहा कि पूरे मामले की जांच की जा रही है।

उल्लेखनीय है कि सिंहमोड़ स्थित लटमा में सालों से बाजार लगता है। लेकिन यहां बाउंड्रीवाल खड़ा किया जा रहा है। गलत कागज बनाकर जमीन बेचने की तैयारी चल रही है।

एबीवीपी ने युवा दिवस पर खेल महोत्सव का किया आयोजन



रांची। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) की ओर से डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय में युवा दिवस पर दो दिवसीय खेल महोत्सव का बुधवार को आयोजन किया। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ विश्वविद्यालय के स्पोर्ट डायरेक्टर अभय सागर मिंज एवं परीक्षा नियंत्रक आशीष गुप्ता ने किया । इस महोत्सव के प्रथम दिन रस्सा-कस्सी, वॉलीबॉल का आयोजन किया गया। इसमें कई विभागों के छात्र-छात्राओं की टीमों नें भाग लिया।

वॉलीबॉल और रस्सा-कस्सी का फाइनल मैच का आयोजन प्रो. तपन शांडिल्य सर की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। रस्सा-कस्सी में अनिल कुमार की टीम विजयी हुई, भोला का फौज टीम उपविजेता हुई और बालकिशुन महतो की टीम तृतीय स्थान पर रही। वहीं वॉलीबॉल में "वॉली क्लब" की टीम विजेता और डीएसपीएमयू स्पाइकर" की टीम उपविजेता रही। मौके पर उपस्थित कुलपति डॉ. तपन शांडिल्य ने कहा कि युवा महोत्सव के उपलक्ष्य मं परिसर में विद्यार्थी परिषद ने इस प्रकार के खेल-कूद का आयोजन करवाया जो काफी सराहनीय है, मैं आप सभी के उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूं ओर आप सभी आगे भी इस प्रकार के महोत्सव का आयोजन करते रहें जिसमें विश्वविद्यालय प्रशासन भी बढ़-चढ़कर सहयोग प्रदान करेगी।

जस्टिस एलपीएन शाहदेव की पुण्यतिथि पर नेता प्रतिपक्ष ने श्रद्धांजलि दी

कांग्रेस मुक्त भारत की परिकल्पना के सबसे बड़े सूत्रधार हैं राहुल गांधीः अमर बाउरी

नवप्रदेश संवाददाता

रांची। नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने सूचना भवन कांके के पास जस्टिस एलपीएन शाहदेव की पुण्यतिथि पर बुधवार को उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इसके बाद कहा कि वास्तव में कांग्रेस की यह यात्रा न्याय यात्रा नहीं, बल्कि अन्याय यात्रा है। राहुल गांधी ने जब पिछली बार भारत जोड़ो यात्रा की थी तो उसका लगभग 90 प्रतिशत का लाभ भाजपा को हुआ।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की कांग्रेस मुक्त भारत की परिकल्पना के सबसे बड़े सूत्रधार राहुल गांधी ही हैं। असल में कांग्रेस की न्याय यात्रा अपने अन्याय को छिपाने के लिए है। यदि कांग्रेस चाहती तो वर्षों पहले झारखंड राज्य अलग हो गया होता लेकिन कांग्रेस ने ऐसा होने नहीं दिया। कांग्रेस अपने अन्याय, करतूतों को छिपाने के लिए ही यह न्याय यात्रा कर रही है।

बाउरी ने झारखंड के पुत्र और झारखंड आंदोलन में अपनी अग्रिम भूमिका निभाने वाले जस्टिस एलपीएन शाहदेव की पुण्यतिथि पर उन्हें याद किया। उन्होंने कहा कि जस्टिस एलपीएन शाहदेव झारखंड आंदोलन को बौद्धिक पहचान देने और बौद्धिक रूप से जनमानस को प्यार करने वालों में से थे। माटी के पुत्र का इतने बड़े ओहदे तक जाना हम सबको प्रोत्साहित करता है।

इस मौके पर विधायक सीपी सिंह, प्रदेश भाजपा प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव समेत अन्य भी उपस्थित थे।

झारखण्ड शिक्षा परियोजना, सिमडेगा
दूरभाष: 06525-225835 फैक्स: 225836
E-mail:- ssasimdega@yahoo.co.in

आवश्यक सूचना

PR 315605 Primary Education (23-24)_D

JHARKHAND FLYING INSTITUTE
(A SOCIETY OF CIVIL AVIATION DIVISION)
GOVT. OF JHARKHAND
STATE HANGAR, AIRPORT ROAD, HINOO,
RANCHI-834002 email:- govtfly.jfi@gmail.com

RECRUITMENT NOTICE

Notice Number- Vacancy-07/2023-JFI-04, Dated- 10.01.2024

Application are invited from eligible candidates to engage in Jharkhand Flying Institute on contract basis for the following posts-

Sl. No	Post	Qualification	Min. Experience	Age	Total Post	Consolidated Amount
01	Society Manager	MBA, DCA & Working knowledge on Power Point Presentation	02 Yrs	Not more than [illegible]	01	[illegible]
02	Account Officer	B.Com, DCA & Working knowledge on Excel sheet	02 Yrs	Not more than [illegible]	01	[illegible]
03	Office Assistant	Graduation, DCA & working knowledge on Power Point Presentation and Excel Sheet	02 Yrs	Not more than [illegible]	01	[illegible]

2. Candidate fulfilling the above eligibility may send their application/Resume duly affixing a recent photograph along with self attested photocopies of all concern certificates as per the details given above with attaching a DD of Rs. 500/- in the favour of Jharkhand Flying Institute, payable at Ranchi in a sealed envelope. The application must be submitted to Managing Director, Jharkhand Flying Institute, State Hangar, Civil Aviation Division, Birsa Munda Airport, Hinoo, Ranchi-834002 through registered/ Speed post only till 29-01-2024 (upto 05:00P.M.). Application received after this date will not be entertained.
3. If the applicant desire to apply for multiple post, then application and DD of Rs. 500.00 shall be sent separately in against the each post.
4. The suitable candidate will be selected by selection committee after scrutiny/interview/document verification. Finally selected candidate will be communicated individually through email/ registered post.
5. Undersigned has full right to withdraw/cancel/amend a part or whole of the recruitment notice/office order without assigning any reasons at any stage.
6. The above referred consolidated amount is fix remuneration subject to TDS deduction as per rule. No other financial benefit will be provided by the Institute.

Sd/-Managing Director
Jharkhand Flying Institute
(A Society of Civil Aviation Division)

PR315688 (Civil Aviation)23-24*D

मकर संक्रांति 15 जनवरी को, 16 से शुरू होंगे मांगलिक कार्य, झारखंड में मनेगा टुसू पर्व

रांची। मकर संक्रांति का त्योहार 15 जनवरी को मनाया जायेगा। साथ ही मांगलिक कार्य शुरू हो जायेंगे। एक माह के बाद सूर्य देव के उत्तरायण होते ही शहनाई गूंजने लगेगी। सनातनी दही-चूड़ा और खिचड़ी ग्रहण कर विभिन्न संस्कार के साथ नये कार्यों का शुभारंभ भी करेंगे। इस संबंध में पंडित रामदेव पाण्डेय ने बताया कि सोमवार को सूर्य देव तड़के दो बजकर 54 मिनट पर धनु राशि से निकलकर मकर राशि में प्रवेश करेंगे। अतः उदया तिथि के अनुसार, मकर संक्रांति का मान सोमवार को होगा। इसका पुण्यकाल सुबह 07:15 मिनट से शाम 06: 21 मिनट तक और महा पुण्यकाल प्रातः 07:15 मिनट से पूर्वाह्न 09: 06 मिनट तक रहेगा। उन्होंने बताया कि महा पुण्यकाल में गंगा स्नान, दान और पूजा-पाठ का विशेष महत्व है। इस दिन गंगा स्नान करके भगवान सूर्य को अर्घ्य देने से कष्टों से मुक्ति मिल जाती है। जीवन में सुख-सौभाग्य बना रहता है। उन्होंने बताया कि गंगा स्नान न कर पाने की स्थिति में जल में तिल डालकर स्नान करना भी श्रेयष्कर होगा। वैसे तो मकर संक्रांति का पर्व देशभर में विभिन्न नामों से मनाया जायेगा। दक्षिण भारत में पोंगल, पंजाब में इसे लोहड़ी और असम में माघ बिहू पर्व के रूप में मनाया जाता है लेकिन झारखंड में यह त्योहार टुसू पर्व के रूप में धूमधाम से मनाया जाता है। इस दिन कई ग्रामीण इलाकों में टुसू मेला लगता है। इसमें बड़ी संख्या में लोगबाग इसमें भाग लेकर खुशियां मनाते हैं। फसल काटने के बाद मनाया जाने वाला यह पर्व सबके लिए अलग महत्व रखता है।

विवाह के शुभ मुहूर्त : जनवरी : 16, 17, 20, 21, 22, 27, 28, 30 और 31

फरवरी : 04, 06, 07, 08, 12, 13, 17, 24, 25, 26 और 29

मार्च : 01, 02, 03, 04, 05, 06, 07, 10, 11, 12

जंगलों के भविष्य को खतरे में डाले बिना आमदनी के रास्ते तलाश करते रांची पहुंचे कर्नाटक के आदिवासी

परंपरागत औषधीय दवाई और प्राचीन चिकित्सा पद्धति से झड़ते बालों का ईलाज चर्चा का केंद्र बने हुए हैं मोरहाबादी मैदान में चल रहे सरस मेले में कर्नाटक के आदिवासी

सोमनाथ आर्य

रांची। मोरहाबादी मैदान में चल रहे खादी और सरस मेले में कर्नाटक के आदिवासी बने चर्चा का केंद्र बने हुए हैं। वे जड़ी बूटियों से बनाते है औषधीय तेल। भारत सरकार ने औषधीय गुणों से युक्त तेल को पेटेंट कर ट्रेड मार्क भी जारी कर दिया है। आजकल आदिवासी समुदाय के द्वारा निर्मित यह तेल सोशल मीडिया पर भी ट्रेंड कर रहा है। आदिवासियों के वर्षों पुरानी सभ्यता द्वारा प्राकृतिक जड़ी बूटी से निर्मित तेल सरस मेले में देखने को मिल रहा है। कर्नाटक मैसूर के ओमकारा आदिवासी हर्बल हेयर आयल का दावा है इस तेल से बाल और सर की त्वचा पर काफी फायदे होते है। ओमकारा आदिवासी हर्बल हेयर आयल से जुडी अरुणी ने बताया आजकल प्राकृतिक जड़ी-बूटियां विलुप्त होती जा रही है। यूँ तो बाजारों में कई सारे महंगे ब्यूटी प्रोडक्ट्स उपलब्ध है लेकिन ग्राहकों के मन में विश्वसनीयता को लेकर हमेशा एक सवाल रहता है। इसलिए हम आदिवासी समुदाय के लोग अपने साथ अपनी सभ्यता से जुड़ा एक तेल लेकर आए हैं। कर्नाटक के मैसूर आदिवासी अक्सर प्राकृतिक जड़ी-बूटियों से बने सामान को ही इस्तेमाल करते है। यह तेल कुल 101 जड़ी-बूटीयों को मिलाकर हाथों से ही बनाया जाता है।

कैसे हाथों से बनाया जाता है जड़ी-बूटी का तेल

ओमकारा आदिवासी हर्बल हेयर आयल से जुडी अरुणी ने बताया कि पहले हम आदिवासी इन जड़ी-बूटियों को इकट्ठा करते है। इसके बाद इन जड़ी बूटियों की कटाई होती है और फिर इनको धोया जाता है। इसके बाद इन जड़ी बूटियों को सूखने के लिए छोड़ दिया जाता है। जब जड़ी-बूटियां सूख जाती है तो फिर उन्हें अलग-अलग प्रकार के तेल में मिलाया जाता है। जैसे नारियल, अरंडी, सरसों आदि में इसको घोल दिया जाता है। इस पूरी प्रक्रिया में 6 से 7 घंटे का समय लग जाता है।

पुरुष और महिला दोनों के लिए ही बनाया जाता है ये तेल

अरुणी ने बताया कि झारखण्ड में हम आदिवासी तेल लेकर आए है। जिसमें आदिवासी जड़ी-बूटियां शामिल होती है। जंगल से जड़ी-बूटी लाने के बाद इसको घर में ही बनाया जाता है फिर पैक करके इस तेल को बेचा जाता है। लगभग इस औषधि तेल को बाजार में आये चार दशक से ज्यादा वक्त हो गया है। इस तेल को हम ऑल ओवर इंडिया बेचते है। यह सर के ऊपर के बाल को काला नहीं करता लेकिन जड़ से बाल को काला जरूर कर देता है। इसका कोई एक्सपाइरी डेट नहीं है इसमें नारियल तेल का इस्तेमाल किया गया है। इसके रत्ती भर का केमिकल नहीं है। इसके रक्तजड़ औषधि का दिव्य गुण है ।

गांव की महिलाएं कंपनी को बेचती है बाल

अरुणी ने बताया कि इस तेल को महिला और पुरुष दोनों लगाते है। वर्षों से मैसूर गांव की महिलाएं इस तेल को लगा रही है। गांव की ज्यादातर महिलाएं अपने बाल बढ़ाकर उन्हें कंपनी में बेच देती है फिर तेल लगाने से तीन महीने में ही लंबे बाल आने लगते है। गांव में लोग इसको एक तेल की तरह नहीं बल्कि दवा के तौर पर इस्तेमाल करते है। आदिवासी हेयर ऑयल का दूसरा सबसे बड़ा फायदा जो आपको देखने को मिलेगा वो ये की इसके एक ही इस्तेमाल से आपके 80% से ज्यादा हेयर फॉल कंट्रोल हो जाएंगे। ये तेल पूरी तरह से आपको बालों का झड़ना रोक देगा।

कर्नाटक बन रहा है आयुर्वेदिक उद्योग का केंद्र

भारत के दक्षिण पश्चिम क्षेत्र का राज्य कर्नाटक भारत के आईटी केंद्र होने के साथ-साथ आयुर्वेदिक उद्योग में भी अपना नाम कमा चुका है। कर्नाटक में कई सारी आयुर्वेदिक दवा निर्माता कंपनियां बस चुकी है। गांव के आदिवासी अक्सर जंगल की जड़ी बूटियों से तेल बनाकर बेचते है। इनमें मुख्य रूप सेमेथी, भृंगराज, आंवला लैवेंडर, एलोवीरा, ब्राह्मी, चिरायता, लाजवंती आदि शामिल होते है। तेल के अलावा भी कई प्रकार की औषधीय दवाई कर्नाटक राज्य में बनाई जाती है।

रांची उपायुक्त ने मतदाता जागरुकता वैन को झंडी दिखाकर किया रवाना

नवप्रदेश संवाददाता

रांची। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने बुधवार को मोरहाबादी स्थित बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम से मतदाता जागरुकता कार्यक्रम के तहत वैन को झंडी दिखाकर रवाना किया। मौके पर उपायुक्त ने कहा कि युवा मतदाता चुनाव में अपनी सहभागिता निभाए इसके लिए उन्हें विशेष रूप से जागरूक किया जाना चाहिए ताकि वे इस लोकतंत्र के महापर्व में वोट देकर एक जिम्मेदार नागरिक बनें। इसलिए, जागरुकता रथ रवाना किया गया है। इसका उद्देश्य है, जो युवा मतदाता पहली बार मतदान करेंगे वे इस मतदान की पूरी प्रक्रिया से रूबरू हो सकेंगे। क्योंकि, कई युवा मतदाताओं को जानकारी नहीं है कि कैसे मतदान करना है। यह रथ उनके लिए फायदेमंद रहेगा। उपायुक्त ने खासकर युवा मतदाताओं से अपील किया कि वे जागरुकता रथ का लाभ लें। साथ ही सभी मतदाताओं से मतदान करने की अपील की। उन्होंने विशेष रूप से कहा कि सभी मतदाता सूची में नाम जरूर दर्ज कराए और बूथ की जानकारी रखें। साथ ही कहा कि बुधवार से 19 फरवरी तक चलन्त वैन सेक्टर वार प्रत्येक मतदान केंद्र में जाएगा। मतदाताओं को वोट डालने की पूरी प्रक्रिया से अवगत करायेगा। इसमें वोट (डमी) भी डाल सकते है। इस जागरुकता रथ के साथ पुलिस बल, मजिस्ट्रेट और कर्मियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। साथ ही बीएलओ, सुपरवाइजर, सेक्टर पदाधिकारी और सेक्टर पुलिस पदाधिकारी को ईवीएम प्रदर्शन के दौरान मतदान केंद्र में उपस्थित रहेंगे। इस मौके पर कई पदाधिकारी मौजूद थे।

विभिन्न स्रोतों पर आयकर की कटौती एक महत्वपूर्ण विषय: कुमार संजय

नवप्रदेश संवाददाता

रांची। राष्ट्रीय कृषि उच्चतर प्रसंस्करण संस्थान कार्यालय नामकुम के परिसर में नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की ओर से बुधवार को हिन्दी कार्यशाला सह संगोष्ठी मुख्य आयकर आयुक्त कुमार संजय की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इसमें केंद्र सरकार के विभिन्न कार्यालयों से 125 कार्मिकों ने भाग लिया। मुख्य आयकर आयुक्त ने कहा कि विभिन्न स्रोतों पर आयकर की कटौती एक महत्वपूर्ण विषय है, जिसके बारे में सभी करदाताओं को जानना आवश्यक है।

इस अवसर पर संस्थान के निदेशक डॉ अभिजित कर भी उपस्थित थे। कार्यशाला के उद्घाटन सत्र को संचालित करते हुए, समिति के सदस्य सचिव डॉ सूर्यकांत सामल, सहायक निदेशक (राजभाषा) ने मंच पर उपस्थित अध्यक्ष एवं संस्थान के निदेशक का स्वागत किया और कार्यशाला के विभिन्न विषयों एवं उसके महत्व के बारे में बताया। निदेशक डॉ अभिजित कर ने कार्यशाला की उपयोगिता पर प्रकाश डाला।

कार्यशाला के प्रथम सत्र में मनोष झा ने विभिन्न स्रोतों पर आयकर की कटौती (टीडीएस) के विषय के बारे में अपना महत्वपूर्ण व्याख्यान प्रस्तुत किया। द्वितीय सत्र में (राजभाषा) केनरा बैंक की प्रबंधक अंकोता रानी, मुख्य तकनीकी अधिकारी डॉ अंजेश कुमार ने अपने अनुभवों को उपस्थित कार्मिकों के साथ साझा किया।

राज्य स्तरीय मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल कप प्रतियोगिता का उद्घाटन

नवप्रदेश संवाददाता

रांची। पर्यटन, कला, संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग के तत्वावधान में बुधवार से तीन दिवसीय झारखंड राज्य स्तरीय मुख्यमंत्री फुटबॉल कप प्रतियोगिता शुरू हो गई। 12 जनवरी तक खेली जाने वाली इस प्रतियोगिता का उद्घाटन विभागीय सचिव मनोज कुमार ने किया।

स्वागत भाषण विभागीय निदेशक सुशांत गौरव ने दिया जबकि मंच का संचालन वरीय प्रशिक्षक अजय झा ने किया। स्वागत प्रतियोगिता का आयोजन सचिव सह जिला खेल पदाधिकारी, रांची शिवेंद्र कुमार ने किया। मौके पर कई जिलों के जिला खेल पदाधिकारी एवं गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे। इस प्रतियोगिता में झारखंड राज्य के चार जोन यानि धनबाद जोन, दुमका जोन, चाईबासा जोन एवं रांची जोन की विजेता एवं उपविजेता पुरुष-महिला टीम भाग ले रही हैं।

पुरुष वर्ग के पहले मैच में रांची विजेता टीम ने संघर्षपूर्ण मुकाबले में सरायकेला खरसावां को तीन-दो से हराकर अगले चक्र में प्रवेश किया। दूसरे मैच में पाकुड़ विजेता बनाम धनबाद विजेता के बीच मैच ड्रा रहा दोनों टीमें एक-एक गोल से बराबरी पर रही।

तीसरे मैच में रांची विजेता ने धनबाद उपविजेता को 2-0 से हराकर अगले दौर में प्रवेश किया। चौथे मैच में रांची उपविजेता और सरायकेला खरसावां विजेता के बीच मैच 0-0 पर ड्रा रहा। महिला वर्ग का पहला मैच रांची विजेता टीम और पश्चिमी सिंहभूम के बीच हुआ जिसमें रांची 2-0 से जीत कर अगले चक्र में प्रवेश किया। दूसरे मैच में पाकुड़ ने बोकारो को 1-0 से हराकर अगले चक्र में प्रवेश किया। तीसरे मैच में रांची विजेता ने बोकारो को 1-0 से हराकर अगले चक्र में प्रवेश किया। चौथे मैच में धनबाद ने साहिबगंज को 3-0 से हराकर अगले चक्र में प्रवेश किया।

पीएलएफआइ सुप्रीमो दिनेश गोप के सहयोगी निवेश से पांच दिनों की ईडी ने मांगी रिमांड

नवप्रदेश संवाददाता

रांची। मनी लाउंड्रिंग के आरोप में पीएलएफआइ सुप्रीमो दिनेश गोप के सहयोगी निवेश कुमार से पूछताछ के लिए ईडी ने बुधवार को पांच दिनों की रिमांड ईडी के विशेष न्यायाधीश दिनेश राय से मांगी है।

बुधवार को ईडी की रिमांड पिटीशन पर आंशिक सुनवाई हुई। इस दौरान निवेश की ओर से उपस्थित अधिवक्ता वीरेंद्र प्रताप ने पांच दिनों की रिमांड मांगे जाने का विरोध किया जबकि ईडी की ओर से उपस्थित विशेष लोक अभियोजक आतिश कुमार ने कहा कि निवेश से पूछताछ जरूरी है। इसलिए पांच दिनों की रिमांड की मंजूरी दी जानी चाहिए।

इससे पूर्व गत आठ जनवरी को ईडी ने कोर्ट के माध्यम से ईडी ने निवेश को मेमो ऑफ अरेस्टिंग दिया था। इसके बाद बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार (जेल) भेज दिया था। एनआईए ने पीपुल्स लिबरेशन फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएलएफआई) उग्रवादी संगठन के खिलाफ झारखंड सहित चार राज्यों में 15 दिसंबर को छापेमारी की थी। इस दौरान एनआईए ने दो आरोपितों निवेश कुमार और सोनू पंडित उर्फ रमण को गिरफ्तार किया था। एनआईए ने पीएलएफआई उग्रवादी संगठन से जुड़े झारखंड, बिहार, मध्य प्रदेश और नई दिल्ली में कुल 23 स्थानों की तलाशी ली थी। इनमें झारखंड में 19 स्थान (गुमला, रांची, खूंटी, सिमडेगा, पलामू और पश्चिमी सिंहभूम जिले), बिहार (पटना जिला) और मध्य प्रदेश (सिद्धि जिले) में एक-एक स्थान और नई दिल्ली में दो स्थान शामिल हैं।

एनआईए ने जिन आरोपितों और संदिग्धों के खिलाफ कार्रवाई की, वे सभी झारखंड में पीएलएफआई के कैडर और समर्थक थे। वे हिंसक वारदातों और आतंकी गतिविधियों को अंजाम देने की साजिश में शामिल थे। छापेमारी के दौरान दो पिस्तौल, कारतूस (7.86 मिमी) तीन लाख रुपये समेत अन्य सामान बरामद किया गये थे।

अपहृत नाबालिग कोलकाता से सकुशल बरामद, दो गिरफ्तार

रांची। बरियातू थाना पुलिस ने अपहृत नाबालिग को कोलकाता से सकुशल बरामद किया है। मामले में दो आरोपितों मो माजिद रजा और मो अरबाज को गिरफ्तार किया गया है। घटना में इस्तेमाल किया गया ऑटो भी बरामद किया गया। सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने बुधवार को बताया कि 30 दिसम्बर को एक नाबालिग का अपहरण करने का मामला बरियातू थाने में नाबालिग की मां ने दर्ज कराया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी सुरेश कुमार मंडल के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी शाखा के सहयोग से कार्रवाई करते हुए नाबालिग को कोलकाता से बरामद किया।

रंगदारी की बढ़ती घटनाओं को लेकर एंटी एक्सटॉर्शन स्क्वाड का गठन

रांची। रांची जिला में रंगदारी की बढ़ती घटनाओं पर लगाम लगाने के लिए एंटी एक्सटॉर्शन स्क्वाड का गठन किया गया है। सिटी डीएसपी दीपक कुमार के नेतृत्व में इस टीम का गठन किया गया है। इसमें डोरंडा थाना प्रभारी आनंद किशोर प्रसाद, अरगोड़ा थाना प्रभारी बृज कुमार, सुखदेव नगर थाना प्रभारी विनोद कुमार, कांके थाना प्रभारी आभाष कुमार, रातू थाना प्रभारी सपन कुमार महता के साथ-साथ एसएसपी क्यूआरटी और टेक्निकल सेल के अफसरों और जवानों को शामिल किया गया है। डीआईजी अनूप बिरथरे ने बुधवार को बताया कि रंगदारी की घटना को देखते हुए रांची में डीएसपी सिटी के नेतृत्व में लेकर एंटी एक्सटॉर्शन स्क्वाड का गठन किया गया है। उन्होंने कहा कि किसी प्रकार की कोई भी रंगदारी मांगने की घटना आती है उसकी जांच एंटी एक्सटॉर्शन टीम करेगी ।

वीर गाथा परियोजना के तहत राज्य को तीन आयु वर्ग में मिले पांच पुरस्कार

नवप्रदेश संवाददाता

रांची। वीर गाथा परियोजना के तहत वीरता पुरस्कारों की घोषणा कर दी गयी है। राज्य को तीन आयु वर्ग में पांच पुरस्कार मिले हैं। कक्षा 6 से 8 वर्ग में अमन महतो और रौनक राज को पेंटिंग में, कक्षा 9 और 10 वर्ग में प्रतिवा सेन को पेंटिंग, कक्षा 11 और 12 वर्ग में हर्ष द्विवेदी और सुशांत कुमार ने पेंटिंग में पुरस्कार हासिल किया है। झारखंड ने वीर गाथा परियोजना 3.0 पुरस्कारों के लिए 72 प्रविष्टियां भेजी थी। छात्रों ने वीरता पुरस्कार विजेताओं पर कला, कविता, निबंध और मल्टीमीडिया जैसे विभिन्न मीडिया के माध्यम से विभिन्न परियोजनाओं को तैयार किया था, जिसे रक्षा मंत्रालय को भेजा गया था। जिला व राज्य स्तर पर मूल्यांकन के बाद इन परियोजनाओं को राष्ट्रीय स्तर के लिए भेजा गया था। राष्ट्रीय स्तर पर मूल्यांकन राष्ट्रीय स्तर की समिति ने किया, जिसका गठन शिक्षा मंत्रालय ने किया था।

राष्ट्रीय स्तर पर सुपर 100 का चयन

राज्यों से भेजी गयी प्रविष्टियों में टॉप 100 का चयन राष्ट्रीय स्तर पर किया गया। इन्हें सुपर 100 कहा जाता है। वीर गाथा परियोजना 3.0 के 100 विजेताओं (राष्ट्रीय स्तर पर) को चार अलग अलग कक्षा वर्ग श्रेणियों में पुरस्कार दिया जाता है। इनमें कक्षा 3 से 5, 6 से 8, 9 व 10, 11 व 12 के लिए शीर्ष 25 बच्चों का चयन होता है। प्रत्येक विजेता को रक्षा मंत्रालय की ओर से 10,000 रुपये कैश प्राइज और सर्टिफिकेट दिया जाता है।

वीर गाथा परियोजना के तीसरे संस्करण में आयी 4098 प्रविष्टियां

वीर गाथा परियोजना के तीसरे संस्करण में सभी 36 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 1.36 करोड़ से अधिक स्कूली छात्रों ने भाग लिया था। छात्रों ने सशस्त्र बलों के अधिकारियों, कर्मियों की बहादुरी और बलिदान को सम्मान देने के लिए, कविताएं, पेंटिंग, निबंध, वीडियो आदि के रूप में 4098 प्रविष्टियां भेजी। इनमें सर्वाधिक 720 प्रविष्टियां यूपी ने भेजी थी।

एक नजर

झारखंड हाई कोर्ट ने बिस्कोमान के एमडी को 12 जनवरी को दोबारा उपस्थित होने का दिया निर्देश

रांची। झारखंड हाई कोर्ट में बिस्कोमान कर्मी की सेवानिवृत्ति लाभ नहीं मिलने एवं कुछ अवधि के वेतनमान का भुगतान अब तक नहीं होने के मामले में दाखिल याचिका की सुनवाई बुधवार को हुई। जस्टिस संजय प्रसाद की कोर्ट ने बिस्कोमान के मैनेजिंग डायरेक्टर (एमडी) को पुनः 12 जनवरी को वर्चुअली उपस्थित होने का निर्देश दिया। कोर्ट ने एमडी को निर्देश दिया कि याचिकाकर्ता को बकाया राशि का भुगतान सुनिश्चित करें एवं अगली सुनवाई में जवाब दायर करें। दरअसल, दुमका, बिस्कोमान में कार्यरत विजय बहादुर सिंह 31 अगस्त, 2007 को सेवानिवृत्त हुए थे। बिस्कोमान की ओर से उन्हें कुछ अवधि का वेतनमान एवं सेवानिवृत्ति लाभ नहीं दिया जा रहा था। हाई कोर्ट द्वारा मामले में बिस्कोमान को नोटिस जारी किए जाने के बाद भी बिस्कोमान की ओर से कोई जवाब दाखिल नहीं हो सका था, जिस पर हाई कोर्ट ने पटना के एसपी को बिस्कोमान के एमडी को कोर्ट के समक्ष हाजिर करने का निर्देश दिया था। बुधवार को मामले की सुनवाई के दौरान एमडी बिस्कोमान कोर्ट के समक्ष वर्चुअल उपस्थित होकर कोर्ट में सशरीर उपस्थिति की बजाय वर्चुअल उपस्थित सुनिश्चित करने के लिए आवेदन कोर्ट के समक्ष दाखिल किया।

रांची में उत्पाद विभाग के हाजत में युवक की खुदकुशी के विरोध में सड़क जाम समाप्त

रांची। उत्पाद भवन के हाजत में युवक की खुदकुशी के बाद उसके परिजनों और आक्रोशित लोगों ने बुधवार को लालपुर चौक पर जाम लगा दिया। सूचना पर पहुंचे सिटी डीएसपी दीपक कुमार सहित अन्य पुलिसकर्मियों ने लोगों को समझा-बुझाकर जाम हटवाया। इस दौरान दो घंटे तक आवागमन बाधित रहा। वाहनों की लंबी कतार लग गईं। ट्रैफिक पुलिस और स्थानीय पुलिस ने वाहनों को दूसरे रास्ते से होकर निकलवाया। डीएसपी ने बताया कि लोगों को समझा-बुझाकर सड़क से जाम हटा दिया गया है। इससे पहले सात जनवरी को भी नितेश विश्वकर्मा उर्फ नितेश लोहरा के शव के साथ परिजनों ने लालपुर चौक को जाम कर दिया था। परिजन प्रशासन और सरकार से न्याय की मांग कर रहे थे। उल्लेखनीय है कि उत्पाद विभाग की टीम ने छह जनवरी को नितेश लोहरा सहित पांच लोगों को गिरफ्तार किया था। चार लोगों से फाइन लेने के बाद उनको छोड़ दिया गया लेकिन नितेश को उत्पाद भवन के हाजत में बंद कर दिया गया था। नितेश ने छह जनवरी की देर शाम उत्पाद भवन के हाजत के बाथरूम में खुदकुशी कर ली थी। दूसरी ओर उत्पाद विभाग ने इस मामले में तीन उत्पाद सब इंस्पेक्टर और एक सिपाही को लाइन हाजिर कर दिया है। इनमें उत्पाद सब-इंस्पेक्टर ललित सोरेन, पंकज कुमार, रूपेश कुमार और उत्पाद सिपाही रवि कुमार हैं।

फायरिंग मामले में पांच गिरफ्तार

रांची। राजधानी के तुपुदाना ओपी क्षेत्र के इंसलरी चौक के पास एक घर पर युवकों ने मंगलवार देर रात फायरिंग की। पुलिस इस मामले में पांच युवकों को गिरफ्तार कर पूछताछ कर रही है। अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है। बताया जा रहा है कि छह राउंड फायरिंग की गयी है। पुलिस ने घटनास्थल से तीन खोखा बरामद किया है। साथ ही तीन कार भी जब्त की है। डीएसपी राजा कुमार मित्रा ने बुधवार को बताया कि पुलिस पूरे मामले की जांच-पड़ताल कर रही है।

झारखंड हाई कोर्ट में विधायक समरीलाल और सुरेश बैठा मामले की सुनवाई आज

रांची। झारखंड हाई कोर्ट में 2019 विधानसभा चुनाव में कांके विधानसभा सीट पर कांग्रेस की टिकट से उम्मीदवार रहे सुरेश बैठा की इलेक्शन पिटीशन पर बुधवार को आंशिक सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की ओर से अदालत को बताया गया कि किसी भी व्यक्ति को आरक्षण का लाभ उसी राज्य में मिलता है, जिसमें उसका जन्म हुआ है। समरी लाल के नामांकन के समय ही आपत्ति की गई थी और किसी भी गवाह ने अपने बयान में इस बात का समर्थन नहीं किया कि वे यहां के निवासी हैं। अब इस मामले में अदालत गुरुवार को सुनवाई करेगा। याचिकाकर्ता सुरेश बैठा की ओर से हाई कोर्ट के अधिवक्ता विभास सिन्हा और अविनाश अखौरी ने कोर्ट के समक्ष पक्ष रखा। समरी लाल की ओर से अधिवक्ता कुमार हर्ष और सूरज किशोर प्रसाद ने पक्ष रखा। वर्ष 2019 के विधानसभा चुनाव में कांके विधानसभा की आरक्षित सीट से कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार सुरेश बैठा और बीजेपी के प्रत्याशी समरी लाल चुनाव लड़े थे। मतगणना के बाद भाजपा के प्रत्याशी समरी लाल को निर्वाचित घोषित किया गया, जिसके बाद सुरेश बैठा ने झारखंड हाई कोर्ट में याचिका दाखिल कर समरी लाल के निर्वाचन को रद्द करने की मांग की है।

राम, रामत्व और रामराज्य पुनर्प्रतिष्ठापना का आ गया समय : बिनोद बंसल

रांची। विश्व हिंदू परिषद के केन्द्रीय प्रवक्ता बिनोद बंसल रांची प्रवास के क्रम में बुधवार को रांची के प्रेस क्लब के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का स्वागत किया। प्रेस क्लब के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को अयोध्या का पूजित अक्षत और नूतन मंदिर का चित्र देकर 22 जनवरी 2024 को होने वाले 11 से एक के बीच का अनुष्ठान में सम्मिलित होने, अयोध्या जी के आरती के साथ महाआरती करने और रात्रि में भव्य दीपोत्सव मनाने के साथ-साथ अपने समय अनुसार अयोध्या जाने का निमंत्रण दिया गया। इस दौरान विनोद बंसल ने कहा कि राम, रामत्व और रामराज्य पुनर्प्रतिष्ठापना का समय आ गया। पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के कार्य में बनवासी-जनजाति बंधुओं का महत्वपूर्ण भूमिका रही है। बंसल ने कहा कि श्रीरामजी के युवा जीवन का 14 वर्ष वनों में रहने वाले सभी जनजातीय एवं वनवासी बंधुओं के बीच बिताये। उनके अधिकारों की रक्षा किये और उनके ऊपर हुए आघातों का विरोध करते हुए उनके साथ मिलकर लड़े। उसी कारण विद्वान, साधन-संपन्न और महापराक्रमी राक्षसों का राजा रावण पर विजय प्राप्त किये थे। उन्होंने कहा ऐसे भगवान बिरसा मुंडा की पुण्य भूमि को नमन करते हुए सभी जनजातीय और वनवासी बंधु-बांधवों को निमंत्रण करने आया हूं। उन्होंने कहा रामजी का प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम का विश्लेषण करना साधारण बात नहीं है। यह भारत ही नहीं विश्व में रहने वाले समस्त हिंदू समुदाय के लिए, यह विस्मरणीय पल होगा। अयोध्या जी में बनने वाला श्रीराम मंदिर राष्ट्र मंदिर के रूप में समस्त हिंदू जनमानस की चेतन को जगाता रहेगा। विहिप के प्रांत मंत्री डॉ वीरेंद्र साहू ने क्लब के सभी नवनिर्वाचित सदस्यों को बधाई देते हुए कहा कि प्रेस मीडिया आज हर विचार को दूत बनकर घर-घर और जन-जन तक पहुंचाता है, ऐसे विराट स्तंभ भगवान राम की भी प्रति श्रद्धा रख रहे हैं, यह भगवत कृपा के कारण ही संभव है। प्रेस क्लब के नवनिर्वाचित अध्यक्ष सुरेंद्र लाल सोरेन, सचिव अमरकांत, कोषाध्यक्ष कुबेर प्रसाद सिंह, सह सचिव रतनलाल, कार्यकारिणी सदस्य संजय, सुमन, मोनू कुमार, विजय कुमार मिश्रा,चंदन भट्टाचार्य को अंग वस्त्र देकर स्वागत किया गया।

मतदाताओं को जागरूक करने के लिए बेड़ो से मोबाइल डेमोंस्ट्रेशन वैन रवाना

नवप्रदेश संवाददाता

बेड़ो: भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर लोकसभा चुनाव को देखते हुए ईवीएम, वीवीपैट एवं मतदान के महत्व के संबंध में लोगों को जागरूक करने के लिए बुधवार को प्रखंड कार्यालय परिसर से प्रचार-प्रसार के लिए एलडीयुक्त मोबाइल वैन को निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी प्रदीप भगत नोडल पदाधिकारी संजीव कुमार सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह सीओ प्रताप मिंज बीडीओ संग्राम मुर्मू सांसद प्रतिनिधि धनंजय कुमार राय मुखिया सुशांति भगत ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मौके पर निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी प्रदीप भगत ने कहा कि मतदाता को मतदान करने का अधिकार है। मतदान की प्रक्रिया के संबंध में सभी जानकारियां मतदाताओं के पास अवश्य होनी चाहिए। इसी उद्देश्य से एलडीयुक्त मोबाइल वैन के माध्यम से मतदाताओं को जानकारी देने व ईवीएम तथा वीवीपैट आदि के संबंध में जागरूक करने का काम किया जाएगा। जन जागरूकता एवं प्रचार-प्रसार के लिए एलडीयुक्त मोबाइल वैन को मांडर विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत मतदान केंद्रों पर जाकर नागरिकों को ईवीएम वीवीपैट के बारे जागरूक कर अधिक से अधिक मतदान करने के लिए लोगों को जागरूक किया जाएगा। एलडीयुक्त मोबाइल वैन के साथ मास्टर ट्रेनर भी रहेंगे, जो ईवीएम तथा वीवीपैट की जानकारी देने के साथ-साथ मतदान की प्रक्रिया में भागीदारी बढ़ाने के लिए मतदाताओं को प्रोत्साहित करेंगे। उन्होंने बताया कि ट्रेनर द्वारा मतदाताओं को बताया जाएगा कि ईवीएम मशीन किस तरह वीवीपैट से कनेक्ट करने पर मतदाता मताधिकार का प्रयोग करने के बाद अपने मत की पुष्टि कर सकता है कि जिस प्रत्याशी को उसने वोट दिया है उसी को वोट मिला है या नहीं। उन्होंने कहा चुनाव के दौरान किसी प्रकार भी वोटिंग को लेकर मन में शंका या दुविधा की स्थिति पैदा न हो। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए यह वैन चलाई जा रही है, जिससे नई वोट बनाने वाले अर्थात पहली बार वोट डालने वाले यंग युवाओं को भी मदद मिलेगी। इसके साथ-साथ वृद्ध व वरिष्ठ नागरिकों को भी इस चुनावी प्रक्रिया को सरल तरीके से समझने प्रति जानकारी दी जाएगी।

प्रखंड प्रशासन की ओर से बेड़ो में ईवीएम संचालन और वीवीपैट की दी गई जानकारी।

इधर प्रखंड प्रशासन ने प्रखंड कार्यालय परिसर में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों व पदाधिकारियों का विशेष मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर बैठक किया गया। मौके पर निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी प्रदीप भगत ने कहा कि ईवीएम किस प्रकार काम करता है सफल मतदान हुआ है या नहीं इसकी जानकारी वीवीपैट द्वारा कैसे प्राप्त होती है इसकी जानकारी दी। मौके पर सत्येंद्र महतो आलोक मिश्रा,करमा उरांव, सत्येंद्र साहू,मुखिया लक्ष्मी कोया,सुनील कच्छप मो शमशाद सहित कई लोग मौजूद थे।

सीआरपीएफ, पुलिस अधिकारियों और कर्मियों को डीआईजी ने प्रशंसा पत्र देकर किया सम्मानित

खूंटी। भगवान बिरसा मुंडा की जयंती और जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर 15 नवंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खूंटी में आयोजित कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में अहम भूमिका निभाने वाले सीआरपीएफ के द्वितीय कमान अधिकारी प्रकाश रंजन मिश्रा और मृत्युंजय कुमार के अलावा जिला पुलिस बल के 14 अधिकारियों सहित 43 पुलिस कर्मियों को पुलिस उप महानिरीक्षक दक्षिणी छोटानागपुर क्षेत्र द्वारा प्रशस्ति पत्र दिया गया।

इन्हें किया गया सम्मानित

एसपी कार्यालय में बुधवार को आयोजित कार्यक्रम में जिले के पुलिस कप्तान अमन कुमार ने 94 बटालियन सीआरपीएफ खूंटी के द्वितीय कमान अधिकारी प्रकाश रंजन मिश्रा, द्वितीय कमान अधिकारी मृत्युंजय कुमार, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी खूंटी अमित कुमार पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय जयदीप लकड़ा, पुलिस केंद्र के परिचारी प्रवर रौशन मरांडी, पुलिस निरीक्षक शाहिद रजा और खूंटी के थाना प्रभारी इंस्पेक्टर पिंकू कुमार यादव को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

इसके साथ ही परीक्ष्यमान पुलिस उपाधीक्षक राम प्रवेश कुमार, एसआई पंकज कुमार दास, परिचारी उत्तम कुमार, महथा, एसआई कामेश्वर कुमार, एसआई मो इकबाल हुसैन, रितेश कुमार महतो, भजनलाल महतो, रवि कुमार सोनी, अजय कुमार शर्मा, उत्तम कुमार, पुष्पराज कुमार, अखिलेश कुमार, अनवर आलम, मो हसरत जमाल, सहायक अवर निरीक्षक आलोक रंजन, दिवाकर कुमार, पंचम उरांव, राजीव रंजन कुमार, मनोज कुमार सिंह मो जमाल अख्तर, कीर्ति भूषण महतो राहुल रंजन सहित अन्य पुलिस कर्मियों को भी एसपी ने प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया।

बिरसा कॉलेज में सरस्वती पूजा समिति का हुआ गठन, सौरभ साहू बने अध्यक्ष

खूंटी। बिरसा कॉलेज में वर्ष 2024 में सरस्वती पूजा के भव्य आयोजन को लेकर नई पूजा समिति का गठन किया गया। बुधवार को कॉलेज परिसर में आयोजित बैठक में छात्रों ने धूमधाम से सरस्वती पूजा करने के साथ ही भजन संध्या, विशाल भंडारा सहित कई प्रतियोगिताओं के आयोजन का निर्णय लिया गया। समिति में अध्यक्ष सौरभ कुमार साहू, उपाध्यक्ष कल्याणी कुमारी उपाध्याय, प्रवीण नाग और पवन कुमार, सचिव अनुज कुमार, सह सचिव अनामिका कुमारी, अजय जायसवाल और अमित कुमार महतो, कोषाध्यक्ष बिनोद कुमार प्रजापति, सह कोषाध्यक्ष धर्मेंद्र साहू, संरक्षक डॉ चंद्रकिशोर भगत, राजकुमार गुप्ता, डॉ अभिषेक कुमार, डॉ सुधांशु शर्मा, प्रकाश प्रामाणिक और कमलेश महतो बनाये गये हैं। इनके अलावा कार्यकारिणी सदस्य के तौर पर रवि शंकर साहू, नंदिनी कुमारी, विक्रम कुमार, आकाश रुंडा, निखिल कुमार, अमन सिंह, महेश साहू, कुमार ब्रजकिशोर, आकाश कुमार, राहुल कुमार को शामिल किया गया।

रातू हुआ राममय पुरे क्षेत्र में पूजित अक्षत का वितरण कर रहे लोग

नवप्रदेश संवाददाता

रातू । अयोध्या के श्री राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर पुरा रातू तथा आसपास का क्षेत्र राममय हो गया है। चारो ओर लोग नाचते गाते घर-घर पूजित अक्षत पहुंचा रहे है और लोगो को 22 जनवरी को दीपोत्सव मनाने की बात कर रहे है। बुधवार को गोबिंदनगर,केशवनगर, पिर्रा व एतवार बाजार के क्षेत्र में पूजित अक्षत घरो में पहुंचाया गया। विहिप, बजरंगदल के अलावे कई लोग क्षेत्रों के घर-घर जाकर पूजित अक्षत, मंदिर का चित्र व पत्रक पहुंचने का काम कर रहे है। गोबिंदनगर स्थित मंदिर के अर्शफी सिंह, शैलेश तिवारी ने सभी से आग्रह किया कि 22 जनवरी को सभी अपने-अपने घरों अथवा नजदीकी मंदिरों में श्री अयोध्या जी का मंदिर बनाकर दिन के 11:00 बजे से 2:00 बजे तक सामूहिक रूप से पूजा करें। साथ ही संध्या में पांच-पांच दीपक जलाकर अपने घरों में दीप उत्सव मनाए। इस पूजा अक्षत व चित्र प्रत्येक घरो में पहुंचाने वालो में विनय तिवारी,सुर्य नंदन सहाय, रविन्द्र नाथ शर्मा, रामदेव राय, हरिकिशोर दुबे, कमलेश सिंह, अरविंद सिंह, किशोर सिंह, राजीव सिन्हा, रामदयाल महतो, मुकेश पाठक सहित अन्य थे।

विकसित भारत के संकल्प को पूरा करना हम सबों की जिम्मेवारी: कोचे मुंडा

खूंटी। तोरपा के भाजपा विधायक कोचे मुंडा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2047 तक विकसित भारत का संकल्प लिया है और इसी को लेकर पूरे देश में विकसित भात संकल्प यात्रा निकाली जा रही है। हमारा भी दायित्व है कि प्रधानमंत्री के संकल्प को पूरा करने में हम भी भागीदार बनें। विधायक बुधवार को तोरपा प्रखंड के सुदंरी गांव में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आयोजित कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। मौके पर विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत एलईडी वाहन से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के संबोधन कों विधायक ने ग्रामीणों के साथ सुना। विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री का संकल्प है कि हमें हर हाल में 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र की श्रेणी में लाना है। उन्होंने कहा कि इसके लिए सबसे जरूरी है गांव और गरीबों का विकास। जब गांवों का विकास होगा तभी विकसित भारत का संकल्प भी पूरा होगा। कोचे मुंडा ने लोगों का आह्वान किया कि वे केंद्र सरकार की विकास योजनाओं की जानकारी गांव वालों को दें और उन्हें योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित करें।

सीटी बजाओ उपस्थिति बढ़ाओ अभियान आज से

खूंटी। सचिव, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखंड सरकार से प्राप्त निर्देश के आलोक में सीटी बजाओ उपस्थिति बढ़ाओ अभियान के तहत विद्यालयों में बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने को लेकर बुधवार को जिला शिक्षा पदाधिकारी डॉ अतुल कुमार चौबे की अध्यक्षता में जिला स्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला शिक्षा अधीक्षक प्रवीण कुमार सहित सभी प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी और प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी उपस्थित थे। सीटी बजाओ उपस्थिति बढ़ाओ अभियान के सफल संचालन कों लेकर बुधवार को सभी प्रखण्डों में भी प्रखण्ड स्तरीय विशेष बैठक का आयोजन किया गया। अड़की प्रखण्ड में जिला शिक्षा अधीक्षक द्वारा 11 जनवरी को आहूत कार्यक्रम की तैयारी की समीक्षा की गई और इसे सफल बनाने का निर्देश दिया गया।

चाईबासा में नक्सलियों ने मुखबिरी के शक में की हत्या

पश्चिमी सिंहभूम(हि.स.)। चाईबासा में नक्सलियों ने अपने ही एक पुराने साथी की हत्या कर दी।नक्सलियों को शक था कि वह संगठन के राज पुलिस तक पहुंचा रहा था। मृतक का नाम नेल्शन भेंगरा है। वह सारंडा जंगल क्षेत्र के जराईकेला थाना अन्तर्गत समठा गांव का रहे वाला था। वह लंबे समय तक नक्सल गतिविधियों में शामिल रहा। मई 2023 में एक सड़क निर्माण कंपनी से लेवी मांगने के आरोप में जेल में बंद था। दो माह पहले ही वह जेल से बाहर आया था।

मृतक की पत्नी के मुताबिक नेल्शन घर से करीब पांच सौ मीटर की दूरी पर स्थित एक निमार्णाधीन पुल साइट पर नाइट गार्ड का काम करता था। मंगलवार की शाम करीब सात बजे घर से खाना खाने के बाद ड्यूटी करने के लिए चला गया। सुबह घर से करीब दो सौ मीटर की दूरी पर पेड़ के पास उसके पति का शव पड़ा हुआ देखा, जहां पोस्टर रखा हुआ था। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



नेल्शन भेंगरा ना सिर्फ झारखंड बल्कि दूसरे राज्यों में भी नक्सल गतिविधियों में शामिल रहा। ओडिशा की बिसरा थाना पुलिस ने मई 2023 में एक सड़क निर्माण कंपनी से नक्सलियों के नाम पर लेवी मांगने के आरोप में उसे गिरफ्तार किया था। दो महीने के अंदर ही वह जेल से बाहर आ गया था। इसके बाद वह पुलिस के संपर्क में थे।

स्वर्ण रेखा वन पर्यावरण मेला सह मिलन समारोह का हुआ आयोजन

वन हमें हवा, पानी, लकड़ी, जलावन के साथ-साथ रोजगार का भी अवसर प्रदान करता हैं: राम टहल

ओरमांझी: प्रखण्ड क्षेत्र के चकला पंचायत में स्वर्ण रेखा वन पर्यावरण मेला सह मिलन समारोह का आयोजन सरना टोली बसुवा पत्रा,चकला में किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व सांसद रामटहल चौधरी ने महिला फुटबॉल, पुरुष फुटबॉल प्रतियोगिता में विजय खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। जिसमें पुरुष वर्ग सीएफसी चकला ने सीएफसी दरदाग को एक गोल से पराजित किया। वही महिला फुटबॉल में सीएफसी बारीडीह ने सीएफसी फुटबॉल क्लब दरदाग को दो एक से पराजित किया। मैराथन दौड़ पुरुष प्रतियोगिता 1000मीटर में प्रथम रविंद्र महतो,द्वितीय पुरस्कार रंजीत महतो, एवं महिला दौड़ प्रतियोगिता 900 मीटर में प्रथम स्नेहा कुमारी द्वितीय पुरस्कार रिया कुमारी एवं तृतीय पुरस्कार प्रिया कुमारी ने जीता। मौके पर मुख्य अतिथि पूर्व सांसद

रामटहल चौधरी ने कहा कि वन पर्यावरण हम सबको शुद्ध हवा पानी प्रदान करता है। जीव जंतु वन पर्यावरण पर निर्भर है। वन हमें हवा, पानी, लकड़ी, जलावन के साथ-साथ रोजगार का भी अवसर प्रदान करता हैं। लेकिन बचाने और लगाने के विषय में नहीं सोचते हैं। इस तरह वनरक्षाबंधन कार्यक्रम से हम सभी को संकल्प लेना चाहिए कि हम पेड़ पौधे को अन्य आवश्यक नुकसान नहीं पहुंचाएंगे। इस अवसर पर मुख्य रूप से जिला परिषद सदस्य सरिता देवी, उप प्रमुख रिजवान अंसारी, नागरिक परिषद के केंद्रीय अध्यक्ष रणधीर चौधरी, संरक्षक मोतीलाल महतो, अलखनाथ महतो, सुरेंद्र कुमार महतो, अंबिका महतो, अध्यक्ष अशोक महतो, मुकेश महतो, ग्राम प्रधान बालक पाहन ,नरेश महतो, बालेश्वर मुंडा, कुलदीप महतो, मुखिया शिवनाथ मुंडा, उप मुखिया उमेश महतो, उप मुखिया बनवारी लाल साहू, मुखिया प्रतिनिधि चांद बाबू, सरवन महतो, आफताब आलम, राम लखन महतो, सुंदरी देवी, संध्या देवी, लक्ष्मण महतो, सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के प्रकाशोत्सव के उपलक्ष्य में श्री गुरुनानक सत्संग सभा द्वारा प्रभातफेरी निकाली गई

रांची : गुरुद्वारा श्री गुरुनानक सत्संग सभा द्वारा आज पांचवें दिन मंगलवार को प्रभातफेरी सुबह छह बजे गुरुद्वारा साहब के दर्शन दिऊडी से निकलकर विजय कटारिया, चुन्नी लाल पपनेजा, गोपाल दास सरदाना, नानक चन्द्र अरोड़ा, मुकेश तलेजा,राजेंद्र मक्कड़ , नन्द किशोर अरोड़ा की गलियों तथा गेरा चौक होते हुए वापस दर्शन दिऊडी गेट पहुंचकर अरदास के साथ विसर्जित हो गई.फेरी के समापन पर संगत के लिए चाय नाश्ते का लंगर चलाया गया.

फेरी में शामिल स्त्री सत्संग सभा की बबली दुआ,नीता मिढ़ा, मंजीत कौर,रेशमा गिरधर ने नासरो मनसूर गुर गोबिंद सिंह, एजदी मनसूर गुर गोबिंद सिंह....... एवं मन पियारिया जिओ मितरा गोबिंद नाम समाले, मन पियारिया जी मितरा हर निबहै तेरे नाले....... तथा गोबिंद प्रीत लागी अत प्यारी..... जैसे कई शबद गायन करते हुए संगत को गुरवाणी से

जोड़ा.

सरदार भूपेंद्र सिंह ने निशान साहब उठाकर प्रभातफेरी की अगुवाई की. मनीष मिढ़ा ने श्रद्धालुओं के घरों के सामने अरदास की.

प्रभात फेरी में द्वारका दास मुंजाल, अर्जुन देव मिढा,अशोक गेरा, हरगोबिंद सिंह, डॉ सतीश मिढ़ा, मोहन काठपाल, सुरेश मिढ़ा,अनूप गिरधर, विनोद सुखीजा, जीवन मिढ़ा, महेंद्र अरोड़ा, बसंत काठपाल,प्रकाश नागपाल,मोहित झंडई,राकेश गिरधर ,रमेश तेहरी, आशु मिढ़ा, कशिश नागपाल, गगन सरदाना, अशोक तेहरी, नवीन मिढ़ा, राजेन्द्र मक्कड़, इन्दर मिढ़ा, गुलशन मिढ़ा, रौनक ग्रोवर, सूरज झंडई, विनीत खत्री, रिक्की मिढ़ा, हरीश तेहरी,भरत गाबा, अश्विनी सुखीजा, प्रताप तलेजा, पंकज मिढ़ा, हरीश मिढ़ा, हरविंदर सिंह, प्रकाश गिरधर, गौरव मिढ़ा,तनय काठपाल, अमन डावरा, पियूष मिढ़ा, उमेश मुंजाल, कमल मुंजाल, मोहित सुखीजा, मनीष गिरधर, अमन सचदेवा, ज्ञान मादन पोत्रा, प्रवीण मुंजाल, ज्ञान दुआ,चंदन गिरधर, मोहित मुंजाल, रवि नागपाल, बंसी मल्होत्रा, बिमला मिढ़ा, चांद नागपाल, कमलेश मिढ़ा, ज्योति मिढ़ा, मीना गिरधर, ममता थरेजा, श्वेता मुंजाल, कमलेश मुंजाल, गोविंद कौर, भजना देवी डावरा देवकी मुंजाल, दुर्गी मिढ़ा, हरपाल कौर मिढ़ा, उषा झंडई, नेहा मुंजाल, अंजना गिरधर, पलक थरेजा, अमन कौर, कंचन मिढ़ा, हरदेवी गिरधर, उर्मिला खत्री, बलबीर मिढ़ा, हर्षा मिढ़ा, प्रेमी काठपाल, शीतल अरोड़ा, हरनाम थरेजा, ममता थरेजा, सुषमा गिरधर, नीतू किंगर, स्वीटी सिडाना,जूली गाबा, इशिका काठपाल, रजनी तेहरी, ममता सरदाना, गुड़िया मिढ़ा, गूंज काठपाल समेत अन्य शामिल थे.

हिंदी की रोचकता और महत्ता को जानने पहचानने की जरूरत: सकलदीप भगत

खूंटी। मुरहू स्थित श्योर सक्सेस कोचिंग सेंटर में बुधवार को विश्व हिंदी दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हिंदी भाषा का महत्व और संस्कृति में योगदान विषय पर शिक्षकों तथा छात्रों ने अपने विचार प्रकट किए। निदेशक सकलदीप भगत ने कहा कि हिंदी देश को जोड़ने वाली भाषा है। 10 जनवरी को विश्व भर में हिंदी दिवस मनाया जाता है। हिंदी एक ऐसी भाषा है जो दुनिया भर के भारतीयों को आपस में जोड़ने का काम करती है। हिंदी को बढ़ावा देने के लिए पहला विश्वष हिंदी सम्मेलन 10 जनवरी 1975 को नागपुर में आयोजित हुआ था। इसके बाद पहला विश्व हिंदी दिवस 10 जनवरी 2006 को पूर्व प्रधान मंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के आदेश पर मनाया गया था। हिंदी से ही हिंदुस्तान है। विश्व की सबसे बड़ी भाषा हिंदी है। विद्यार्थियों को आधुनिकता एवं अंग्रेजीयत से अलग होकर हिन्दी की रोचकता और महत्ता को जानने पहचानने की जरूरत है। हर साल देशभर के लोगों को अपनी राष्ट्रभाषा के प्रति जागरूक करने के लिए हिंदी दिवस मनाया जाता है।

एक नजर

सांसद ने किया विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास

अनगड़ा। सांसद संजय सेठ ने बुधवार को अनगड़ा प्रखंड के विभिन्न गांवो में कई विकास योजनाओं का शिलान्यास किया। इसमें गोंदलीपोखर तालाब में छठ घाट निर्माण व सौंदर्यीकरण, सिरपा में पीसीसी सड़क निर्माण तथा बीसा व सिमलिया में श्मशान शेड निर्माण कार्य का शिलान्यास शामिल है। संजय सेठ ने कहा कि नरेंद्र मोदीजी के नेतृत्व में देश सशक्त होकर उभरा है. प्रधानमंत्री जी के प्रयासों से 500 वर्षों के बाद रामलला अयोध्या में स्थापित होने जा रहे हैं, यह उत्सव का समय है। मौके पर पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, भाजपा जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र महतो, रामनाथ महतो, जिपस अनुराधा मुंडा, मुखिया दुर्गा पाहन, सागर साहू, नीलकंठ चौधरी, शिवशंकर केशरी, दीपक सोनी, अजय महतो, मनोज कुमार चौधरी, प्रमोद सिंह, सुकर साहू, सुनील महतो, घनेनाथ महतो, राजेन्द्र महतो, जगेश्वर महतो, अमर केशरी, त्रिलोकी गोस्वामी आदि उपस्थित थे।

15 किसानों के बीच चना और सरसों का वितरण

अनगड़ा। कुच्चू पंचायत सचिवालय में बुधवार को चना और सरसों का वितरण किया गया। वितरण अनगड़ा पूर्वी के जिला परिषद सदस्य राजेन्द्र शाही मुंडा,मुखिया सहदेव बेदिया, पंसस जॉन तिग्गा और ग्राम प्रधान जयशंकर पाहन ने किया। इस मौके पर शंकरा बेदिया,गंभीर सिंह मुंडा, जयदेव बेदिया, पोचा बेदिया, जंगली देवी, जगनी देवी, अताऊल अंसारी, माजदा खातून, हरिपद भोगता, बिनोद बेदिया, सन्तोष बेदिया, अफसाना खातून, विजय बेदिया, चांदमनी देवी आदि उपस्थित थे।

त्रिवेणी अलमारी प्राइवेट लिमिटेड ने छह छात्रों का किया चयन

अनगड़ा। त्रिवेणी अलमारी प्रा लि ने उषा मार्टिन परिसर में बुधवार को कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया। जिसमें तीन स्तर प्री-प्लेसमेंट टॉक, ऑनलाइन साक्षात्कार, व्यक्तिगत साक्षात्कार और उम्मीदवारों के तकनीकी और पारस्परिक कौशल के आधार पर छह छात्रों का चयन किया गया। चयनित छात्रों में शिवम विश्वास, सूरज कुमार, संजू कुमार वर्मा, मनीष कुमार, अमन कुमार सिंह और यश कुमार का नाम शामिल है। इनका सालाना पैकेज 6.86 लाख रुपए होगा। चयनित उम्मीदवारों के लिए जॉब लोकेशन बिहार और झारखंड होगा। जिसमें विभिन्न सुविधाएं और लाभ शामिल है।

टाटी में खेलो सिल्ली का शुभारंभ 19 जनवरी को

अनगड़ा। टाटी मैदान में आजसू के खेल प्रभारी अमर सिंह मुंडा एवं शंकर मुंडा के नेतृत्व में एक बैठक आयोजन किया गया। बैठक में बताया गया कि 19 जनवरी को टाटी पंचायत में खेलो सिल्ली का शुभारंभ पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश महतो करेंगे। मौके सभी कार्यकताओं को उनकी जिम्मेवारी सौंपी गई। खेलो सिल्ली में फुटबॉल, कबड्डी, खो खो, बालीबॉल एवं एथलेटिक्स के खिलाड़ियों को एक बेहतर मंच देने की तैयारी है। बैठक में पार्टी के जिला सचिव शंकर बेदिया, पंचायत खेल प्रभारी सुखदेव बेदिया, सुरेंद्र हजाम, सिद्धू कान्हु क्लब के प्रखंड अध्यक्ष दीनदयाल बेदिया, विक्रम हजाम, सहजू बेदिया, महेंद्र बेदिया, छूटू मुंडा, गुराई महतो, रवि महतो, सीताराम रजवार, मोहन बेदिया, सुखदेव बेदिया, बिरसा उरांव, लखीचरण बेदिया, निरंजन बेदिया, लेदा बेदिया, सुबोध बेदिया, प्रदीप महतो, बबलू आदि उपस्थित थे।

सेवानिवृत्ति पर दो डाकपाल को दी गई विदाई

अनगड़ा। सिकिदिरी डाक घर के शाखा डाकपाल भुवनेश्वर प्रसाद गुप्ता और बक्सीडीह डाकघर के शाखा डाकपाल भानु प्रताप साहू को बुधवार को उनकी सेवानिवृत्ति पर सिकिदिरी डाक घर में विदाई दी गई। मौके पर डाक कर्मियों और पदाधिकारियों ने दोनों को धार्मिक ग्रंथ गीता व शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। भुनेशवर प्रसाद गुप्ता ने विगत 40 साल जबकि भानु प्रताप साहू ने 37 साल डाक घर में अपना योगदान दिया।

सिकिदिरी में डाक मेला का आयोजन : इधर,उतरी डाक प्रमंडल के तत्वावधान में सिकिदिरी बैंक मैदान में डाक मेला का आयोजन किया गया। इस दौरान ग्राहकों को सुकन्या योजना, सावधि योजना, महिला बचत सम्मान निधि, ग्रामीण डाक बीमा सहित डाक विभाग की सभी योजनाओं की जानकारी दी गई। इस अवसर पर उत्तरी डाक निरीक्षक रवि रंजन, डाक अधिदर्शक यशवंत शाहदेव, जगदीश लकड़ा, राजेश साहू, हीरालाल महतो आदि कर्मचारी उपस्थित थे।

12 सूत्री मांगों को लेकर यूनियन ने किया धरना-प्रदर्शन

अनगड़ा। झारखंड स्टेट इलेक्ट्रिक सप्लाई वर्कर्स यूनियन व समन्वय समिति सिकिदिरी के संयुक्त बैनर तले 12 सूत्री मांगों को लेकर बुधवार को स्वर्णरेखा जल विद्युत परियोजना सिकिदिरी कार्यालय के समक्ष कर्मचारियों ने धरना-प्रदर्शन दिया।अध्यक्षता इसरार हुसैन ने किया। यूनियन का एक प्रतिनिधि मंडल यूनियन के अध्यक्ष कन्हैया सिंह के नेतृत्व में परियोजना प्रबंधक विनय अंगिरा से मिलकर 12 सूत्री मांग पत्र सौंपा। धरना-प्रदर्शन के बाद एक प्रतिनिधि मंडल और परियोजना प्रबंधक के बीच वार्ता हुई।परियोजना प्रबंधक ने कहा कि वे कर्मचारियों से संबंधित मांगों की स्वीकृति के लिए बोर्ड मुख्यालय भेजेंगे।इस अवसर पर कार्यपालक अभियंता संजय कुमार सिंह,प्रवीण कुजूर,सहायक अभियंता संतोष कुमार,अतुल कुमार, व यूनियन की ओर से महामंत्री रामायण तिवारी, उप महामंत्री दीपक गिरी,केंद्रीय सचिव गोविंद राणा,शाखा सचिव राजेश कुमार,शाखा अध्यक्ष उदय कुमार चौरसिया,खीम राणा,मेराज आलम,शशि कपूर गुप्ता,हरिहर भोगता आदि शामिल थे।

रामकृष्ण मिशन द्वारा तिगरा में किसान गोष्ठी का आयोजन

रातू। दिव्यायन कृषि विज्ञान केंद्र रामकृष्ण मिशन आश्रम मोराबादी द्वारा बुधवार को तिगरा नयाटोली में किसान गोष्ठी सह प्रक्षेत्र दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया।गोष्ठी में सरसों की खेती के लिए खाद, बीज, कीटनाशी एवं छोटे यंत्र जैसे बैटरी,स्प्रेचर व सिंचाई मशीन का वितरण 100 कृषकों के बीच किया गया। किसानो को यह योजना मुख्य रूप से धान कटाई के बाद खाली पड़े खेतों में सरसों की खेती कर क्षेत्र विस्तार करने के लिए किया गया है। यह योजना सरसों के प्रसंस्करण के लिए 2018 से शुरू की गई है। 50 एकड़ क्षेत्र में सरसों के खेती बिरसा भाभा योजना के माध्यम से की गई है। यह किस्म बिरसा कृषि विश्वविद्यालय द्वारा निर्गत नई उन्नत किस्म है जिसकी उपज 18-20 क्विंटल प्रति हेक्टेयर है साथ ही यह 120 दिन में तैयार हो जाती है। तिगरा नयाटोली के कृषको का कहना है कि इस योजना से तैयार फसल में काफी उपज होती है पैसा भी हमें काफी मिलता है।कृषि विज्ञान केन्द्र की डॉ नेहा राजन ने सरसों के संबंध में विशेष जानकारी दी। कार्यक्रम में तिगरा ग्राम के प्रगतिशील किसान पंकज गोप, रामधन गोप विमल तिग्गा,चरखा उरांव, दशरथ महली के अलावे कई किसानो ने भाग लिया।

एक नजर

20 पैकेट अंग्रेजी शराब के सहित धंधेबाज गिरफ्तार

नवप्रदेश प्रतिनिधि दावथ। थानाक्षेत्र के सेमरी निवासी श्री भगवान साह के 42 वर्षिय बेटे, राजेश साह को 180 एमएल बैगपाइपर 20 पैकेट अंग्रेजी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया है.थानाध्यक्ष कृपाल जी ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर सेमरी गांव के राजेश साह के घर छापेमारी कर, 20 फ्रूटी पैक कुल 3.6 लीटर बैगपाइपर अंग्रेजी शराब के सांथ गिरफ्तार किया गया है। जिसे अग्रेतर कारवाई कर न्यायिक हिरासत में भेजा जाएगा।

विश्व हिन्दी दिवस पर सेमिनार का आयोजन



नवप्रदेश प्रतिनिधि बिक्रमगंज। स्थानीय शहर के इंदु तपेश्वर सिंह महिला महाविद्यालय, बिक्रमगंज के प्रांगण मे विश्व हिन्दी दिवस के उपलक्ष में एक सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार का उद्घघाटन महाविद्यालय के प्राचार्य डाक्टर विनोद कुमार सिंह एवं अध्यक्षता डाक्टर उपेन्द्र प्रसाद सिंह ने किया। संचालन डा.पुष्पा सिंह (हिन्दी विभागाध्यक्ष) ने किया। सेमिनार को सम्बोधित करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डाक्टर विनोद कुमार सिंह ने कहा कि हम सबो को गर्व होता है अपने मातृभाषा हिन्दी पर जो विश्व के कई देशों में बोला जाता है। विश्व के कई देश मेरे भाषा का अनुसरण करते है। सेमिनार मे करने वाले लोगों में प्रो उदय प्रताप सिंह, प्रो दिवाकर पाण्डेय, डा हरेन्द्र सिंह, प्रो इंदल सिंह (यूडुआर) प्रो शान्ति प्रकाश सिंह, प्रो चितरंजन सिंह, प्रो इफ्तिखार खा, प्रो साधना सिंह, प्रो सूबी कुमारी, प्रो निरजा सिंह, प्रो पुनम सिंह, प्रो पुष्पा रसिक, डा. अमरेंद्र सिंह सहित महाविद्यालय की छात्रा काजल कुमारी, चन्दा कुमारी, रूबी कुमारी, पुजा कुमारी, नेहा कुमारी सहित कई उपस्थित थे।

राज्य के 534 राजस्व अंचलों की रैंकिंग में दावथ दूसरे स्थान पर

नवप्रदेश प्रतिनिधि दावथ। बिहार प्रदेश राजस्व विभाग राज्य के पांच सौ चौंतिस राजस्व अंचलों के कार्यों के निष्पादन की स्थिति,के आधार पर,अंचलों की रैंकिंग कर रहा है.इसी क्रम में दिसम्बर महिने में दावथ राजस्व अंचल को राज्य में दूसरा स्थान प्राप्त हुआ है. मई, जुन व जुलाई 2023 की रैंकिंग में लगातार दावथ अंचल राज्य में पहला स्थान प्राप्त कर हैट्रीक लगा चुका है. पुनः अगस्त में तिसरा तो सितंबर महिने में दूसरा स्थान मिला था. गौरतलब है कि विभाग द्वारा प्रत्येक महिने राज्य के राजस्व अंचलों के विभिन्न कार्यों की समीक्षा कर रैंकिंग की जा रही है। जिसमें दावथ अंचल राज्य की रैंकिंग सूचि में लगातार एक से सातवें स्थान के बीच रहा है। दावथ में 14 दिसम्बर को आयोजित जनसंवाद के दौरान डीएम की उपस्थिति में एडीएम चंद्रशेखर सिंह ने मंच से दावथ अंचल के लगातार बेहतर प्रदर्शन की जानकारी दी थी। दाखील खारीज (म्युटेशन) आवेदनों का निष्पादन, पैमाईश वादों का निष्पादन, परिमार्जन, अभियान बसेरा, रैयत का आधार सिडिंग, अभियान बसेरा 2 सर्वे, व भूमि आवंटन, बंदोबस्ती भूमि पर दखल कब्जा दिलाना, ऑपरेटर प्रोफाइल, ऑनलाइन एलपीसी, सरकारी भूमि जलगाह आदि भूमि को अतिक्रमणमुक्त करने जल निकाय व अतिक्रमण वाद आदि कार्यों की समीक्षा राज्य स्तर पर करते हुए रैंकिंग की जाती है. राज्य के 534 अचलों में द्वितीय स्थान मिलने पर सीओ नवल कांत ने कहा कि इसमें अंचल के सभी कर्मियों ने आपसी सामंजस्य व टीम भावना से काम किया है। इसके लिए सभी अंचल कर्मियों को बधाई दिया है। वहीं रघुनाथ सिंह, अशोक तिवारी, डा. अजय सिंह, हरिहर राय, रामजी राय, मुखिया संजय सिंह, चंदन कुमार, राधामोहन सिंह, धनजी शर्मा, पैक्स अध्यक्ष रणजीत सिंह बीडीसी राजेश यादव आदि पंचायत प्रतिनिधि तथा राजनितिक व समाजिक कार्यकताओं ने सीओ के अथक प्रयास, और लगातार कार्य करने, यहां तक की देर शाम तक कार्य निष्पादित करने की सराहना करते हुए सीओ व अंचलकर्मियों को बधाई दिया है।

ठंड की चपेट में आने से छात्रा हुई बेहोश



नवप्रदेश प्रतिनिधि बेतिया। इन दोनों लगातार दिन प्रतिदिन ठंड बढ़ती ही जा रही है और इस ठंडी का शिकार कोई ना कोई होते जा रहा है विगत दिनों बढ़ती ठंड के कारण चेक पोस्ट के पास एक रिक्शा चालक की मौत हो गई थी कि सरकार को चाहिए कि कक्षा प्रथम से लेकर अष्टम तक के छात्र-छात्राओं का पठान पठान पढ़ती हुई ठंडी तक बंद रखा जाए जिससे छात्रों कि परेशानियां समाप्त हो और उनका स्वास्थ्य भी बचा रहे एक और ठंड की शिकार हुई छात्रा ज्योति कुमारी के पिता उमेश शाह का कहना था की क्या जिले के वरीय पदाधिकारियों को यह समस्या नहीं दिख रहा तो कुछ लोगों का यह कहना था कि बड़े हकीमी के बच्चे तो निजी शिक्षण संस्थानों में पढ़ते हैं और बंद कर पहिया गाड़ी से विद्यालय जाते हैं उन्हें क्या मालूम की गरीब के बच्चे किस हालत में ठंडी में विद्यालय जा रहे हैं कोई गांव में आकर देख तो एक गरीब के बच्चे किस परिस्थिति में इस बढ़ती हुई ठंड में विद्यालय जा रहे हैं खैर बात जो भी है जिला प्रशासन को चाहिए पढ़ती हुई इस कड़ाके की ठंड में बच्चों के प्रति कोई कदम उठाए।

सूर्यपुरा प्रीमियर लीग क्रिकेट टूनार्मेंट कराने को लेकर सदस्यों ने की बैठक

नवप्रदेश प्रतिनिधि सूर्यपुरा। प्रखंड मुख्यालय स्थित हाई स्कूल के खेल मैदान सह ग्रीन पार्क स्टेडियम में सूर्यपुरा प्रीमियर लीग के सदस्यों ने एक बैठक कर मकर संक्रांति के अवसर पर क्रिकेट टूनार्मेंट करने का निर्णय लिया। बैठक की अध्यक्षता एसपीएल के अध्यक्ष मो मजहरुल हक ने की वहीं उपस्थित सभी सदस्यों के सर्व सम्मति से निर्णय लिया कि मकर संक्रांति के अवसर पर 15 जनवरी से सूर्यपुरा क्रिकेट प्रीमियर लीग मैच का शुभारंभ होगा. जिसमें कल 16 टीमें भाग लेगी. यामाहा नॉकआउट होगा तथा सभी मैच आठ ओवर के होंगे और सभी मैच इट्स बॉल से खेला जाएगा इस टूनार्मेंट के सभी क्वार्टर फाइनल 10 ओवर दादा सेमीफाइनल 12 ओवर का और फाइनल मैच 16 ओवर का होगा सभी मैच के मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया जाएगा मानव शरीर को रेंजर साइकिल पुरस्कार में दी जाएगी वहीं फाइनल मैच जीतने वाली टीम को 12000 की नगद राशि एवं ट्रॉफी दी जाएगी तथा उपविजेता टीम को 4051 एवं ट्रॉफी दी जाएगी वही आगे बताया कि मैच में अंपायर का ही निर्णय सर्व मान्य होगा। बैठक का संचालन क्लब के उपाध्यक्ष विवेक कुमार यादव ने किया मौके पर सुमन चौरसिया लाली मुकेश विकास विशाल कुमार बृज केसरी बजरंगी कुमार गोविंद कुमार सत्यम कुमार गुड्डू कुमार अजय कुमार सोनू उर्फ लाली मौजूद थे।

भाजपा मंडल कार्यसमिति की संयुक्त बैठक आयोजित



नवप्रदेश प्रतिनिधि काराकाट। नगर पंचायत काराकाट के गोड़ारी यज्ञशाला में भाजपा मंडल कार्य समिति की बैठक की गई। जिसकी अध्यक्षता नगर अध्यक्ष विनोद पासवान एवं संचालन रंजीत बहादुर सिंह उर्फ अजीत सिंह ने किया। बैठक के पूर्व पं. दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तैलचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर श्रद्धासुमन अर्पित की गई। काराकाट लोक सभा के संयोजक एवं ओबीसी मोर्चा के जिलाध्यक्ष नवीन चंद्र साह ने सभी विषयों को बिंदुवार रखा। उसमें विकसित भारत संकल्प यात्रा श्रीराम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा सेवा कार्यक्रम बुथ सशक्तिकरण 12 जनवरी 2024 को स्वामी विवेकानंद की जयंती मनाने तथा 24 जनवरी को जननायक कपूर्री ठाकुर की जयंती मनाने का आग्रह किया गया। शिक्षा प्रकोष्ठ के महामंत्री डॉ मनीष रंजन ने प्रधानमंत्री योजनाओं के बारे में बताया। विश्वकर्मा योजना का आम जनता को लाभ लेने एवं दिलाने का आग्रह किया गया। पार्टी के महामंत्री विनीत पांडेय ने धन्यवाद ज्ञापन किया। मौके पर भाजपा के पदाधिकारी, बूथ अध्यक्ष, शक्ति केंद्र प्रभारी सहित हरिनाथ साह, संजय, सिकंदर पासवान, विमलेश तिवारी, सतीश कुमार, राजेश कुमार सिंह, गोपाल शर्मा, शैलेंद्र प्रसाद, मुन्ना प्रसाद सोनी, अखिलेश तिवारी, हरेंद्र सिंह, सुनील कुमार सिंह थे।

जिलास्तरीय राजस्व कार्यशाला का हुआ आयोजन

नवप्रदेश प्रतिनिधि बेतिया। राजस्व कार्यों का ससमय निष्पादन, लोगों की समस्याओं का त्वरित गति से नियमानुकूल समाधान कराने के उदेश्य से समाहरणालय सभाकक्ष में एक दिवसीय जिलास्तरीय राजस्व कार्यशाला का आयोजन किया गया। राजस्व कार्यशाला में मुख्य प्रशिक्षक के रूप में राधामोहन प्रसाद, विशेष सचिव (सेवानिवृत), बिहार प्रशासनिक सेवा उपस्थित थे। कार्यशाला का शुभारंभ मंत्री, गन्ना उद्योग विभाग, बिहार, आलोक कुमार मेहता द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया। जिलाधिकारी, पश्चिम चम्पारण, बेतिया, दिनेश कुमार राय द्वारा मंत्री एवं मुख्य प्रशिक्षक का स्वागत पुष्प गुच्छ देकर किया गया। साथ ही शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मंत्री, गन्ना उद्योग विभाग, बिहार ने कहा कि कार्यशाला का शुभारंभ कराने हेतु जिला प्रशासन को धन्यवाद। अच्छा महसूस हो रहा है, यह प्रासांगिक है। इस तरह के कार्यशाला से राजस्व कार्यों के निष्पादन में तेजी आएगी। उन्होंने कहा कि सरकार जिम्मेवारी पूर्वक आम जनता को खुश रखना चाहती है। राजस्व से संबंधित मामले कम से कम हो, इस हेतु कार्रवाई करनी है। उन्होंने कहा कि जनता राजस्व अधिकारियों, कर्मियों से काफी अपेक्षाएं रखती हैं। आपकी जिम्मेवारी के साथ-साथ आपका व्यवहार प्रबंधन बेहतर होना चाहिए। आम जनता के साथ फ्रेंडली व्यवहार करें। समस्याओं को लेकर आने वाले आमजनों को राजस्व नियमों से अवगत कराएं और नियमानुसार समाधान कराएं। वही मंत्री, गन्ना उद्योग विभाग, बिहार ने कहा कि मुख्य प्रशिक्षक के रूप में उपस्थित राधामोहन प्रसाद ने राजस्व से संबंधित कई दर्जनें पुस्तकें लिखी हैं। ये राजस्व मामलों के विशेषज्ञ हैं। इनसे सीखें। उन्होंने कहा कि अभियान बसेरा 2 सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है। सरकार का प्रयास है कि राज्य में वासरहित भूमिहीन नहीं रहें। इसके लिए राज्य सरकार द्वारा तीव्र गति से कार्य किया जा रहा है। इस लक्ष्य की पूर्ति के लिए इस जिले के राजस्व अधिकारी एवं कर्मी तत्पर रहें। जिलाधिकारी, दिनेश कुमार राय द्वारा राजस्व कार्यशाला के महत्व एवं आवश्यकता के संबंध में जानकारी दी गयी। उन्होंने कहा कि राजस्व विभाग सरकार के महत्वपूर्ण विभागों में से एक है। यह सरकार की रीढ़ है। म्यूटेशन, परिमार्जन, वासगीत पर्चा वितरण आदि कार्यों का निष्पादन इस विभाग द्वारा किया जाता है। आज पर्याप्त संख्या में राजस्व से संबंधित अधिकारी एवं कर्मी हैं। संसाधनों की उपलब्धता है। त्वरित गति से राजस्व कार्यों के निष्पादन के लिए अधिकारियों को लैपटॉप भी उपलब्ध कराया गया है। हम सभी का दायित्व है कि आमजनों को लाभान्वित करें। उन्होंने कहा कि राजस्व मामलों के त्वरित निष्पादन हेतु जिला प्रशासन द्वारा जिलास्तर, अंचलस्तर पर नियमित रूप से समीक्षा की जा रही है। राजस्व संबंधी मामलों के निष्पादन में तेजी लाने की आवश्यकता है। इन्हें ध्यान से सुने और लाभ लें। कार्यक्षेत्र में आने वाली परेशानियों से अवगत कराएं, इसका समुचित निदान सभी को बताया जायेगा। मुख्य प्रशिक्षक राधामोहन प्रसाद, विशेष सचिव (सेवानिवृत) द्वारा बिहार भूमि सुधार अधिनियम, 1950 के अनुसार जमीन्दारी का निहितीकरण एवं स्थानीय तंत्र के भू-राजस्व प्रशासन का सृजन, भूमि अभिलेखों के सृजन, अनुरक्षण में राजस्व कर्मचारी, अंचल अधिकारी का दायित्व एवं भूमिका, खास महल मैनुअल, 1953 का प्रावधान, विभिन्न पंजियों का अनुरक्षण, दायित्वों-कर्तव्यों का निहितीकरण, जमाबंदी पंजी का संधारण, नवीकरण, जमाबंदी पंजी का रि-राईट करना, जमाबंदी पंजी में अंकन का प्रावधान, जमाबंदी पंजी का पुर्नगठन, कम्प्युटराईज्ड जमाबंदी एवं और उसमें हुए गलत अंकन का परिमार्जन आदि को लेकर विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की गयी। इसके साथ ही गैरमजरूआ भूमि की बंदोबस्ती, पर्चा का रद्दीकरण, राजस्व कर्मचारी एवं अन्य की भूमिका, सिलिंग की भूमि की बंदोबस्ती, पर्चा रद्दीकरण, भूमि बंदोबस्ती किये जाने हेतु सक्षम प्राधिकारी, लोकभूमि, सामुदायिक उपयोग की भूमि से अतिक्रमण हटाना, जल निकाय की भूमि, श्मशान की भूमि, सार्वजनिक भूमि से अतिक्रमण हटाया जाना, लगान निर्धारण की कार्रवाई-बीटी एक्ट के अंतर्गत, काबिल लगान योग्य भूमि, बकास्त भिम, वाद अभिलेख का संधारण, भूमि अधिग्रहण, सतत लीज से प्राप्त भूमि का दाखिल-खारिज, दाखिल-खारिज कैसे करें आदि के संदर्भ में विस्तृत जानकारी दी गयी। कार्यशाला को अपर समाहर्ता, राजीव कुमार द्वारा संबोधित किया गया। अपर समाहर्ता द्वारा राजस्व से संबंधित महत्वपूर्ण बिन्दुओं की जानकारी प्रदान की गयी। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त, अनिल कुमार, अपर समाहर्ता, राजीव कुमार, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, अमरेन्द्र कुमार, प्रभारी पदाधिकारी, राजस्व शाखा, बेबी कुमारी, एसडीएम, बगहा, डॉ0 अनुपमा सिंह सहित सभी डीसीएलआर, सीओ, आरओ, अमीन आदि उपस्थित थे।

महज 1500 रुपए के लिए 7 वर्षीय मासूम की गला रेत कर हत्या

नवप्रदेश प्रतिनिधि मोतिहारी। घोर कलयुग आ गया जहां मात्र15 सौ रुपए के लिए जो अभी तक अपना बचपन भी सही से नहीं बिता पाया था ऐसे मासूम को धाराधार हथियार से गला रेत कर हत्या कर दी जाती है जो मानवता को शर्मसार कर रहा है तथा इंसानियत को झकझोर कर रख दिया बताते चले की छोड़ा दाना थाना क्षेत्र के हिरमनी गांव के विरत राम और ओवेश के बीच 15 सौ रुपए के लिए विवाद हुआ और इस विवाद का प्रतिशोध में विरत राम के पुत्र नीतीश कुमार उम्र 7 वर्ष की हत्या ओवेश, नुरुल होदा एव अनवर मियां द्वारा 7 जनवरी को धाराधार हथियार से गला काटकर हत्या कर दी जाती है और उसके शव को गांव के रामचंद्र साह के बाउंड्री में फेंक दी जाती है सूचना पर पुलिस पहुंचती है और इस प्रकार की हत्या को देखकर पुलिस भी दंग रह जाती है इस बात को लेकर मोतीहारी एसपी कांतेश कुमार मिश्रा ने रक्सौल डीएसपी धीरेंद्र कुमार के नेतृत्व में एक टीम का गठन पूरे मामले की जांच के लिए किया और पुलिस टीम ने पूरी तत्परता के साथ 48 घंटे में पूरे मामले का उद्वेदन कर डाला जिसमें यह मामला सामने आया कि महज 15सौ रुपए के लिए ओवेश एवं अन्य अपराधियों ने मासूम राहुल की हत्या धारदार हथियार से गला काटकर कर दिया घटनास्थल पर हत्या में प्रयुक्त किए जाने वाला खून से सना चाकू, मृतक के जैकेट, टी-शर्ट, पैंट बरामद हुआ वही इस मामले में सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर पुलिस ने जेल भेज दिया है अब सवाल या उठना है कि इस प्रकार इंसानियत को शर्मसार करने वाले अपराधियों को क्या न्यायालय फांसी की सजा देगी जो एक मासूम को इस प्रकार से हत्या कर दिये क्या हत्या करने से पूर्व उन्होंने नहीं सोचा की उनके घर में भी ऐसे छोटे-छोटे मासूम बच्चे होंगे इस प्रकार की घटना को अंजाम देने वालों को प्रशासन और न्यायालय दोनों को चाहिए कि फांसी के फंदे पर चढ़ा दें ताकि कोई इस प्रकार की घटना को करने से पहले उसकी रूह काम उठें।

नगर परिषद के विकास के लिए हमेशा तत्पर रहूंगी : शशी कुमारी

नगर परिषद बोर्ड की बैठक में कई प्रस्ताव पारित

नवप्रदेश प्रतिनिधि नगर परिषद के बोर्ड की साधारण बैठक मुख्य पार्षद शशि कुमारी की अध्यक्षता में संपन्न हुई, बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। मुख्य पार्षद शशि कुमारी ने कहा कि नगर परिषद के विकास के लिए हमेशा तत्पर रहूंगी। वही कार्यपालक पदाधिकारी रमन कुमार ने निर्णय से संबंधित जानकारी मीडिया को साझा करते हुए उन्होंने बताया कि बैठक में पार्षदों ने पिछले 27 अक्टूबर को सशक्त स्थाई समिति की बैठक में लिए गए निर्णय को संपुष्ट किया है। उन्होंने बताया कि घरेलू एवं व्यावसायिक प्रतिष्ठान हैं वहां से जो कचरा निकलेगा उसके मात्रा के हिसाब से उठाव की राशि वसूल की जाएगी। शून्य वेस्ट प्लांट शंकरपुर में लगेगा। जिस पर करीब 5-6 करोड रुपए खर्च किए जाएंगे। इस कार्य को इसी वर्ष के अंत तक करने का प्रयास है। बताया कि वेस्ट कचरा शंकरपुर में करीब 3.5 लाख टन जमा है जिसको डिस्पोज किया जायेगा। उसका पृथक्करण कैटेगरी वा इज होगा। खाद बनाने के साथ ही उसे कैटेगरी के मुताबिक डिस्पोज किया जाएगा। कार्यपालक पदाधिकारी ने बताया कि शहर के डेहरी बाजार में स्थित मछली मार्केट की बंदोबस्ती फिलहाल रद्द नहीं की जाएगी। खुली डाक करने से पहले यह निर्णय लिया गया है कि विभाग से आवश्यक मार्गदर्शन प्राप्त कर लिया जाए। अगले बजट प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान इसका प्रारूप बनाने एवं जनता के बीच सुझाव सलाह लेने का निर्णय लिया गया है। पार्षद अपने वार्डों में सभा करेंगे। बताया कि वर्ष 2021 में छठ पर्व पर खर्च हुई करीब 24 लाख रुपए की राशि का भुगतान करने का निर्णय लिया गया है। बताया कि आदर्श घाट बनाया गया था जिसका मामला न्यायालय में चल रहा था।

भाजपा की पवना में बैठक हुई आयोजित

नवप्रदेश प्रतिनिधि अगिआव भोजपुर। भारतीय जनता पार्टी द्वारा आरा लोकसभा के अगिऑव विधानसभा के अगिऑव मण्डल का मण्डल कार्यसमिति का बैठक पवना शक्तिकेन्द्र के पवना बाजार के शिव मंदिर के प्रांगण में आयोजित किया गया। जिसकी अध्यक्षता मण्डल संयोजक-रामाकांत चंद्रवंशी ने की बैठक में आगामी कार्यक्रम, संगठन और बूथ को और अधिक मजबूत करने, लोगों को अधिक-से-अधिक भाजपा में शामिल करने एवं अक्षत कार्यक्रम के बारे में बताया गया। इस बैठक में भाजपा जिला उपाध्यक्ष एवं अगिऑव विधानसभा प्रभारी-कौशल यादव, अगिऑव मण्डल महामंत्री-कुन्दन कुमार कुशवाहा, जय किशोर सिंह, मण्डल उपाध्यक्ष-उमेश सिंह कुशवाहा, सोनु कुमार कुशवाहा, इंद्रमणी सिंह, मण्डल कोषाध्यक्ष- राजकुमार सिंह, मण्डल युवा मोर्चा अध्यक्ष-सचिन कुमार सिंह, उदय कुमार, अरुण कुमार सिंह, मनु सिंह, नन्दलाल सिंह, सुमन कुमार सिंह, गौतम कुमार सिंह, राम छपित सिंह, रंजीत कुमार सिंह, नाथुन राय और कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे।

ऐतिहासिक वास्तुकला के साथ पुरातात्विक महत्व के दर्शनीय धरोहर हैं बेतिया राजकालीन मंदिर : गरिमा

नवप्रदेश प्रतिनिधि बेतिया। दशकों से उपेक्षित नगर पिउनीबाग शिव मंदिर की विशेष साफ सफाई की गई। देशभर में अयोध्या के श्रीराम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ की धूम मची है। इसी बीच नगर निगम क्षेत्र में स्थित बेतिया राज के विभिन्न मंदिरों की साफ सफाई और सौंदर्यीकरण की भी मांग जगह जगह से उठने लगी है। नगर निगम क्षेत्र के वार्ड 22 में स्थित भगवान शिव के ऐतिहासिक पिउनीबाग मंदिर के दशकों से उपेक्षित रहने और विशालकाल मंदिर परिसर में जंगल झाड़ी की ओट में जुआड़ी और असामाजिक तत्वों का अड्डा बनने की शिकायत स्थानीय लोगों से मिलने के बाद नगर निगम महापौर गरिमा देवी सिकारिया स्वयं बुधवार को दल बल सहित मंदिर परिसर में पहुंचीं और पूरे मंदिर परिसर की विशेष साफ सफाई का अभियान चलाया। ऐसा होते देखकर मंदिर के पुजारी और स्थानीय श्रद्धालुजन भी मंदिर परिसर की साफ सफाई में हाथ बंटाते दिखे। इस मौके पर महापौर सिकारिया ने मौके पर जमा लोगों से कहा कि पूरे देश विदेश में ख्यातिप्राप्त बेतिया राज काल में बने कुल दर्जन भर से भी अधिक सुंदर सुंदर मंदिर ऐतिहासिक होने के साथ उत्तम वास्तुकला और पुरातात्विक महत्व के दर्शनीय धरोहर हैं इसकी रक्षा करना और साफ सुथरा रखना एक एक बेतिया वासी की जिम्मेदारी है। इस मौके पर पंडित उमेश त्रिपाठी, विकाश कुमार, अनुज कुमार, शशिभूषण मिश्रा जी, कृष्णा पाल, हरेंद्र पटेल आदि उपस्थित रहे।

स्वास्थ्य उपकेंद्र समय से पूर्व बन्द होने से ग्रामीण हलकान में

नवप्रदेश प्रतिनिधि नासरीगंज। स्थानीय धनाव पंचायत भवन परिसर में स्थित हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर स्वास्थ्य उप केंद्र समय से पूर्व बन्द होने से ग्रामीण हलकान हो रहे हैं। ग्रामीण विनोद पासवान, सरयू पण्डित समेत अन्य ने बताया कि उन्हें आंख जांच समेत अन्य स्वास्थ्य समस्या को ले स्वास्थ्य केंद्र में दो बजे आने पर ताला बंद मिला जबकि ऊक्त केंद्र को पांच बजे तक खोलना है। ग्रामीणों ने कहा कि इनपर किसी का अंकुश नहीं है। मनमानी रवैया अपनाते हुए यह एक दो घण्टे खोल कर खानापूर्ति कर निकल जाते हैं।

पीजीआरओ एडीएम ने आरटीपीएस कार्यालय का निरीक्षण कर जायजा लिया



नवप्रदेश प्रतिनिधि नासरीगंज। स्थानीय प्रखण्ड सह अंचल परिसर स्थित आरटीपीएस कार्यालय का निरीक्षण बीडीओ मो.जफर इमाम की उपस्थिति में पीजीआरओ एडीएम संजय कुमार सिन्हा ने बुधवार को किया। कहा की सभी आरटीपीएस कर्मी पूरी तन्मयता, एकाग्रता एवं सेवा भावना से अपनी कार्यों को अंतिम रूप दें। ऊक्त निरीक्षण को आरटीपीएस कर्मियों में हड़कम्प मची रही। मौके पर आईटी प्रबंधक अजित कुमार, एमओ नैंसी कुमारी समेत बड़ी संख्या में आरटीपीएस कर्मी उपस्थित थे।

सेक्टर पदाधिकारियों की भूमिका और जिम्मेदारी अत्यंत महत्वपूर्ण : जिलाधिकारी

नवप्रदेश प्रतिनिधि बेतिया। आगामी लोकसभा आम निर्वाचन के निमित नगर निगम बेतिया के सभागार में जिले के 292 सेक्टर पदाधिकारियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम तीन दिन 10, 11 एवं 12 जनवरी को दो बैचों में संचालित किया जायेगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए जिला निर्वाचन पदाधिकारी, दिनेश कुमार राय ने कहा कि निर्वाचन को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने में सेक्टर पदाधिकारियों की महती भूमिका और जिम्मेदारी है। निर्वाचन का कार्य अत्यंत ही महत्वपूर्ण है। जिले के सभी सेक्टर पदाधिकारियों को तीन दिनों तक प्रशिक्षण दिलाया जायेगा। सभी सेक्टर पदाधिकारियों अच्छे तरीके से प्रशिक्षण प्राप्त करें। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण प्राप्त कर बेहतर तरीके से अपने कर्तव्यों एवं दायित्वों का निवर्हन सेक्टर पदाधिकारी करेंगे। निर्वाचन आयोग द्वारा जारी-दिशा-निदेर्शों के अनुरूप कार्यों को संपादित करना है। निर्वाचन कार्य में छोटी सी भी चूक नहीं हो, इसका विशेष ध्यान रखना है। प्रशिक्षण के दौरान सेक्टर पदाधिकारियों को चुनाव पूर्व, मतदान की पूर्व संध्या एवं मतदान के दिन किन-किन बातों का ध्यान रखना है, विस्तारपूर्वक जानकारी दी गयी। इसके साथ ही चुनाव प्रबंधन, कानून-व्यवस्था एवं शिकायत प्रबंधन, आदर्श आचार संहिता, चुनाव व्यय की निगरानी, मतदान प्रक्रिया, ईवीएम-वीवी पैट की कार्यप्रणाली, समन्वय, स्वीप सहित चुनाव के अन्य महत्वपूर्ण पहलूओं से सेक्टर पदाधिकारियों को अवगत कराया गया। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त, अनिल कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी, लालबहादुर राय सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

अयोध्या नगरी से पूजित पूजित अक्षत भव्य मंदिर का चित्र एवं निमंत्रण पत्र का वितरण

नवप्रदेश प्रतिनिधि सूर्यपुरा। प्रखंड अंतर्गत कमार्धाम गांव में बुधवार को मयार्दा पुरुषोत्तम श्री राम की अयोध्या नगरी से पूजीत अक्षत, बन रहे भव्य मंदिर का चित्र एवं निमंत्रण पत्र का वितरण घर-घर जाकर कार्यकताओं ने किया। प्रखंड के कर्मठ कार्यकर्ता विनय कुमार सिंह के नेतृत्व में अयोध्या से आए पूजित अक्षत मंदिर का चित्र का वितरण कर आगामी 22 जनवरी को घर-घर में दीप उत्सव मनाने के लिए कार्यकताओं से अपील किया वही बताया कि गांव के ग्रामीण अक्षत एवं निमंत्रण पत्र पूरी श्रद्धा के साथ स्वीकार करते हुए उक्त तिथि को पूरी आस्था एवं भक्ति भाव के साथ घर-घर में दीप जलाने का शपथ लिया. मौके पर रवीश कुमार सनी कुमार कन्हैया कुमार रंजीत सिंह अभिमन्यु कुमार अशोक सिंह के साथ है दर्जनों खर्च कताओं ने एकजुट होकर घर-घर में अक्षत वितरण कार्यक्रम में सहयोग किया।

संपादकीय

पड़ोसियों को भी देखे मालदीव

मालदीव ने चीन के चक्कर में फंस कर भारत से पंगा ले लिया है। मालदीव की अर्थव्यवस्था का मुख्य आधार पर्यटन है और उसके ज्यादातर पर्यटक भारतीय हैं। भारत से विवाद के बाद पर्यटकों ने मालदीव जाना कम कर दिया है। तो अब मालदीव के राष्ट्रपति राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू चीन की शरण में चले गये हैं और चीन से और ज्यादा पर्यटकों को मालदीव भेजने का अनुरोध किया है। उन्होंने चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के महत्वकांक्षी प्रोजेक्ट बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव की भी जमकर तारीफ की है। यह चीन की वही परियोजना है, जिसके चलते वह दुनियाभर के छोटे-छोटे देशों को अपने कर्ज के जाल में फांसता है। इन देशों पर चीन का कर्ज इतना ज्यादा हो जाता है, जिसका ब्याज चुकाने में भी वो असमर्थ होते हैं। इसका ताजा उदाहरण मालदीव का पड़ोसी श्रीलंका और पाकिस्तान हैं। अब चीन के कर्ज जाल में फंसने वाले देशों की सूची में भारत के हिमालयन पड़ोसी देश नेपाल का नाम भी शामिल हो गया है। हाल में ही खुलासा हुआ है कि चीनी कर्ज से बने पोखरा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर अब तक सिर्फ 5 अंतरराष्ट्रीय चार्टर उड़ानें ही उतरी हैं। इस हवाई अड्डे पर परिचालन 1 जनवरी 2023 को शुरू हुआ था। जब चीन ने पोखरा में अंतराष्ट्रीय हवाई अड्डे का निर्माण किया, तब उसने नेपाल को कई हसीन सपने दिखाए। चीन ने इस हवाई अड्डे को 10 लाख यात्रियों की क्षमता वाला बनाया है। लेकिन, यह हवाई अड्डा अब नेपाल के लिए बोझ बनता जा रहा है। इसका हाल श्रीलंका के हंबनटोटा हवाई अड्डे जैसा होता दिख रहा है, जो पिछले कई साल से वीरान पड़ा हुआ है। हंबनटोटा का हवाई अड्डा भी चीन ने ही बनाया है। यह हवाई अड्डा अपनी कमाई से सालाना बिजली का बिल तक नहीं भर पा रहा। पोखरा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर नागरिक उड्डयन प्राधिकरण कार्यालय ने खुलासा किया है कि पूरे वर्ष में केवल पांच अंतरराष्ट्रीय उड़ानें हुईं हैं। इस खुलासे ने पोखरा की इस महत्वाकांक्षी परियोजना की व्यवहार्यता और प्रभाव के बारे में चिंताएं बढ़ा दी हैं। पहली अंतरराष्ट्रीय उड़ान 18 जून को उतरी, जब चीन के चेंग्दू से सिचुआन एयरलाइंस का एक विमान यहां पहुंचा। इस विमान में फेवा झील में ड्रैगन बोट रेस फेस्टिवल में भाग लेने वाले 84 चीनी मेहमान सवार थे। हालांकि, उनकी वापसी की यात्रा काठमांडू से हुई। दूसरी अंतरराष्ट्रीय उड़ान 8 सितंबर को पोखरा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंची। यह ड्रुक एयर सर्विस की फ्लाइट थी, जिसने भूटान के पारो अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से उड़ान भरी थी। यह विमान केवल तीन यात्रियों को पोखरा लेकर आया और 42 विदेशी यात्रियों के साथ रवाना हुआ। नेपाल के नागरिक उड्डयन प्राधिकरण (सीएएएन) ने इसे पोखरा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे की पहली विदेशी वाणिज्यिक उड़ान के रूप में नोट किया। हालांकि, पोखरा आने वाले यात्रियों की कम संख्या से नेपाल में एयरपोर्ट अथॉरिटी को भारी निराशा हुई। मालदीव को इन हवाई अड्डों का हश्र देख लेना चाहिए। इसके साथ ही यह समझ लेना चाहिए कि चीन छोटे देशों को कमजोर बनाता है, उन्हें मदद नहीं करता।

सामयिकी

डॉग मीट पर बैन

मोहित चंदीला

साउथ कोरिया में डॉग मीट पर बैन से जुड़ा कानून पास हो गया है। संसद में इस कानून के पक्ष में 208 सांसदों ने वोटिंग की। विरोध में कोई वोट नहीं आया। कानून में कई धाराएं हैं। इनको धीरे-धीरे लागू किया जाएगा और पूरी तरह ये कानून 2027 में अमल में लाया जाएगा। एक रिपोर्ट के मुताबिक, साउथ कोरिया में डॉग मीट खाने की परंपरा करीब 110 साल पुरानी है। कई बार इस पर बैन की मांग और कोशिशें हुईं। हालांकि, कुछ ट्रेडर्स और कुछ इसके शौकीनों के चलते ये कोशिशें कामयाब नहीं हो सकीं। साउथ कोरिया में ज्यादातर लोग इस मीट बैन लॉ के बाद खुश हैं। कुछ ने तो जश्न भी मनाया और प्रेसिडेंट यून सुक ईओल का शुक्रिया अदा किया। उनकी पत्नी ने भी डॉग मीट बैन के लिए कैंपेन चला रहे संगठनों का खुलकर साथ दिया था। नए कानून के लागू होने के बाद डॉग ब्रीडिंग, स्लाटर हाउस (कसाईखाने) के साथ ही कुत्तों के बेचने और इनका मीट खाने पर रोक लग जाएगी। हालांकि, 2027 से ही कानून पूरी तरह लागू हो सकेगा। अगर किसी ने कानून तोड़ा तो उसे तीन साल जेल या जुमार्ना देना होगा। नए स्लॉटर हाउस और डॉग फॉर्म्स पर फौरन रोक लगा दी गई है। हालांकि सरकार के इस कदम से डॉग ट्रेडर्स नाराज हैं और कानून को अदालत में चुनौती देने की बात कह रहे हैं। साउथ कोरिया के एनिमल एक्टिविस्ट यूंग सियोन ने कहा कि मुझे उम्मीद नहीं थी कि इस जन्म में मुझे इतना बड़ा फैसला देखने मिलेगा। हमारे देश में 100 साल से ज्यादा हुए, लेकिन इस पर रोक नहीं लग सकी थी। कुछ लोगों का दावा है कि साउथ कोरिया के लोग स्टेमिना बढ़ाने के लिए डॉग मीट का सेवन करते हैं। खासतौर पर गर्मियों में इसका इस्तेमाल बहुत ज्यादा किया जाता है। 2021 में पहली बार इस पर रोक की कोशिश की गई थी। एग्रीकल्चर मिनिस्ट्री का दावा है कि 2022 में कुल 1100 डॉग ब्रीडिंग फॉर्म्स थे। इनमें हर साल 5 लाख 70 कुत्ते पैदा होते हैं। इन्हें देश के कुल 1600 रेस्टोरेंट्स में सप्लाई किया जाता है। दूसरी तरफ, कोरियन असोसिएशन ऑफ ईडेबल डॉग्स कहता है कि देश में 3500 में ब्रीडिंग फॉर्म्स हैं और इनमें हर साल 15 लाख कुत्ते पैदा होते हैं। यहां से 3 हजार रेस्टोरेंट्स में मीट सप्लाई होता है।

अर्थव्यवस्था का आधार बन रहे आस्था व अध्यात्म

प्रदीप मिश्रा

भारत में सैर सपाटा वाले प्रमुख स्थानों में 75 से 80 प्रतिशत से अधिक तीर्थस्थल हैं। मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम, योगेश्वर श्रीकृष्ण, देवाधिदेव महादेव, दुष्ट विनाशनी दुर्गा और काली के अलावा अमोघ आशीषों से आच्छादित हनुमान देशवासियों की आस्था के केंद्र रहे हैं। यही कारण है कि धीरे-धीरे तीर्थस्थल ही पर्यटन के प्रमुख स्थान बन गए।

अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की तिथि ज्यों-ज्यों करीब आ रही है, वहां के अभ्युदय, आख्यान, आस्था और अध्यात्म के साथ-साथ आह्लाद और अर्थात पर चातुर्दिक चर्चाएं तेज हो गई हैं। 2024 की जनवरी और विक्रम संवत 2080 का पुनीत पौष और फाल्गुन माह अयोध्या के दृष्टिकोण से सामाजिक चिंतन और राजनीतिक विचार-विमर्श का केंद्र बिंदु बन चुका है। अर्थव्यवस्था के अंकगणित के पैमाने पर भी समग्र आयोजन और प्रयोजन को परखा जा रहा है। देश में 20 लाख से अधिक मंदिर हैं लेकिन इस समय सबकुछ राममय है। सबसे ज्यादा मंदिर तमिलनाडु में हैं, जहां की सरकार की ओर से सनातन धर्म पर उठाए गए सवालों का सटीक जवाब देने का समय संभवतः सन्निकट है।

उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ की सरकार ने पर्यटन क्षेत्र के विकास के लिए 2023-24 के बजट में 10 लाख करोड़ रुपये का प्रावधान किया था। अयोध्या, काशी और प्रयागराज में विकास कार्यों के लिए अलग से व्यवस्था की गई। पर्यटन विभाग और धर्मार्थ कार्य विभाग क्रमशः 588 और 936 करोड़ रुपये से अकेले अयोध्या में ही कुंड, मठ और मंदिरों का जीर्णोद्धार करा रहा है। चित्रकूट, विंध्याचल, नैमिषारण्य, शुकताल, गोला गोकर्णनाथ, वृंदावन, बटेश्वर आदि में कॉरिडोर विकसित कर सुविधाएं बढ़ाने का प्रयास है। परिणाम, प्रदेश में 2022 में जो पर्यटक 31.85 करोड़ थे, सितंबर 2023 तक उनकी संख्या 32 करोड़ से अधिक हो गई। 9.54 लाख सैलानी विदेशी रहे। इस दौरान सबसे ज्यादा 8.42 करोड़ पर्यटक और श्रद्धालु वाराणसी पहुंचे। दूसरी पसंद प्रयागराज रही और 4.50 करोड़ पर्यटकों ने शहर देखा। 2.39 करोड़ श्रद्धालुओं के साथ तीसरे स्थान पर अयोध्या रही। प्रयागराज के आंकड़े अगले साल और अयोध्या के आंकड़े जल्दी ही बदल जाएंगे। 2025 में प्रयागराज में महाकुंभ होगा, जिसमें छह करोड़ श्रद्धालु पहुंचने की आशा है। इसी मंतव्य से वहां की साज-सज्जा और सुरक्षा के साथ ही सुगम मार्ग बनाए जा रहे हैं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों से 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा के बाद अयोध्या आने का आह्वान किया है। माना जा रहा है कि इसके बाद अयोध्या देश का सबसे बड़ा धार्मिक पर्यटन स्थल हो जाएगा। प्राण प्रतिष्ठा के बाद प्रदेश सरकार को यहां हर महीने दो करोड़ श्रद्धालु आने का अनुमान है। रामनगरी में 26 जनवरी से

26 दिन तक प्रतिदिन प्रत्येक राज्य से पांच-पांच हजार श्रद्धालुओं को दर्शन कराने की योजना है। सामान्य तौर पर एक पर्यटक ढाई हजार रुपये से अधिक खर्च करता है। इस आधार पर प्रत्येक वर्ष 55 हजार करोड़ रुपये की आमदनी होगी। अर्थव्यवस्था इससे सशक्त होगी। वाराणसी और अयोध्या के बीच श्रद्धालुओं के लिए हेलिकॉप्टर सेवा फरवरी में शुरू होगी, जबकि आगरा-मथुरा के बीच यह शुरू हो चुकी है।

अयोध्या का घटनाक्रम आर्थिक गतिविधियों और रोजगार के क्षेत्र में भी सफलता का नया अध्याय लिख रहा है। कंफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेड (कैट) का कहना है कि इस आयोजन से 50 हजार करोड़ रुपये का व्यापार होगा। इसके अंतर्गत श्रीराम मंदिर के मॉडल से लेकर मूर्तियां, पूजन सामग्री, घंटा-घड़ियाल, अगरबत्ती-धूपवत्ती, चंदन, चित्र, दीपक और गंगाजल की खरीदारी बढ़ेगी। अयोध्या की यात्रा इसमें सम्मिलित नहीं है। रेलवे ने आस्था स्पेशल ट्रेनें चलाई हैं तो लाखों यात्री अपने या सार्वजनिक साधनों से रामलला के दर्शन-पूजन कर स्वयं को अनुग्रहीत करेंगे। यहां यह भी जानना उपयुक्त होगा कि 2021-22 में अयोध्या से विभिन्न क्षेत्रों में 110 करोड़ रुपये का निर्यात हुआ था। 2022-23 में यह बढ़कर 254 करोड़ रुपये हो गया है। यही नहीं, अयोध्या में 2018-19 तक 28 हजार से अधिक रजिस्ट्री होती थीं, जो 2023-24 में अब तक 46 हजार पार हो गई हैं। यही स्थिति वाराणसी की है। यहां इसी अवधि में 40 हजार का आंकड़ा 72 हजार पहुंच गया है। तीर्थाटन के आंकड़े मात्र आंकड़े नहीं है। इनमें आस्था और अध्यात्म का अहम आधार है। उत्तराखंड को देवभूमि कहा जाता है। यहां की चारधाम यात्रा प्रसिद्ध है। घरेलू पर्यटकों में 44 फीसदी का उद्देश्य तीर्थयात्रा और धार्मिक यात्रा का होता है। 2022 में राज्य में पांच करोड़ लोग पहुंचे थे, जिसमें 3.8 करोड़ कांवड़िये और 45 लाख चारधाम के यात्री रहे। 2023 में वैष्णो देवी के दरबार में मत्था टेकने वालों की संख्या 97 लाख रही। 2022 में यह आंकड़ा 91.25 लाख था। 2012 में यहां पहली बार 1.04 करोड़ श्रद्धालु पहुंचे थे। बीते वर्ष 62 दिन चली अमरनाथ यात्रा में 4.45 लाख श्रद्धालु शामिल हुए थे,जबकि 2022 में यह संख्या 3.65 लाख थी। उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर में कॉरिडोर बनने के बाद पहली बार 8.10 लाख भक्तों ने दर्शन पूजन कर 2024 की शुरूआत की। एक दिन पहले यानी 32 दिसंबर को संख्या तीन लाख से अधिक थी। यही नहीं, तिरुपति बालाजी मंदिर में हर दिन 50 हजार से एक लाख के बीच श्रद्धालु पहुंचते हैं।

एक कालखंड में बुजुर्ग ही तीर्थयात्रा के लिए उपयुक्त पात्र माने जाते थे। वह भी तब, जब उनकी मनौती पूरी होती थी या और मांगने की इच्छा होती थी। बाद में इसमें बदलाव आया। फिर भी देशाटन, तीर्थाटन और पर्यटन साधनों, संसाधनों और सुरक्षा की कमी के कारण अनियमित था। अब श्रद्धालुओं की श्रेणी में युवक-युवतियां और बच्चे भी आ गए हैं। आर्थिक सामर्थ्य बढ़ने के कारण एक बड़ा वर्ग वर्ष में कम से एक बार पौराणिक, ऐतिहासिक, प्राकृतिक और सांस्कृतिक विरासत को सहेजने वाले स्थानों पर जाता है। तीर्थयात्री आने-जाने से लेकर परिवहन, होटल, धर्मशाला, भोजनालय आदि पर खर्च करने के साथ स्थानीय महत्व की स्मृतियां संजोने के लिए खरीदारी भी करते हैं।

यही कारण है कि हिमाचल प्रदेश में कुल्लू का दशहरा उत्सव देखने के लिए कोने-कोने से लोग पहुंचते हैं। इन्हें समझते हुए छत्तीसगढ़ की भूपेश बघेल सरकार ने राम की महत्ता को समझते हुए राम वन गमन पथ बनवाया। छत्तीसगढ़ को माता कौशल्या का घर माना जाता है। हरियाणा सरकार ने सूरजकुंड में दिवाली उत्सव मनाने की योजना बनाई है तो कुरुक्षेत्र में दो सौ करोड़ रुपये से अधिक खर्च कर ज्योतिसर पार्क खोला जा रहा है। यहां देश में पहली बार महाभारत की कहानी के वाचन के लिए आधुनिक प्रौद्योगिकी उपकरणों का प्रयोग किया जाएगा। जिले में 164 अन्य तीर्थस्थलों का विकास किया जा रहा है। कुरुक्षेत्र में 1989 में जिला स्तरीय गीता जयंती महोत्सव अब वैश्विक हो गया है। 24 दिसंबर 2023 को गीता जयंती के उपलक्ष्य में कोलकाता के ब्रिगेड परेड मैदान में एक लाख श्रद्धालुओं द्वारा गीता पाठ का विश्व रिकॉर्ड अविस्मरणीय हो गया है। असम में कामाख्या मंदिर के विकास कार्यों पर 500 करोड़ रुपये खर्च किए जा रहे हैं। महाराष्ट्र के कोल्हापुर में महालक्ष्मी मंदिर कॉरिडोर और नासिक से त्र्यंबकेश्वर तक सुविधाजनक मार्ग निमार्णाधीन है। यदि तेलंगाना में भगवान नृसिंह का मंदिर बन रहा है तो राजस्थान में गोविंद देव मंदिर और पुष्कर तीर्थ में सुविधाएं उपलब्ध कराने की कोशिश है।

तीर्थाटन का महत्व सरकारों को भी पता चल गया है। यही कारण है कि पंजाब सरकार ने नवंबर में गुरुनानक देव के प्रकाशोत्सव पर मुख्यमंत्री तीर्थ योजना शुरू की। इसमें तीन महीने तक 53,850 बुजुर्ग श्रद्धालुओं को देश भर के तीर्थस्थलों के दर्शन के लिए लाने-ले जाने से जुड़े सारे खर्च सरकार देगी। इस पर 40 हजार करोड़ रुपये खर्च का अनुमान है। मध्य प्रदेश के निवर्तमान मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने विधानसभा चुनाव से चंद दिन पहले अपनी तीर्थ दर्शन योजना में बड़ी सोच प्रदर्शित कर राज्य के 32 वृद्धजनों को दर्शन-पूजन के लिए हवाई जहाज से प्रयागराज भेजा। इससे पहले यह योजना हरियाणा और दिल्ली में भी चलाई जा चुकी है। दिल्ली सरकार ने 75 हजार लोगों को तीर्थयात्रा कराई थी।

भारत में सैर सपाटा वाले प्रमुख स्थानों में 75 से 80 प्रतिशत से अधिक तीर्थस्थल हैं। मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम, योगेश्वर श्रीकृष्ण, देवाधिदेव महादेव, दुष्ट विनाशनी दुर्गा और काली के अलावा अमोघ आशीषों से आच्छादित हनुमान देशवासियों की आस्था के केंद्र रहे हैं। यही कारण है कि धीरे-धीरे तीर्थस्थल ही पर्यटन के प्रमुख स्थान बन गए। पर्यटन पहले से अर्थव्यवस्था का अहम हिस्सा है। अब तीर्थाटन आस्था के साथ अर्थव्यवस्था का नया आधार बन गया है। यही कारण है कि इनके लिए सरकारें ब्रांडिंग और व्यवस्थाएं विकसित कर रही हैं। रोजगार और अर्थव्यवस्था पर इसका सकारात्मक प्रभाव पड़ा है। पर्यटन उद्योग की देश की जीडीपी में 9.2 प्रतिशत और रोजगार में 8.1 फीसदी हिस्सेदारी है।

(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

उच्च गुणवत्ता में भारत को दुनिया में अग्रणी बनाना



पीयूष गोयल

उपभोक्ता टिकाऊ वस्तुओं और घरों में उपयोग होने वाले अन्य उत्पादों पर कई गुणवत्ता मानदंड लागू किए गए हैं। इनमें स्मार्ट मीटर, बोल्ट, नट और फास्टनर, छत के पंखे, अग्निशामक यंत्र, कुकवेयर, बर्तन, पानी की बोतलें, पाइप्ड नेचुरल गैस के उपयोग के लिए घरेलू गैस स्टोव, लकड़ी आधारित बोर्ड, इंसुलेटेड फ्लास्क और इंसुलेटेड कंटेनर आदि शामिल हैं।

विनिर्माण क्षेत्र में 'जीरो डिफेक्ट, जीरो इफेक्ट' के संबंध में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान के अनुरूप उच्चतम वैश्विक मानकों को पूरा करने वाले उच्च गुणवत्ता के उत्पाद उपलब्ध कराने में भारत दुनियाभर में अग्रणी बनने की दिशा में अग्रसर है। प्रतिस्पर्धी दरों पर उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों की आपूर्ति 2047 तक भारत को एक विकसित देश बनाने के प्रधानमंत्री के मिशन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए ठोस कदम उठा रही है कि 'मेड इन इंडिया' ब्रांड गुणवत्ता की गारंटी हो, जो भारतीय और विदेशी उपभोक्ताओं के लिए आनंद का परिचायक बने। प्रधानमंत्री ने इस बात पर जोर दिया है कि एक लाभदायक बाजार तभी कायम रह सकता है जब उत्पादकों और उपभोक्ताओं के हितों में संतुलन हो। इस रणनीति का एक प्रमुख घटक गुणवत्ता नियंत्रण आदेश (क्यूसीओ) पर जोर देना है। इसके जरिये क्यूसीओ यह सुनिश्चित करता है कि सभी उत्पाद भारतीय मानक ब्यूरो के निर्धारित मानदंडों के अनुरूप हों। यह उन उपभोक्ताओं के लिए एक वरदान है, जिससे उपभोक्ताओं को उत्पादों तथा व्यवसायों के संबंध में विश्वसनीय, सुरक्षित और उच्च गुणवत्ता का भरोसा प्राप्त होता है। इसके जरिये घरेलू और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में बढ़ती मांग व उपभोक्ताओं की आकांक्षाओं को पूरा करने में मदद मिलती है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की डिजिटल इंडिया पहल ने 140 करोड़ भारतीयों के परिवार को दुनिया से जुड़ने और सर्वोत्तम उत्पाद व व्यवहार के बारे में जानने में मदद की है। वे किसी उत्पाद को खरीदने से पहले नियमित रूप से प्रदर्शन, स्थायित्व और निर्भरता के लिए ग्राहक समीक्षा की जांच करते हैं। यदि वे उत्पाद से असंतुष्ट हैं, तो वे सार्वजनिक रूप से कमियों को उजागर करते हैं। इसलिए, उत्पाद की गुणवत्ता, कीमत और नवीनता के बीच संतुलन बनाना समय की मांग है। मोदी सरकार सुरक्षित, विश्वसनीय व बेहतर गुणवत्ता वाले सामान उपलब्ध

कराने और भारतीय उत्पादों के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए एक मजबूत गुणवत्ता इको-सिस्टम विकसित करने पर केंद्रित है। मई 2014 से पहले, 106 उत्पादों को कवर करने वाले केवल 14 क्यूसीओ जारी किए गए थे। सूची को अब 653 उत्पादों को कवर करते हुए 148 क्यूसीओ तक बढ़ा दिया गया है। इनमें एयर कंडीशनर, खिलौने और जूते जैसे घरेलू उत्पाद शामिल हैं।

निर्यात पर गुणवत्ता नियंत्रण

क्यूसीओ ने 'मेक इन इंडिया फॉर द वर्ल्ड' के मिशन को गति दी है। क्यूसीओ के तहत कई उत्पादों का निर्यात किया जा रहा है। कच्चा लोहा उत्पाद, सौर डीसी केबल, दरवाजे की फिटिंग, छत के पंखे, हेलमेट, स्मार्ट मीटर, हिंजेस, एयर कूलर और एयर फिल्टर गुणवत्ता-नियंत्रित उत्पाद हैं, जो आयात किए जाने की तुलना में कहीं अधिक निर्यात किए जाते हैं। क्यूसीओ द्वारा कवर किए गए कास्ट आयरन उत्पादों का पिछले साल 535 मिलियन अमेरिकी डॉलर का निर्यात हुआ था, जबकि आयात मुश्किल से 68 मिलियन अमेरिकी डॉलर था। लगभग 25 क्यूसीओ में ऐसे उत्पाद शामिल हैं, जहां आयात से अधिक निर्यात होता है। यह स्पष्ट रूप से दशार्ता है कि क्यूसीओ भारत में मजबूत गुणवत्ता चेतना के निर्माण पर केंद्रित हैं। इससे देश में खराब गुणवत्ता वाले सामानों की डंपिंग को कम करने में भी मदद मिलती है। उल्लेखनीय है कि सर्वोत्तम गुणवत्ता वाली वस्तुओं तक पहुंच हमारे अमृत काल में प्रत्येक भारतीय नागरिक का अधिकार है। क्यूसीओ लोगों के स्वास्थ्य और सुरक्षा के लिए भी महत्वपूर्ण हैं। सस्ते इलेक्ट्रॉनिक्स के कारण आग लगने, खिलौनों में जहरीले रसायनों के कारण बच्चों के अस्पताल में भर्ती होने और बिजली के शॉर्ट-सर्किट जैसे जोखिमों के कारण घटिया उत्पाद घरों के लिए बेहद खतरनाक हो सकते हैं।

शानदार उदाहरण

गुणवत्ता-नियंत्रण कैसे उपभोक्ताओं और निमार्ताओं की मदद के लिए विनिर्माण को आमूल रूप से उन्नत कर सकता है, इसका एक शानदार उदाहरण खिलौना उद्योग है। इस क्यूसीओ के कार्यान्वयन से पहले, भारतीय खिलौना बाजार सस्ते, घटिया उत्पादों से भरा पड़ा था। वर्ष 2019 में भारतीय गुणवत्ता परिषद के एक सर्वेक्षण से पता चला कि मुश्किल से एक-तिहाई खिलौने प्रासंगिक बीआईएस मानकों का पालन करते हैं, और उनमें से अधिकांश बच्चों के लिए खतरनाक थे। यह मोदी सरकार के लिए पूरी तरह से अस्वीकार्य था, जिसने एक जनवरी, 2021 से इस क्षेत्र के लिए क्यूसीओ के साथ तेजी से हस्तक्षेप किया था। इससे भारत में खिलौनों की गुणवत्ता में काफी सुधार हुआ। एक हालिया सर्वेक्षण से पता चला है कि भारतीय बाजार में 84 प्रतिशत खिलौने बीआईएस मानकों का पालन करते हैं। क्यूसीओ ने न केवल भारतीय बच्चों को सुरक्षित, उच्च गुणवत्ता वाले खिलौने उपलब्ध कराए हैं, बल्कि 2018-19 की तुलना में 2022-23 में उनके निर्यात में 60 प्रतिशत की वृद्धि भी हुई है।

उपभोक्ता टिकाऊ वस्तुओं और घरों में उपयोग होने वाले अन्य उत्पादों पर कई गुणवत्ता मानदंड लागू किए गए हैं। इनमें स्मार्ट मीटर, बोल्ट, नट और फास्टनर, छत के पंखे, अग्निशामक यंत्र, कुकवेयर, बर्तन, पानी की बोतलें, पाइप्ड नेचुरल गैस के उपयोग के लिए घरेलू गैस स्टोव, लकड़ी आधारित बोर्ड, इंसुलेटेड फ्लास्क और इंसुलेटेड कंटेनर आदि शामिल हैं। सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए उद्योग प्रतिनिधियों सहित सभी हितधारकों से परामर्श करती है कि क्यूसीओ को लागू करने से पहले उनकी प्रतिक्रिया, तकनीकी इनपुट और व्यावहारिक सुझावों पर विचार किया जाए। यह सुनिश्चित करने के लिए विशेष ध्यान रखा जाता है कि सूक्ष्म एवं लघु इकाइयों को लंबी अंतरण अवधि देकर उनके हितों की रक्षा की जाए। सरकार उद्योग को अधिक प्रतिस्पर्धी बनने में मदद करने और उन निमार्ताओं का समर्थन करने के लिए हमेशा तैयार है, जो गुणवत्ता में सुधार करना चाहते हैं।

गुणवत्तापूर्ण उत्पाद

उत्पादों को वैश्विक मानकों के अनुरूप उन्नत करने का अभियान 140 करोड़ भारतीयों के अपने परिवार के जीवन की गुणवत्ता में सुधार लाने के प्रधानमंत्री के व्यापक दृष्टिकोण से जुड़ा है। उन्होंने स्वास्थ्य सेवा और बेहतर बुनियादी ढांचे के साथ-साथ रोटी, कपड़ा और मकान जैसी बुनियादी जरूरतें प्रदान करने के लिए कई निर्णायक कदम उठाकर उनकी आकांक्षाओं को पूरा किया है। उनके भावनात्मक, भ्रष्टाचार-मुक्त शासन ने विकास को गति दी है, मुद्रास्फीति को नियंत्रित किया है और भारत को विश्व स्तर पर उज्ज्वल बनाया है। उल्लेखनीय है कि पांच साल में करीब 13 .5 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले हैं। लोगों ने हाल के विधानसभा चुनावों में अपने मतदान से प्रधानमंत्री के उच्च गुणवत्ता वाले प्रशासन के प्रति विश्वास व्यक्त किया है। यह भारतीय निमार्ताओं के लिए एक मजबूत संदेश है। जब लोग चयन करते हैं - अपने मत से या अपने बटुए से - तो वे सर्वोत्तम गुणवत्ता चुनते हैं। याद रहे कि 'क्वालिटी इज फ्री' के लेखक फिलिप क्रॉस्बी ने एक बार कहा था: यदि आप गुणवत्ता से बाहर हैं, तो आप व्यवसाय से बाहर हैं।

(लेखक, केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग, उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री हैं।)

देश के लिए रामलला की प्राण प्रतिष्ठा गौरवशाली क्षण



आरके सिन्हा

हिंदुत्व और सनातन धर्मावलंबियों के लिए अयोध्या में राममंदिर का निर्माण तथा भगवान रामलला की प्राण प्रतिष्ठा एक गौरवशाली क्षण है और वर्तमान पीढ़ी बेहद भाग्यशाली है जो, इन ऐतिहासिक क्षणों की साक्षी बनने जा रही है।

अयोध्या या भारत ही नहीं, सारे संसार में राम की चर्चा है। भारत तो राममय हो ही चुका है। अयोध्या में आगामी 22 जनवरी को होने वाले राममंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के लिए जोर-शोर से तैयारियां चल रही हैं। लगभग 500 वर्ष के दीर्घकालीन वनवास के पश्चात प्रभु श्री राम पुनः पूरे विधि-विधान के साथ अपने जन्म स्थान में पुनः विराजमान होने वाले हैं।

भगवान राम फिर अयोध्या लौटे हैं लेकिन उनके उस जन्मस्थान पर आखिर सभी पंथ, सभी संप्रदाय के लोग समय-समय पर क्यों आते जाते रहे हैं? क्योंकि, राम किसी संकीर्ण विचारधारा से नहीं बंधे हैं। राम ही भारत की प्राणशक्ति हैं। राम ही धर्म हैं। मानव शरीर की श्रेष्ठता और उदात्तता का सीमांत राम से ही बनता है। हर व्यक्ति के जीवन में हर कदम पर जो भी अनुकरणीय हैं, वह राम ही हैं। इसीलिए तो यहां सिख गुरु नानकदेव भी आए और अयोध्या में जन्मे पांच जैन तीर्थंकरों ने भी अपने को राम की वंश-परंपरा से ही जोड़ा। बनारस से दलित संत रविदास भी रामदर्शन के लिए अयोध्या आए तो दक्षिण के आलावर संत भी। द्वैत सिद्धांत मानने वाले आचार्य भी। अद्वैत के प्रवर्तक शंकराचार्य और विशिष्टाद्वैत के बल्लभाचार्य भी अयोध्या आकर जन्मस्थान पर अपनी साधना में लीन रहे। निर्गुण कबीर भी राम को भजते हैं और सगुण तुलसी भी। भवभूति भी राम को जपते हैं।

तुकाराम से तिरुवल्लुवर तक के लिए राम पीड़ित, शोषित और वंचित की अभिव्यक्ति हैं। श्रीराम की अयोध्या कैसी है? अयोध्या लोकतंत्र की जननी है। आराधिका है। संरक्षिका है। अयोध्या का लोकतंत्र संविधान या परंपरा से नहीं आचरण की श्रेष्ठता से चलता है। अयोध्या का लोकतंत्र लोकमंगल से चलता है। और वहां बना राम मंदिर ? क्या जन्मस्थान पर बनी यह नई इमारत राजस्थान के बंसी पहाड़पुर के पत्थरों और कंक्रीट का महज एक मंदिर है? नहीं। ये बदलते भारत का प्रतीक है, जिसमें किसी अन्याय के प्रतिकार की ताकत है। इस मंदिर से हमारी परंपरा, संस्कृति, धर्म, सभ्यता, मान -सम्मान का गर्भनाल का रिश्ता है। अयोध्या का मंदिर श्रीराम का है। इस बीच, एक बात कहनी होगी कि अयोध्या में रामलला के मंदिर और प्राण प्रतिष्ठा की जिस तरह से तैयारियां उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की निगरानी में हुई उसकी जितनी प्रशंसा की जाए कम है। योगी आदित्यनाथ ने राज्य सरकार के कामकाज के साथ मंदिर निर्माण के काम को भी देखा। वे रोज काम की प्रगति की जानकारी लेते रहे और अपने मंत्रिमंडल के साथियों व अफसरों को जरूरी निर्देश देते रहे। उनकी पैनी नजर के चलते ही राममंदिर में चल रहा निर्माण कार्य वक्त रहते पूर्ण हुआ।

बहरहाल, अयोध्या श्रीराम की थी, श्रीराम की है और श्रीराम की ही रहेगी। श्रीराम भारत के कण-कण में हैं। हमारे भाव की हर हिलोर में श्रीराम हैं। राम यत्र-तत्र, सर्वत्र हैं। जिसमें रम गए, वहीं राम हैं। यहां सबके अपने-अपने राम हैं। गांधी के राम अलग हैं, लोहिया के राम अलग। बाल्मीकि और तुलसी के राम में भी फर्क है। भवभूति के राम दोनों से अलग हैं। कबीर ने राम को जाना, तुलसी ने माना, निराला ने बखाना। राम एक हैं, पर राम के बारे में दृष्टि सबकी भिन्न है। त्रेता युग के श्री राम त्याग, शुचिता, मयार्दा, संबंधों और इन संबंधों से ऊपर मानवीय आदर्शों की वे प्रति मूर्ति है, जिनका दृष्टांत आधुनिक युग में भी अनुसरण करने के लिए दिया जाता है।

मयार्दा पुरुषोत्तम राम आदर्श पुत्र, आदर्श राजा, आदर्श भ्राता ही नहीं वरन आदर्श पति भी हैं, जो आजीवन एकपत्नी व्रती रहे। भगवान श्री राम ने राजा होते हुए त्याग, संयम, धैर्य, सहयोग और प्रजा के प्रति सेवा भाव का सर्वोत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करते हुए पत्नी वियोग के साथ नाना प्रकार के कष्ट सहे। ईश्वरीय अवतार होने के बावजूद मनुष्य रूप में अनेक कष्ट सहने के बावजूद इतिहास ने भी उनके साथ कम अन्याय नहीं किया। माता सीता पर मिथ्या दोषरोपण के कारण राम द्वारा सीता का परित्याग एक मात्र ऐसा प्रसंग रहा, जिसके कारण आज भी प्रभु श्रीराम नारीवादियों के कटघरे में खड़े दिखाई देते हैं।

हालाँकि, मूल वाल्मीकि रामायण में सीताजी के त्याग का ऐसा कोई प्रसंग नहीं मिलता। ऐसा माना जाता है यह प्रसंग बाद में तत्कालीन लेखकों तथा कवियों ने रामकथा की दिशा को मोड़ने या यूं कहें राम की छवि को धूमिल करने और सनातन संस्कृति को नष्ट भ्रष्ट करने के लिए जोड़ा। ऐसा भी कह सकते हैं कि भविष्य में नारी के लिए मयार्दा और शुचिता के कड़े मानदंड स्थापित करने के लिए बाद में यह प्रसंग जोड़ा गया हो। लंका विजय के पश्चात अग्नि को साक्षी मानकर सीता माता को पूरे मन से अपनाने वाले प्रभु श्रीराम माता सीता का परित्याग करने के बजाय उनके साथ पुनः वनवास लेना अधिक श्रेयस्कर समझते। लेकिन, इस अनर्गल प्रसंग ने प्रभु श्रीराम को निरपराध कटघरे में खड़ा कर दिया। वाकई सीता माता के साथ अन्याय हुआ या नहीं यह तो अतीत के गर्भ में है परंतु यदि श्रीराम पर मिथ्या दोष लगाया गया है, तो वाकई इस सूर्यवंशी महान प्रतापी और मर्यादित राजा के साथ हर युग में अन्याय हुआ है।

इस बीच, कुछ ऐसे कथित ज्ञानी भी हैं जो श्रीराम को काल्पनिक मानते हैं। वैसे उनके कहने से क्या फर्क पड़ता है। फर्क तब पड़ता, अगर वे हजारों वर्ष से जिस प्रकार जीवित है, हयात है, साक्षात है, वह न होते। वे केवल जीवित ही नहीं हैं, उनके नाममात्र ने मुर्दा बना दिए गए राष्ट्र को ऐसा संजीवन कर दिया उसने विश्व सत्ता को अपने स्थान वापस कर दिया, जैसे वामन अवतार ने राजा बलि को। उनका नाम मात्र धर्म का पर्याय बन गया। दशरथ पुत्र श्रीराम से अधिक, कहीं गुना अधिक काम तो राम नाममात्र से हुए। गांधीजी ने साफ कहा कि वे इस बात में पड़ना ही नहीं चाहते कि राम ऐतिहासिक हैं या नहीं। उनके लिए रामनाम ही उनकी शक्ति और उनकी प्रेरणा थी।

खैर, हिंदुत्व और सनातन धर्मावलंबियों के लिए अयोध्या में राममंदिर का निर्माण तथा भगवान रामलला की प्राण प्रतिष्ठा एक गौरवशाली क्षण है और वर्तमान पीढ़ी बेहद भाग्यशाली है जो, इन ऐतिहासिक क्षणों की साक्षी बनने जा रही है । वर्षों से प्रभु श्रीराम जन्मभूमि का विवाद न्यायालय के समक्ष लंबित था जिसमें प्रभु श्रीराम एक वादी के रूप में थे। दीर्घकाल के वनवास के पश्चात प्रभु श्रीराम को अयोध्या में उनका अपना स्थान प्राप्त हुआ है।

(लेखक वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं।)

नीतीश ही होंगे पीएम उम्मीदवार : मधुकर सिंह

ललित मिश्रा/नवप्रदेश

बोकारो। जोहार नीतीश झारखंड के कोऑर्डिनेटर मधुकर सिंह ने दावा करते हुए कहा कि आइएनडीआइए गठबंधन के संयोजक प्रदेश के प्रधानमंत्री के उम्मीदवार नीतीश कुमार ही होंगे. नीतीश कुमार ने देशभर में घूम-घूम कर सभी पार्टियों को एक साथ लाने का काम किया है. ऐसे में लोग अपने-अपने तरह से बयान देते हैं, लेकिन प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार नीतीश कुमार होंगे. उन्होंने कहा की सीट शेयरिंग पर भी मामला सुलझ चुका है। अगली बैठक में सब तय हो जाएगा। आइएनडीआइए गठबंधन में नीतीश कुमार अपनी स्थिति को मजबूत करने के लिए जहां झारखंड में जदयू का प्रभाव बढ़ा रहे हैं। उन्होंने झारखंड के मतदाताओं को साधने का लक्ष्य रखा है। झारखंड में जनता दल यूनाइटेड अपनी पार्टी के विस्तार को लेकर लगातार प्रयासरत है. पार्टी के कार्यकताओं के साथ शीर्ष स्तर के नेता लगातार चर्चा कर रहे हैं और जरूरत के अनुसार दिशा निर्देश दे रहे हैं। इसी के मद्देनजर आज रांची से बोकारो जाने के दौरान जैनामोड में जदयू कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद खीरू महतो पहुंचे इसके बाद जिला अध्यक्ष प्रदीप महतो और कार्यकताओं ने बुके व माला पहनकर स्वागत किया वही खीरू महतो ने पत्रकारों से बातचीत की. और कहा की जोहार नीतीश झारखंड कार्यक्रम किया जा रहा है जिसमें बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार 21 जनवरी को झारखंड के रामगढ़ में सभा करने आ रहे हैं इस दौरान पुरे झारखंड से लोग शामिल होंगे और लोकसभा चुनाव को लेकर तैयारी में इंडिया गठबंधन और जदयू के कार्यकर्ता जुड़ जाएंगे लोकसभा सीट को लेकर झारखंड में राष्ट्रीय नेता इस पर विचार करेंगे। और झारखंड में जिस तरह से जदयू का जनाधार है निश्चित तौर पर सम्मानजनक सीट इंडिया गठबंधन के तहत मिलेगा और पूरे देश में एक माहौल बनेगा बता दे की लोकसभा चुनाव की तारीख जैसे-जैसे नजदीक आता जा रहा है वैसे-वैसे राजनीतिक हल चल तेज होती जा रही है चुनाव को लेकर देशभर किसी ऐसी पटिया एक्टिव मोड में है इसी तरह झारखंड में भी लोकसभा चुनाव और विधानसभा चुनाव को लेकर सियासी पारा जनवरी के ठंड में ही हाई हो गई है जिसको लेकर जदयू पूरे झारखंड प्रदेश में एक्टिव होकर काम करना शुरू कर दिया है।

बड़कागांव में अदाणी फॉउंडेशन का सेना और पुलिस बहाली प्रशिक्षण शुरू

हजारीबाग। गोंदलपुरा खनन परियोजना के तहत अदाणी फॉउंडेशन ने बड़कागांव प्रखंड के युवाओं के लिए सेना बहाली प्रशिक्षण के पहले बैच की शुरूआत कर दी है। खनन परियोजना के कार्यालय परिसर में आयोजित उद्घाटन समारोह में द्विस्तरीय स्क्रीनिंग के दौरान सफल पाए गए सभी 30 युवा मौजूद थे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित बड़कागांव सर्कल के इन्स्पेक्टर अनिल कुमार ने कहा कि अदाणी फॉउंडेशन का यह प्रयास सराहनीय है। इस ट्रेनिंग सह कोचिंग से प्रखंड के युवाओं को काफी लाभ मिलेगा। बड़कागांव के थाना प्रभारी विनोद तिर्की ने इसे बेहद अच्छा प्रयास बताते हुए कहा कि यहां से प्रशिक्षण पाकर युवा भारतीय सेना, अग्निवीर, सीआरपीएफ, बीएसएफ, आटीबीपी, सीआईएसएफ और पुलिस में बहाल होकर देश की सेवा में जा सकते हैं। इसके साथ पारा मिलिट्री फोर्सेस और राज्य पुलिस में भी उनका चयन होना आसान होगा। मौके पर मौजूद सभी युवाओं को निशुल्क ट्रेनिंग किट प्रदान किया गया, जिसमें ट्रैकसूट, जर्सी और स्पोर्ट्स शू शामिल थे। यह प्रशिक्षण सह कोचिंग छह महीने का होगा, जहां चयनित युवाओं को आवश्यक शारीरिक प्रशिक्षण दिया जाएगा। साथ ही नौकरी के लिए होने वाली लिखित परीक्षा की तैयारी भी कराई जाएगी। इसके लिए बड़कागांव हाई स्कूल मैदान में आयोजित स्क्रीनिंग टेस्ट में हरली, गाली, बलोदर, सुकुल खपिया, साढ़, शिवाडीह, ढेंगा और महुगाई कला के 160 युवाओं ने हिस्सा लिया था, जिसमें से 30 का अंतिम रूप से चयन किया गया। कार्यक्रम में मौजूद युवाओं ने कहा कि पहले वे कम दौड़ पाते थे लेकिन यहां प्रशिक्षण लेने के बाद से बेधड़क दौड़ लेते हैं। एक अन्य युवा ने कहा कि पहले पढ़ाई में मन नहीं लगता था लेकिन यहां आने के बाद पढ़ाई में दिलचस्पी बढ़ी है। इस मौके पर उप महाप्रबंधक संजय कुमार, उप महाप्रबंधक (सुरक्षा) पुण्डरीक मिश्रा, सेवानिवृत पुलिस उपाधीक्षक सूर्य कुमार सिंह और सीएसआर के उपप्रबंधक मोहित गुप्ता समेत अन्य लोग मौजूद थे।

ईवीएम डेमोंस्ट्रेशन सेंटर का डीसी ने किया उद्घाटन, वैन को किया रवाना

रामगढ़। लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के मद्देनजर मंत्रिमंडल (निर्वाचन) विभाग के निदेर्शानुसार पूरे राज्य में मतदाताओं को ईवीएम के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से 10 जनवरी से 28 फरवरी तक ईवीएम डेमोंस्ट्रेशन केंद्र एवं मोबाइल डेमोंस्ट्रेशन वैन के माध्यम से जागरूकता कार्यक्रम चलाया जाना है। इसी क्रम में बुधवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त चंदन कुमार ने समाहरणालय स्थिति ईवीएम डेमोंस्ट्रेशन सेंटर का फीता काटकर शुभारंभ किया। साथ ही ईवीएम मोबाइल डेमोंस्ट्रेशन वैन को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मौके पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त एवं जिले के अन्य वरीय पदाधिकारियों ने मॉक पोल करते हुए डेमोंस्ट्रेशन का जायजा भी लिया। ज्ञात हो कि पूरे जिले में डेमोंसट्रेशन के लिए दो ईवीएम डेमोंस्ट्रेशन सेंटर एक समाहरणालय एवं एक अनुमंडल कार्यालय में स्थापित किए गए हैं। वहीं लोगों को ईवीएम के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से दो ईवीएम मोबाइल डेमोंस्ट्रेशन वैन है। जिसमें एक वैन पूरे रामगढ़ जिले के सभी बूथों में जाकर लोगों को जागरूक करेंगी। एक सिर्फ पतरातू तथा मांडू प्रखंड के बूथों को कवर करेगी। मौके पर उप विकास आयुक्त रामगढ़, उप निर्वाचन पदाधिकारी, जिला योजना पदाधिकारी, श्रम अधीक्षक, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, अंचल अधिकारी पतरातू, आईटी मैनेजर सहित उपस्थित थे।

पुलिस की लापरवाही और साजिश के तहत उनके काफिले पर हुआ हमला : विधायक पुष्पा

पलामू। छतरपुर-पाटन की भाजपा विधायक पुष्पा देवी ने कहा कि पुलिस की लापरवाही और एक साजिश के तहत उनके काफिले पर हमला हुआ। हमलावरों की मंशा उनकी और उनके पति मनोज कुमार (पूर्व सांसद) की हत्या करने की थी। चालक की सुझबूझ और अंगरक्षक की सक्रियता से उनकी जान बची। उल्लेखनीय है कि 9 जनवरी मंगलवार की देर शाम पलामू जिले के छतरपुर थाना क्षेत्र के उदयगढ़ में एनएच 98 फोरलेन पर गुजरने के दौरान अज्ञात हमलावरों ने विधायक के काफिले पर हमला कर दिया था। जमकर पत्थरबाजी की थी। तीन से चार गाड़ियों को नुकसान पहुंचा था। विधायक और उनके पति ने किसी तरह भागकर जान बचाई थी। पुष्पा देवी ने बुधवार को परिसदन में पत्रकारों से कहा कि हमलावरों की संख्या 15 से 20 की रही होगी। हमले के दौरान तेज आवाज हो रही थी। फायरिंग भी करने की संभावना है। सारे लोग पेड़-पौधों की आड़ में छुपे हुए थे। विधायक ने कहा कि उनकी सुरक्षा को लेकर राज्य सरकार का कोई ध्यान नहीं है। पिछले चार वर्ष से एके 47 वाला अंगरक्षक की मांग करते आ रहे हैं लेकिन मुहैया नहीं कराया गया। दो बॉडीगार्ड एवं चार हाउस गार्ड के सहारे उनकी सुरक्षा है। पूर्व सांसद मनोज कुमार ने कहा कि उदयगढ़ से गुजरने से पहले सुरक्षा को लेकर एसपी-डीएसपी सहित अन्य पुलिसकर्मियों से बात हुई थी। सभी ने बताया था कि रास्ता क्लीयर है। सुबह से तथाकथित चालकों द्वारा सड़क जाम की जानकारी थी। इसके बावजूद ध्यान नहीं दिया गया। उन्होंने एक प्रश्न के जवाब में कहा कि राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता के कारण हमले की संभावना लगती है। लोग उनके पीछे मारो-मारो कहकर दौड़ रहे थे। उन्होंने पुलिस प्रशासन से मामले में बेहतर अनुसंधान कर हमले का कारण और दोषियों पर अविलंब कार्रवाई का अनुरोध किया। इस मौके पर भाजपा के कई नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

उपायुक्त ने कोडरमा और डोमचांच के विभिन्न विद्यालयों का किया औचक निरीक्षण

बच्चों को बेहतर शिक्षा प्रदान करना प्राथमिकता होनी चाहिए : उपायुक्त

नवप्रदेश संवाददाता

कोडरमा। उपायुक्त मेघा भारद्वाज द्वारा कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय कोडरमा, समर्थ आवासीय विद्यालय डोमचांच, राजकीय आदर्श उत्क्रमित उच्च विद्यालय, झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय व उत्क्रमित मध्य विद्यालय का औचक निरीक्षण किया गया। उपायुक्त महोदया द्वारा सर्वप्रथम कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय कोडरमा का निरीक्षण किया गया और अपने निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने विद्यालय के खाली मैदान को समतलीकरण कर खेल मैदान योजना लेने का निर्देश प्रखंड विकास पदाधिकारी कोडरमा को दिया। तत्पश्चात उपायुक्त ने क्लास 12वीं, 11वीं, 10वीं, 9वीं और 8वीं क्लास का निरीक्षण कर बच्चियों की दी जाने वाली शिक्षा की जानकारी ली। बच्चियों ने शिक्षा की कमी के बारे में बताया, इस पर उपायुक्त ने आरसेटी लैब में कोर्स से संबंधित पीपीटी के माध्यम से बच्चियों को पढ़ाने का निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि किन्हीं बच्चियों को कोर्स से संबंधित दिक्कतें हैं डाउटफुल सेंशन चलाकर उनके दिक्कतें को दूर करने का निर्देश वार्डेन को दिया गया। उन्होंने विद्यालय में स्थापित लैब व पुस्तकालय का जायजा लेते हुए शिक्षकों को लैब सेट करने का निर्देश दिया गया। कुछ क्लास में बच्चियों को बैठक के लिए बेंच व डेस्क नहीं होने पर उपायुक्त महोदया ने जिला शिक्षा पदाधिकारी को तत्काल बच्चियों के लिए बेंच व डेस्क की व्यवस्था करने का निर्देश दिये। उन्होंने शिक्षकों को निर्देश दिए की बच्चियों को बेहतर शिक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करें। इसके अतिरिक्त उपायुक्त महोदया ने विद्यालय में पानी की व्यवस्था को लेकर कहा कि बोरिंग की जांच करते हुए उसे मरम्मत करना सुनिश्चित करेंगे। इसके बाद उपायुक्त महोदया ने राजकीय आदर्श उत्क्रमित उच्च विद्यालय का निरीक्षण करते हुए विद्यालय का लैब और पुस्तकालय का जायजा ली, उपायुक्त ने लैब व पुस्तकालय की व्यवस्था सुद्दढ़ करने को कहा और नियमित रूप से लैस की क्लासेज चलाने का निर्देश दिये। समर्थ आवासीय विद्यालय डोमचांच में सोखता व शौचालय बनाने का निर्देश दिये। उपायुक्त महोदया ने झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय में खेल का मैदान योजना लेने को कहा गया। उपायुक्त ने सभी विद्यालयों का भ्रमण करते हुए सभी शिक्षकों को सख्त निर्देश देते हुए बच्चों को बेहतर शिक्षा प्रदान करना प्राथमिकता होनी चाहिए। इस मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी रिया सिंह, जिला शिक्षा पदाधिकारी नयन कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचल अधिकारी व अन्य मौजूद रहे।

बायोमेट्रिक मशीन से हाजिरी लगाएंगे चिकित्सा और स्वास्थ्य कर्मी : डीसी

व्यक्तिगत लाभ के लिए मरीज को निजी अस्पताल में किया रेफर, तो होगी कड़ी कार्रवाई

रामगढ़। जिले में स्वास्थ्य विभाग में मरीजों को हर वह सुविधा मिलेगी जो एक निजी अस्पताल में मिलती है। चिकित्सक और स्वास्थ्य कर्मी के गायब होने की शिकायत पूरी तरीके से दूर हो जाएगी। डीसी चंदन कुमार ने बुधवार को स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से आयोजित की गई बैठक में स्पष्ट किया कि चिकित्सक और स्वास्थ्य कर्मी बायोमेट्रिक मशीन से अपनी हाजिरी लगाएंगे। इस दौरान उपायुक्त में सर्वप्रथम सिविल सर्जन डॉक्टर महालक्ष्मी प्रसाद से विगत एक माह में लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के तहत किए गए कार्यों की जानकारी ली। मौके पर उपायुक्त ने विगत एक माह में एंबुलेंस सेवा 108 के तहत किए गए कार्यों से संबंधित प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

निजी लाभ के लिए रेफर हुआ मरीज, तो होगी कार्रवाई

उपायुक्त ने सदर अस्पताल सहित अन्य सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों में आने वाले मरीज को अन्य स्वास्थ्य संस्थानों में इलाज हेतु किए गए रेफर से संबंधित प्रतिवेदन भी उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने सिविल सर्जन सहित अन्य संबंधित अधिकारियों को सरकारी स्वास्थ्य संस्थाओं से रेफर होने वाले मरीजों पर विशेष ध्यान रखने एवं किसी भी मामले में व्यक्तिगत लाभ लेने के उद्देश्य से बिना किसी ठोस कारण के मरीज को किसी निजी संस्थान आदि में रेफर करने संबंधित मामला सामने आने पर कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

टीकाकरण के लिए कोल्ड चैन व्यवस्था हो

नियमित टीकाकरण संबंधित कार्यों की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने वर्तमान में कोल्ड चेन आदि की व्यवस्था की जानकारी लेते हुए सरकार द्वारा निर्धारित नियमों का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए वैक्सीन स्टोरेज का कार्य सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

मतदाता पुनरीक्षण को लेकर उपायुक्त द्वारा डोमचांच प्रखंड के विभिन्न मतदान केंद्रो का भ्रमण

नवप्रदेश, डोमचांच। उपायुक्त मेघा भारद्वाज द्वारा विशेष मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत डोमचांच प्रखंड के विभिन्न मतदान केंद्रो का भ्रमण कर बीएलओ द्वारा की जा रही कार्यों की जानकारी ली। इस क्रम में उन्होंने राजकीय आदर्श उत्क्रमित उच्च विद्यालय डोमचांच में स्थित मतदान केंद्र संख्या 275 व 276 व उत्क्रमित मध्य विद्यालय में स्थित मतदान केंद्र संख्या 260 का भ्रमण कर बीएलओ को निर्देश दिये कि फार्म 6,7 और 8 से संबंधित कार्यों को पूर्ण कर लें। साथ ही मतदाता सूची में नाम जोड़ने से संबंधित जानकारी ली और अभी भी छुटे हुए मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में जोड़ने का निर्देश दिये। उन्होंने मृत मतदाताओं का नाम मतदाता सूची से हटाने से संबंधित सूची की भी जानकारी ली। इस मौके पर जिला शिक्षा पदाधिकारी नयन कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचल अधिकारी रविंद्र कुमार पाण्डेय व अन्य मौजूद रहे।

एक नजर

आमजनों को दी गई मतदान प्रक्रिया की जानकारी

लोहरदगा। ईवीएम-वीवीपैट के प्रशिक्षण सह जागरुकता कार्यक्रम अंतर्गत ईवीएम मोबाइल के जरिए डिमांस्ट्रेशन का कार्यक्रम पेशरार और किस्को प्रखण्ड में आयोजित किया गया। किस्को प्रखण्ड के प्राथमिक विद्यालय परहेपाट, राजकीयकृत बालिका मध्य विद्यालय, राजकीयकृत मध्य विद्यालय किस्को, राजकीयकृत उत्क्रमित उर्दू मध्य विद्यालय होंदगा और पेशरार प्रखण्ड के तीन मतदान केंद्र क्षेत्र में यह डिमांस्ट्रेशन किया गया। आम लोगों को ईवीएम-वीवीपैट, मतदान की प्रक्रिया आदि की संपूर्ण जानकारी दी गई।

आठ प्रखंडों को भूमिगत पाइपलाइन के जरिए मिलेगा पानी

पलामू। अल्पवृष्टि से हर वर्ष जूझने वाले पलामू जिले को भूमिगत पाइपलाइन के माध्यम से विभिन्न जलाशयों-जल निकायों में आवश्यकता अनुसार पेयजल एवं सिंचाई का पानी उपलब्ध कराने के लिए योजना की स्वीकृति दी गयी है। 456 करोड़ 62 लाख 61 हजार में इस योजना को तैयार किया जायेगा। दो वर्ष के भीतर इस योजना को पूर्ण कर लेने का लक्ष्य रखा गया है। उतरी कोयल, औरंगा एवं सोन नदी से 31.397 एमसीएम जल लिफ्ट कर भूमिगत पाइपलाइन के माध्यम से पलामू जिले के 8 प्रखंडों को पानी दिया जाएगा। इनमें से 1.926 एमसीएम जल पेयजल के लिए उपलब्ध कराया जायेगा। राज्य सरकार ने इसकी स्वीकृति प्रदान कर दी है। यह जानकारी सांसद वीडी राम ने सुदना स्थित आवास पर बुधवार को पत्रकारों को दी। उन्होंने कहा कि वे पिछले पांच वर्ष से इस योजना के लिए प्रयास कर रहे थे। पलामू एवं गढवा अकाल और सुखाड़ से प्रभावित रहता है। पलामू प्रमंडल में औसत वषार्पात 1163 एमएम है। ऐसे में भूमिगत पाइपलाइन योजना से जलाशयों को भरकर सिंचाई एवं पेयजल के लिए पानी उपलब्ध कराया जायेगा। योजना से चैनपुर, मेदिनीनगर, सतबरवा, विश्रामपुर, हुसैनाबाद, हैदरनगर एवं मोहम्मदगंज प्रखंड लाभांवित होंगे। सांसद ने कहा कि सोन नदी से 7.47 एमसीएम पानी देवरीकला से लिफ्ट किया जायेगा और छतरपुर के बतरे एवं सुखनदिया व करमाकलन डैम विश्रामपुर के धनकई और तालीडैम को पानी मिलेगा। साथ ही पाइपलाइन के मार्ग में पड़ने वाले छोटे बड़े जलाशय को भी पानी दिया जायेगा। उतरी कोयल से चैनपुर के कल्याणपुर में पानी लिफ्ट कर रानीताल, टेमराइन एवं बुटनडूबा डैम के अलावा पाइपलाइन के मार्ग में आने वाले मेदिनीनगर के छोटे बड़े जलाशय को पानी मिलेगा। इसी तरह से औरंगा नदी से मनिका के रांकीकला में पानी लेकर सतबरवा के मलय, पोसतिया नाला, पनघटवा डैम, मेदिनीनगर के कचरवा डैम, कुंडेलवा डैम, बहेरवा नाला डैम एवं इस मार्ग में आने वाले अन्य जलाशयों को पानी दिया जायेगा।

अयोध्या से आए पूजित अक्षत कलश शोभा यात्रा का नवलशाही में किया गया भव्य स्वागत

नवप्रदेश, डोमजांच। प्रखंड अंतर्गत नवलशाही थाना क्षेत्र बच्छेड़ीह पंचायत में राम लाल प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ हेतु पूजित अक्षत कलश के साथ भव्य तरीके से शोभायात्रा निकाली गई। कार्यक्रम में पंचायत से सैकड़ो राम भक्त ने दिन बुधवार को नवलशाही काली मंडप प्रांगण से राम भक्तों की एक जत्था डोमचांच के नावाडीह मंदिर परिसर में जाकर अयोध्या से कलश और पूजित अक्षत लाकर नवलशाही चौक पर भ्रमण हुए काली मंडप प्रांगण में पुनः महिलाओं के द्वारा स्वागत पूर्वक आरती लगाकर दुर्गा मंडप में सुरक्षित रखा गया। वहीं आगामी 22 जनवरी को झांकी नगर भ्रमण किया जाएगा। इस शोभा यात्रा में मुख्य रूप से समाजसेवी किशोर यादव, संजय साव, धर्मेंद्र साव, संजीव गुप्ता, श्यामानंद महाराज, निरंजन पांडे, प्रकाश विश्वकर्मा, साधु शरण मिस्त्री, रोहित साव, कृष्णा साहू, मंतोष सोनी, पप्पू शर्मा, खगेंद्र दास पप्पू शर्मा सुजीत कुमार यादव पंकु साव, खुबलाल साव, पंकज राणा, सुरेंद्र यादव, सोनू यादव मोनू यादव, सुजीत कुमार, रिंकू कुमार साहू, सुनील कुमार साहू, रोहित मोदी, कृष्ण मोदी, अर्जुन मोदी, हरदेव साव लक्ष्मण विश्वकर्मा, राजू सिंह, दुली साव, महावीर राणा, नकुल यादव, किशन यादव, उमेश शर्मा रोहित कुमार सुनील शर्मा उमेश साव सरजू साव प्रकाश यादव संतोष सिंह परमेसर यादव एवं दर्जनों महिलाएं पुरुष व सुरक्षा व्यवस्था में नवलशाही थाना प्रभारी सोनी प्रताप अपने पुलिस बल के साथ मौजूद थे।

जेबीकेएसएस किसी जाति धर्म, कला संस्कृति व कलाकारों का नही करती विरोध

नवप्रदेश, चंदवारा। बरही विधानसभा जेबीकेएसएस नेता कृष्णा यादव ने सूर्यकुण्ड महोत्सव के दौरान खेसारीलाल यादव के प्रोग्राम रद्द होने के विषय पर उपजे विवाद में सफाई देते हुए प्रेस बयान जारी कर कहा की जेबीकेएसएस किसी जाति, धर्म, संस्कृति, कला एवं कलाकारों का विरोध नही करता, जेबीकेएसएस मात्र स्थानीयता को बढ़ावा देने का प्रयास करती है, एवं सरकार के गलत नीतियों का विरोध कर रही है जो झारखंड एवं झारखंड वासियों के हक अधिकार के लिए मिल का पत्थर साबित होगा। कहा की वर्तमान में सूर्यकुण्ड धाम में आयोजित सूर्यकुण्ड महोत्सव में भोजपुरी गायक खेसारीलाल यादव का प्रोग्राम रद्द होने में जेबीकेएसएस के कार्यकताओं का कोई हाथ नहीं है. यह मात्र मातोत्सव के व्यवस्थापको की लापरवाही का उदाहरण है की यह कार्यक्रम स्थगित कराया गया, साथ ही कहा की किसी के व्यक्तिगत विचार एवं बात को ईशु बना कर कार्यक्रम स्थगित करना किसी तरह उचित नहीं है, उतने बड़े महोत्सव के आयोजकों को इतना छोटा सा बात पर इतना बड़ा कदम उठा लेना समझ से परे है, आम जनता को इस ओर सोचने की आवश्यकता है। उन्होंने अंत में कहा की जेबीकेएसएस झारखंड एवं झारखंड वासियों को पहचान, हक एवं सम्मान दिलाने को संकल्पित है अन्य किसी विवादो में पड़ना हमारा काम नही है, हम सभी जाति धर्म, संस्कृति एवं कला का सम्मान करते है।

लोकसभा चुनाव को लेकर ई.वी.एम प्रदर्शन केंद्र की शुरूआत

नवप्रदेश, कोडरमा। उपायुक्त महोदया के निदेर्शानुसार आगामी लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर स्वीप कार्यक्रम के तहत समाहरणालय परिसर और अनुमंडल कार्यालय कोडरमा में ई.वी.एम प्रदर्शन केंद्र की शुरूआत किया गया। अनुमंडल पदाधिकारी व उप निर्वाचन पदाधिकारी के नेतृत्व में ई.वी.एम वीवीपैड का प्रदर्शन केंद्र शुरू किया गया है। इसके माध्यम से आमजनों को ई.वी.एम वीवीपैड से मतदान करने कि प्रकिया से जागरूक किया जा रहा है। ई.वी.एम प्रदर्शन केंद्र में प्रतिनियुक्त कर्मी द्वारा आमजनों को ई.वी.एम वीवीपैड के माध्यम से मतदान करने की पूरी प्रक्रिया को बताया जा रहा है।

एक नजर

सीटी बजाओ, स्कूल बुलाओ कार्यक्रम के तहत जिला शिक्षा पदाधिकारी ने पोषक क्षेत्र का किया भ्रमण

धनबाद। जिले के सभी सरकारी विद्यालयों में बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने व ड्रॉप आउट पर पूर्णता अंकुश लगाने हेतु सीटी बजाओ, स्कूल बुलाओ कार्यक्रम के तहत जिला शिक्षा पदाधिकारी ने पोषक क्षेत्र का किया भ्रमण सीटी बजाओ उपस्थित बढ़ाओ कार्यक्रम के तहत जिला शिक्षा पदाधिकारी, धनबाद भूतनाथ रजवार के द्वारा जिले के सभी सरकारी विद्यालयों में बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने व ड्रॉप आउट पर पूर्णता अंकुश लगाने हेतु सीटी बजाओ, स्कूल बुलाओ कार्यक्रम के तहत मध्य विद्यालय दुर्गा मंदिर धनबाद एवं उत्क्रमित उच्च विद्यालय लोवाडीह के पोषक क्षेत्र में विद्यालय के शिक्षकों एवं छात्राओं के साथ भ्रमण किया गया। विद्यालय में टोलावार चार-चार बच्चों की टोली बनाई गई तथा हर टोली के लिए एक शिक्षक को नोडल बनाया गया। भ्रमण के दौरान सीटी बजाने पर बच्चों को विद्यालय आने के लिए घर से निकलते देखा गया तथा बच्चों में उत्साह भी देखा गया। इस दौरान 11 जनवरी 2024 को जिले के सभी सरकारी विद्यालयों में बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने व ड्रॉप आउट पर पूर्णता अंकुश लगाने हेतु प्रातः 8:30 बजे से 9:30 बजे तक है।

कई गांव में सिविक एक्शन के तहत बच्चों के बीच स्कूल बैग और बुजुर्गों के बीच कंबल का वितरण

चतरा। सिविक एक्सन प्रोग्राम के तहत कुंदा सीआरपीएफ बी और ई 190 बटालियन ने मंगलवार को शिविर लगाया यह शिविर नक्सल प्रभावित गांव कोजरमा में लगाया गया। जहाँ पर कोजरमा, बलही, लुपुगड़ा, हिंदियाकला समेत कई गांव के गरीब असहाय व जरूरत मंद लोगों के समग्री का वितरण किया गया। यह शिविर सीआरपीएफ के कमांडेंट मनोज कुमार के निर्देश पर लगाया गया। शिविर में आये ग्रामीणों को सीएमओ डॉ जगत आनन्द सुरीन समेत डॉक्टर की टीम ने स्वास्थ्य जांच कर जरूरत के अनुसार दवाइयां दिया गया।इस दौरान ई 190 बटालियन के मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा चिकित्सा शिविर में स्थानीय निवासियों की स्वास्थ्य जांच कर उनकी बीमारी के अनुसार दवाई व सलाह दी गई। इस अवसर पर लोगों के बीच कंबल, सोलर लाइट, प्लास्टिक तिरपाल, बर्तन, साड़ी, ड्राम, गया। साथ ही बच्चो के बीच स्कूल बैग, कलम, कॉपी, फुटबॉल, वॉलीबॉल वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान बटालियन के कमांडेंट ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि आने वाले दिनों में नक्सल प्रभावित अन्य गांवों में भी इस तरह के शिविर लगाए जाएंगे। कार्यक्रम में कमांडेंट ने कहा कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नक्सल प्रभावित क्षेत्र के लोगों के साथ बेहतर सम्बन्ध स्थापित करना है। कार्यक्रम के दौरान सरकार द्वारा चलाई जा रही जन उपयोगी कल्याणकारी योजनाओं के बारे में भी जानकारी दी गई। कार्यक्रम में सहायक कमांडेंट चौधरी कलीम उल्ला और अजित कुमार, थाना प्रभारी कौसल कुमार सिंह, मुखिया अनिता देवी, पंच सदस्य दिव्या भोक्ता, अखिलेश प्रसाद यादव समेत अन्य लोग मौजूद थे।

धनबाद में श्री शिव महापुराण कथा का शुभारंभ, मंगल कलश यात्रा से किया गया

धनबाद। श्री शिव महापुराण कथा प्रथम दिवस नेहरू कॉम्पलेक्स ग्राउंड, बी०सी०सी० एल, कोयला नगर, धनबाद, झारखंड के पावन भूमि पर दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा संस्थान के संस्थापक व संचालक दिव्य गुरु सर्व आशुतोष महाराज जी के विशेष अनुकंपा से 10 जनवरी से आयोजित श्री शिव महापुराण कथा का शुभारंभ मंगल कलश यात्रा से किया गया। जानकारी देते हुए स्वामी कुंदनानन्द ने कहा की कलश यात्रा में शहर के लगभग 1100 सौभाग्यशाली महिलाओं ने भाग लिया। श्री शिव महापुराण एवं कलश की पूजा संस्थान से आए पंडित अमरजीत जी, पंडित शेखर जी के द्वारा वैदिक मंत्रों से हुई। मंगल कलश यात्रा को बिहार झारखंड के संस्थान प्रभारी स्वामी श्री यादवेन्द्रानन्द जी, संस्थान के धनबाद शाखा प्रभारी स्वामी श्री धनंजयानन्द जी, कथा प्रभारी स्वामी सुकमानंद जी एवं लोजपा के युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष विकास रंजन ने संयुक्त रूप से धर्म ध्वज दिखा कर शुभारंभ किया' मंगल कलश यात्रा कथा स्थल से प्रारंभ हो कर कुसुम विहार होते हुए उत्सव रेस्टोरेंट के बगल से मध्य विद्यालय होते हुए कोलो कुसमा राम मंदिर से स्टील गेट हो कर कथा स्थल पहुंची कलश यात्रा के दौरान पूरा नगर जय श्री राम, हर हर महादेव के नारों से गूंज उठा कलश यात्रा में संस्थान के युवा विंग युवा परिवार सेवा समिति के बिहार झारखंड अध्यक्ष श्री अरुण कुमार जी ने अपने युवा साथियों एवं जिला प्रशासन के साथ यातायात व्यवस्था को संभालते दिखे।

भाजयुमो ने अयोध्या धाम पैदल जाने वाले रामभक्त को किया सम्मानित

चतरा। अयोध्या में राम मंदिर का उद्घाटन को लेकर चतरा जिला के बधार से नंदू कुमार और पत्थलगड़ा से निर्मल दांगी श्री राम जी का दर्शन के लिए पदयात्रा कर रवाना हुए। पदयात्रा के दौरान भाजयुमो जिला अध्यक्ष अभिषेक केशरी के नेतृत्व में मेन रोड मे दोनों का भव्य स्वागत किया गया और दोनों का तिलक लगाकर, अंग वस्त्र, मिठाई और ड्राई फ्रूट देकर व जय श्रीराम का नारा लगाकर शुभकामना दिए।जिला अध्यक्ष अभिषेक केशरी ने कहा राम मंदिर उद्घाटन को लेकर लोगों में एक उत्साह बना हुआ है यह उत्साह अभी से लेकर 22 जनवरी तक देखने को मिलेगा।बड़ी सौभाग्य की बात है की 500 वर्षों बाद रामलला भव्य मंदिर में विराजमान होंगे।सभी लोग 22 जनवरी को मंदिरों में पूजा पाठ करेंगे, जुलूस निकालेंगे और उस दिन सभी रामभक्त दीप जलाकर दिवाली मनाएंगे। इस अवसर पर भाजयुमो जिला मंत्री जितेंद्र पांडे,राहुल कुमार, मनोज जायसवाल, मनोज केशरी, दिनेश केशरी, आकाश कुमार, भाजयुमो नगर महामंत्री राजकुमार वर्मा, नगर मंत्री रितेश केसरी, संतन केशरी, सनोज कुमार, सुरेंद्र केशरी, निलेश केशरी, रंजन कुमार सोनू कुमार, रिशु कुमार, हरी प्रसाद सहित कई भाजपा युवा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

जदयू के प्रदेश पदाधिकारी, जिला, नगर व प्रखंड अध्यक्षों व प्रमुख नेताओं की बैठक संपन्न

नीतीश कुमार के पास प्रधानमंत्री बनने का सारा गुण उपलब्ध है : खीरू महतो

जनता नीतीश कुमार व इंडिया गठबंधन की ओर आशा भरी नजरों से देख रही है : मधुकर सिंह

नव प्रदेश संवाददाता

धनबाद। बुधवार को धनबाद जिला जनता दल यू. के जिला पदाधिकारियों, धनबाद से आने वाले प्रदेश पदाधिकारी, नगर अध्यक्ष, प्रखण्ड अध्यक्ष एवं प्रमुख नेताओं की बैठक धनबाद परिसदन में की गई। जिसकी अध्यक्षता पार्टी के जिलाध्यक्ष पिन्टु कुमार सिंह ने किया। जिसमें सर्वसम्मति से आगामी 21 जनवरी, 2024 को रामगढ़ में होने वाले नीतीश जोहार कार्यक्रम में हजारों कार्यकर्ता कार्यक्रम में शिरकत करने का निर्णय लिया। इसके बाद झारखण्ड प्रदेश जनता दल यू. के प्रदेश अध्यक्ष सह राज्य सभा सांसद खीरू महतो ने धनबाद परिसदन में जिले के प्रमुख पदाधिकारियों एवं नेताओं के साथ सघन रूप से विचार-विमर्श किया। जिसमें मुख्य रूप से आगामी 21 जनवरी को पार्टी के सर्वमान्य नेता सह बिहार के मुख्यमंत्री सह पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार रामगढ़ में एक विशाल जनसभा को सम्बोधित करेंगे।जिसमें उन्होंने सभी नेताओं एवं पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि आपलोग रामगढ़ के कार्यक्रम में हजारों की संख्या में पहुँच कर नीतीश कुमार के कार्यक्रम को सफल बनायें। खीरू महतो ने कहा कि आने वाले दिनों में नीतीश कुमार देश के प्रधानमंत्री बनेंगे। इन्होंने इण्डिया गठबंधन के सभी दलों से मांग की है कि आपलोग नीतीश कुमार को इण्डिया गठबंधन का संयोजक बनाये क्योंकि नीतीश कुमार के पास प्रधानमंत्री बनने का सारा गुण उपलब्ध है। श्री महतो ने कहा कि नीतीश कुमार के कार्यक्रम से पूरे झारखण्ड में एक नया उर्जा शक्ति का संचार होगा और आने वालें दिनों में नीतीश कुमार का सभा झारखण्ड के हर प्रमण्डल में किया जायेगा। नीतीश जोहार कार्यक्रम के संयोजक मधुकर सिंह ने कहा कि जनता मुख्यमंत्री नीतीश कुमार व इंडिया गठबंधन की ओर आशा भरी नजरों से देख रही है। देश की जनता आगामी लोकसभा चुनाव में मतों की चोट से भाजपा को उखाड़ फेंकने का काम करेगी। जिला के सभी पदाधिकारियों से बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के रामगढ़ में होने वाली कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए हजारों की संख्या में पहुंचने का अपील की। इस संवाददाता सम्मेलन में मुख्य रूप से नीतीश जोहार कार्यक्रम के संयोजक मधुकर सिंह, पार्टी के धनबाद जिलाध्यक्ष पिन्टु कुमार सिंह, पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष रामस्वरूप यादव, जदयु प्रदेश महासचिव सुशील कुमार सिंह, दीप नारायण सिंह, हाजी हसीब खान, पार्टी के मुख्यालय प्रभारी श्रवण कुमार, प्रदेश महासचिव संजय कुमार सिंह, अनुसूचित जनजाति के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र पासवान, वरिष्ठ नेता सकल देव राय, प्रदेश सचिव राजु कुमार सिंह, सुभाष राय, मुन्ना सिन्हा, उचित महतो, धनबाद नगर अध्यक्ष धनलाल दुबे, विशेष आमंत्रित सदस्य के.बी.सहाय, युवा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष रुपेश पासवान, विजय सिंह कुशवाहा, महिला जिलाध्यक्ष पुष्पा पाण्डेय, जिला महासचिव कामेश्वर यादव, युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव सुमित वर्मा, धनबाद प्रखण्ड अध्यक्ष बबलु मोदक, बाघमारा प्रखण्ड अध्यक्ष गोपाल चन्द्र गोप, पुर्वी टुण्डी के अध्यक्ष शिशिर दा, अशोक दास, गुलाब महतो, गौतम मंडल, निरसा प्रखण्ड अध्यक्ष राज कुमार सिंह, झप्पु सिंह, बैजु सिन्हा, स्मृति कान्त सिंह, अशोक सिंह, रीता रानी मण्डल, साधु शरण पासवान, दिलीप सिन्हा, तोपचांची प्रखण्ड अध्यक्ष जितेन्द्र पाण्डेय, टुण्डी प्रखण्ड अध्यक्ष प्रमोद पाण्डेय, महिला प्रदेश सचिव बिन्दु देवी, जिला सचिव संजय दे, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष इम्तियाज अंसारी, निर्मल रवानी, मनोज कुमार, दीपक महतो, अनिला सिन्हा, दलित प्रकोष्ठ के अध्यक्ष अनोज पासवान, आदित्य पासवान सहित कई प्रमुख नेता उपस्थित थे।

राजू यादव की जयंती पर राष्ट्रीय जनता दल श्रमिक संघ ने दी श्रद्धांजलि



धनबाद। जिला बीस सूत्री के तत्कालीन उपाध्यक्ष समाजवादी नेता शहीद राजु यादव की जयंती पर राष्ट्रीय जनता दल श्रमिक संघ की ओर से बुधवार को पूजा टॉकिज स्थित राजु यादव चौराहे पर स्थित राजु यादव के आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया गया। शहीद राजु यादव के सुपुत्र राजश्री के महामंत्री अवधेश कुमार ने कहा कि नेता जी महान विभूति थे, उन्होंने माफिया के साथ-साथ गरीबी, असमानता जैसी अनेक सांसारिक कुरीतियो के विरुद्ध आंदोलन किया । वे यहां के लोगो के दिलो में आज भी जिन्दा है । संयुक्त महामंत्री उदय शर्मा ने कहा कि राजु यादव समाजिक न्याय व क्रांति के प्रतिक थे,उनका विचार आज भी प्रसांगिक है। मौके पर उदय शर्मा, राजद नेता देवेंद्र यादव, त्रृषभ वर्मा अजय यादव के अलावे दर्जनो लोग मौजूद थे।

धनबाद सिटी सेंटर चौक सहित 8 स्थानों पर लगाया जाएगा ट्रैफिक सिग्नल व एनपीआर कैमरा

धनबाद। बुधवार को समाहरणालय के सभागार में जिला परिवहन पदाधिकारी राजेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। इसमें सिटी सेंटर चौक, रणधीर वर्मा चौक, बिरसा मुंडा चौक बैंक मोड़, मेमको मोड़, चंद्रशेखर आजाद चौक, श्रमिक चौक, स्टील गेट चौक एवं गोल बिल्डिंग के पास ट्रैफिक सिग्नल के साथ सीसीटीवी एवं ऑटोमेटिक नंबर प्लेट रीडर (एएनपीआर) कैमरा लगाने का निर्णय लिया गया। जिला परिवहन पदाधिकारी ने एनएचएआइ धनबाद एवं दुगापुर को अपने क्षेत्र में एंबुलेंस का नंबर 1033 के साथ संबंधित पुलिस स्टेशन तथा अस्पताल के इमरजेंसी नंबर को प्रदर्शित करने, गोविंदपुर के मोहन पेट्रोल पंप, बरियो मोड़, जगलपुर मोड़, अपना ढाबा के पास हाजरा मोड़, बाबा होटल से पहले बने अवैध कट को बंद करने का निर्देश दिया। साथ ही कहा कि गोल्डन आवर में मरीज को अस्पताल पहुंचाने वाले को नगद राशि देने का प्रावधान है। इस संबंध में लोगों को जागरूक करें। दुर्घटना के बाद मरीज को तत्काल अस्पताल पहुंचाने वाले को नगद राशि और प्रशस्ती पत्र देकर उनको सम्मानित करें। लोगों को प्रोत्साहित करने के लिए स्वास्थ्य विभाग को राशि उपलब्ध कराई गई है। पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय 1 ने महुदा ब्रिज के पास अस्थाई जीक जैक बैरिकेडिंग लगाने, खरनी मोड़ अंडरपास में कन्वैक्स मिरर लगाने, राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित होटल एवं ढाबा के बाहर जहां तहां पार्क किए वाहनों को संबंधित थाना की सहायता से टोइंग करने, धनबाद मोड़ एवं सुभाष चौक से अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया। बैठक में एनएचएआइ धनबाद तथा दुगापुर के पदाधिकारियों ने बताया कि 17 ब्लैक स्पॉट को गार्ड रेल, ब्लिंकर्स, सेफ्टी साइन, कंक्रीट की दीवाल, स्पीड ब्रेकर, अवैध कट को बंद कर सुरक्षित किया गया है। इसमें एनएचएआइ धनबाद में लोहार बरवा चौक, राजगंज कतरास मोड़, करणपुरा टर्निंग के पास, खरनी मोड़ के पास, डोमनपुर मोड़ के पास, दयावंस पहाड़, देलाटांड चौक के पास ब्लैक स्पॉट को सुरक्षित किया है। वहीं एनएचएआइ दुगापुर ने शरजोरी, खालसा होटल, देवली, गहिरा, कालीबाबांध, अपर बाजार चट्टी, खुदिया फाटक, निरसा चौक, देबियाना गेट, समेकित चेक पोस्ट के पास ब्लैक स्पॉट को सुरक्षित किया है। वहीं साहिबगंज मोड़ के पास, जोड़ापीपल, कल्याणपुर, जंगलपुर मोड़, कालाडीह मोड़, गोपालगंज मोड़ के अवैध कट को बंद करने के लिए विचार किया गया।

झरिया के भौरा ओपी अंतर्गत जहाज टांड़ बस्ती मे लोहा चोरी के आरोपी की हुई पिटाई

धनबाद। सिंदरी अनुमंडल के भौरा ओपी अंतर्गत जहाज टांड़ बस्ती के ग्रामीण ने लोहा चोरी के आरोप मे भौरा निवासी एक युवक अमित रवानी को बाइक और गैस सिलेंडर के साथ धर दबोचा है। वहीं ग्रामीणों के द्वारा लोहा चोरी के आरोपी को जमाकर पीटा, लोहा चोर पकड़े जाने की सूचना ग्रामीणों ने भौरा ओपी को दी। वहीं ग्रामीणों का यह आरोप है कि भौरा ओपी पुलिस घंटो बाद मौके पर पहुँची। जिस कारण ग्रामीणों और पुलिस में तीखी नोक झोंक देखने को मिला। भौरा पुलिस के साथ नोक झोंक की सूचना पर जोरापोखर थाना और सुदामडीह थाना और पाथरडीह थाना के पुलिस भारी दलबल के साथ मौके पर पहुँची .लोहा चोर अमित रवानी का कहना है कि जहाज टांड़ बस्ती के दो लोग और भौरा बाजार के चार लोगो के साथ मिलाकर कर रहे थे लोहा चोरी। ग्रामीणों का मांग है कि पकड़े गए लोहा चोर द्वारा जिन लोहा चोरों का नाम बता रहा है, भौरा ओपी पुलिस उन सभी का अभिलंब गिरफ्तार करें उसके बाद ही हम ग्रामीण इस लोहा चोर को भौरा पुलिस के हवाले करेंगे।

एलआईसी के अधिकारी एवं कर्मचारी का 4 सूत्री मांगों को लेकर एक घंटे का देशव्यापी बहिर्गमन हड़ताल

नव प्रदेश संवाददाता

धनबाद। भारतीय जीवन बीमा निगम मे गठित संयुक्त मंच, जिसमे क्लास वन अधिकारियों का संगठन एलआईसी क्लास वन ऑफिसर्स फेडरेशन, विकास अधिकारियों का संगठन एन एफ आई एफ डब्ल्यू आई तथा क्लास 3 और क्लास 4 कर्मचारियों का संगठन एआई आईइए शामिल है। के आह्वान पर बुधवार को पूरे भारत वर्ष के पैमाने पर तथा विशेष कर हजारीबाग मण्डल के अंतर्गत भारतीय जीवन बीमा निगम के सारे कार्यालय मे निम्न मांगों को लेकर भोजनावकाश पूर्व एक घंटे का देशव्यापी बहिर्गमन हड़ताल किया गया है। आज के हड़ताल के मुद्दे 1अगस्त 2022 से देय वेतन पुनर्निर्धारण पर तत्काल वार्ता प्रारंभ करने। एन पी एस कोष में प्रबंधकीय अंशदान 10 से बढ़ाकर14% करने। सभी संवर्ग में नई भर्ती प्रारंभ करने कर्मचारियों, अधिकारियों के मुद्दे पर प्रबंधन की एकतरफा कार्यवाही बंद करने। इस अवसर पर सभा को संबोधित करते हुए बीमा कर्मचारी संघ हजारीबाग मंडल के अध्यक्ष ने कहा कि हमारी वेतन संशोधन की मांग जो 01.08.2022 से देय है वह पूर्णतया उचित है तथा एलआईसी कर्मचारियों की जायज मांग को प्रबंधन अनुचित रूप से अनदेखा कर रही है। यह दुखद है कि 17 महीने बीत जाने के बाद भी प्रबंधन ने अभी तक इस मुद्दे पर बातचीत शुरू नहीं की है। एलआईसी ने पिछले कुछ वर्षों में उत्कृष्ट प्रगति की है और कर्मचारी और अधिकारी उद्योग की प्रगति में अपनी उचित हिस्सेदारी के हकदार हैं।अब समय आ गया है कि प्रबंधन इस बात को समझे और बिना किसी देरी के वेतन वार्ता शुरू करे। एनपीएस में प्रबंधन के योगदान को मौजूदा 10% से बढ़ाकर 14% करने की मांग अभी भी लंबित है। एनपीएस के अंतर्गत आने वाले एलआईसी कर्मचारियों को इस लाभ से वंचित करना प्रबंधन की ओर से बेहद अन्यायपूर्ण है, जबकि यही लाभ सरकारी सेवाओं और बैंकिंग उद्योग में काम करने वालों को बहुत पहले ही दिया जा चुका है। इस मुद्दे का तुरंत समाधान किया जाना चाहिए। सभी संवर्ग में नई भर्ती प्रारंभ करना समय की मांग है। सभी कार्यालय मैन पावर की भारी कमी से जूझ रहे हैं। मौजूदा कार्यबल पर काम का बोझ बढ़ रहा है और बड़ी संख्या में सेवानिवृत्ति के कारण कार्यबल में कमी आ रही है। इसलिए, उभरते प्रतिस्पर्धी माहौल में ग्राहकों की बढ़ती अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए सभी संवर्गों, विशेष रूप से तृतीय और चतुर्थ श्रेणी संवर्गों में पर्याप्त भर्ती अत्यंत आवश्यक है। आईपीओ के बाद एलआईसी में भारी बदलाव हो रहे हैं।

14 ग्राम शुगर के साथ एक गिरफ्तार

गुमला। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर खोरा पतराटोली गांव में उतम साहु नामक एक 24 वर्षीय युवक को ब्राउन शुगर बेचते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। इस संबंध में गुमला के एसपी हरविंदर सिंह ने बताया कि गुमला जिले में नशा के कारोबार और जुआरियों के खिलाफ सघन अभियान चलाया जा रहा है। इसमें पुलिस को लगातार सफलता भी मिल रही है। इस क्रम में उन्हें यह गुप्त सूचना मिली कि खोरा पतराटोली गांव में एक लड़का नशीला पदार्थ बेच रहा है। इस संबंध में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मनीष चंद्र लाल के नेतृत्व में छापामारी दल का गठन किया गया। इस दल ने उक्त गांव में उतम साहु पिता स्व. बिनेश्वर साहु को ब्राउन शुगर बेचते रंगे हाथ पकड़ लिया। उसके पास से 14 ग्राम ब्राउन शुगर,एक मोबाइल व इलेक्ट्रॉनिक वेट मशीन बरामद किया गया। छापामारी दल में गुमला थाना के पुअनि मो. मोज्जमिल, असनि रविन्द्र मिश्रा व सशस्त्र बल के जवान शामिल थे। अभियुक्त उतम साहु को गुमला जेल भेज दिया गया।

धनसार थाना में जन सहयोग समिति का किया गया गठन

धनबाद। पुलिस अधीक्षक के निर्देश अनुसार धनसार थाना परिसर में एक बैठक किया गया। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर राजदेव सिंह ने किया। बैठक में पुलिस जन सहयोग समिति का गठन किया गया। थाना प्रभारी राजदेव सिंह ने कहा कि जन सहयोग समिति पुलिस को सहयोग करने के लिए बनाया गया। सर्वसम्मति से जो जन सहयोग समिति बनाया गया जिसमें मदन महतो को अध्यक्ष एवं थाना प्रभारी राजदेव सिंह को सचिव बनाया गया, समिति के सदस्य मेवालाल खटीक, राणा चड्डाज, कुल्लू चौधरी, संतोष कुशवाहा, नवीन सिंह, सत्येंद्र यादव, गुड्डा सिंह, मदन सिंह, मोंटी सिंह, आशुतोष यादव, अफजल खान, रणजीत सिंह, जीराखंड सिंह, विकास साहू, छोटे सिंह, हीरा साव, राजेश कुमार, टिंकू राम,पप्पू पासवान, टिंकू सिंह, मनोज चौहान, मो. इमरान को सहयोग समिति का सदस्य बनाया गया।

ट्रक की चपेट में आने से महिला घायल

गुमला। रायडीह थाना क्षेत्र के कमेंट गांव निवासी 70 वर्षीय भालो देवी एक ट्रक की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गई।भालो का दोनो पैर बुरी तरह जख्मी हो गया है। पुलिस व स्थानीय लोगो की मदद से उसे इलाज के लिए रायडीह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल गुमला रेफर कर दिया।

ईसीआरकेयू के केन्द्रीय पदाधिकारियों की बैठक पटना में संपन्न

विभिन्न मुद्दों पर हुई चर्चा, समाधान पर बनी रणनीति

नव प्रदेश संवाददाता

धनबाद। ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन की वर्ष 2024 की पहली केंद्रीय पदाधिकारियों की बैठक पटना में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन के अध्यक्ष कामरेड डी के पांडेय जी ने कहा कि ऑल इंडिया रेलवेमेंस फेडरेशन की दिल्ली में होने वाली शताब्दी समारोह के लिए फेडरेशन की कूपन की राशि को जल्द से जल्द केंद्रीय कार्यालय को जमा कर दिया जाए व उपस्थित सदस्यों को संबोधित करते हुए महामंत्री कामरेड एस एन पी श्रीवास्तव ने जानकारी दी कि ऑल इंडिया रेलवे मेंस फेडरेशन की शताब्दी समारोह 24 से 26 अप्रैल 2024 को दिल्ली में होना है। सुप्रीम कोर्ट द्वारा यूनियन की मान्यता के लिए चुनाव कराने का निर्देश दिया गया है। केन्द्र सरकार ने चुनाव सम्पन्न कराने के लिए आवश्यक नियमों को बनाने के लिए एक कमिटी का गठन कर दिया गया है। हम लोगों को जल्द ही चुनाव के लिए तैयार रहना होगा व रेलकर्मियों के अन्य समस्याओं की भी चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि पतरातू अस्पताल को अपग्रेड किया जाएगा एवं अन्य हेल्थ यूनिट एवं मंडल अस्पताल में सुविधाओं को बढ़ाया जाएगा कार्डियक एवं दवा की कमी को पूरा किया जाए, क अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति अब कर्मशियल एवं अन्य विभाग में भी होगी क उन्होंने कहा कि जोनल वर्क में कर्मचारी के संबंधित कार्य के फंड को अधिकारियों एवं कार्यालय रिपेयर फंड से अलग करने का प्रस्ताव रखा जाएगा। जिससे कर्मचारियों के आवास आदि का मरम्मत के लिए फंड की कमी को दूर किया जा सके क मैकेनिकल से टीएलएसी को अलग करने के लिए यूनियन की महाप्रबंधक से अलग से वार्ता हो गई है एवं जल्द ही इससे संबंधित आदेश दे दिया जाएगा। महामंत्री ने कहा कि गंभीर बीमारियों से पीड़ित कैंसर आदि में कर्मचारियों को केंद्रीय एसबीएफ से वित्तीय सहायता यूनियन ने दिलाने का काम किया व लोको पायलट से लॉग आवर्स ड्यूटी करवाना बंद किया जाए, कसामुदायिक भवन एवं रनिंग रूम की समस्याओं को जल्द दूर किया जाए। अपर महामंत्री सह धनबाद मंडल के पी एन एम प्रभारी मो ज्याउद्दीन ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि यूनियन के दबाव के कारण अस्पतालों में डॉक्टर की कमी को पूरा करने के लिए, वॉक इन इंटरव्यू धनबाद मंडल में 8 जनवरी 2024 को किया गया कउन्होंने कहा कि गंभीर हालत में मरीजों को रेफर करने की प्रक्रिया को और आसान बनाए जाने की जरूरत है। यूनियन के दबाव के कारण महाप्रबंधक पूर्व मध्य रेल हाजीपुर ने सुदूर स्टेशनों पर जल की कमी को पूरा करने के लिए एक दिन छोड़कर के टैंकर के माध्यम से जल की आपूर्ति करने का आदेश दिया है जब तक की वहां स्थाई समाधान नहीं निकल जाता केंद्रीय सहायक महामंत्री ओम प्रकाश ने कहा कि संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने के लिए शाखाओं का कार्य क्षेत्र का पुनर्गठन करना आवश्यक है एवं आज के समय में संगठन को डिजिटल करना आवश्यक हो गई है डिजिटल संगठन आज के समय में का पुनर्गठन करना आवश्यक हो गया है। उपरोक्त जानकारी देते हुए ईसीआरकेयू मीडिया प्रभारी एनके खवास ने बताया कि आज की बैठक में जो अन्य सदस्य उपस्थित रहे, एआईआरएफ के जोनल सचिव ओपी शर्मा, एस एस डी मिश्रा, मिथिलेश कुमार, के के मिश्रा, मनोज पांडे, केदार प्रसाद, बीबी पासवान, श्री राम सिंह, बिंदु कुमार, संजय मंडल, मृदुला कुमारी, मनोज पाण्डेय, सोमेन दत्ता, नेताजी सुभाष आदि ने अपने अपने विचार रखे।

सीटी बजाओ स्कूल बुलाओ कार्यक्रम का आयोजन

गुमला। शिक्षा विभाग के सचिव के निदेशानुसार जिला के सभी विद्यालयों में सीटी बजाओ, स्कूल बुलाओ कार्यक्रम लागू करने का निदेश प्राप्त है। इस संबंध में जिला शिक्षा पदाधिकारी-सह-जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, झारखंड शिक्षा परियोजना, गुमला सुनील शेखर कुजूर ने बताया कि यह सरकार का अतिमहत्वपूर्ण महत्वाकांक्षी कार्यक्रम है। इसका उद्देश्यों छात्रों की नियमित उपस्थिति बढ़ाना, ड्रॉप आउट के मामलों को कम करना, स्कूल न जाने वाले बच्चों की संख्या में कमी लाना, छात्रों में जिम्मेदारी की भावना पैदा करना और माता-पिता को अधिक जागरूक और जिम्मेदार बनाना है। जिला शिक्षा पदाधिकारी ने सभी बीईईओ, बीपीओ, बीआरपी और सीआरपी को निर्देशित करते हुए कहा है कि इस कार्यक्रम को पूर्व से संचालित विभाग द्वारा क्रियान्वित कार्यक्रमों को यथा प्रयास कर विद्यालय प्रबंधन समिति और अभिभावक शिक्षक बैठक कार्यक्रम से जोड़ा जाना है। कार्यक्रम के जिला स्तरीय नोडल अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी और आउट ऑफ स्कूल घटक प्रभारी, प्रखण्ड स्तरीय नोडल बीपीओ और क्लस्टर स्तरीय नोडल सीआरपी होंगे। उक्त कार्यक्रम के कार्यप्रणाली अंतर्गत प्रत्येक विद्यालयों में विद्यार्थियों का एक छोटा समूह ग्रामवार या मोहल्लावार या टोलावार बनाया गया है। उस समूह से एक मॉनिटर छात्र को चुना गया है। जिसे स्कूल से एक सीटी प्रदान किया गया है। निम्न कार्य स्कूल समय से कम से कम एक घंटा पहले अपने निर्धारित क्षेत्र में सीटी बजाते हुए, अपने सहपाठियों को साथ विद्यालय लेकर आना है। इसके लिये प्रत्येक क्षेत्र के लिए एक मार्गदर्शक शिक्षक को प्रयास कार्यक्रम के माध्यम से टैग किया गया है। सुबह की सभा और अभिभावक शिक्षक बैठक पीटीएम, मॉनिटरों, नियमित छात्रों और उनके अभिभावकों को सम्मानित भी किया जाएगा।

भारत ही नहीं यूरोप से लेकर अमेरिका तक राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की धूम

टाइम्स स्क्वायर-एफिल टावर पर उत्सव दिखेगा

अयोध्या : 22 जनवरी को राम मंदिर के भव्य शुभारंभ और श्रीराम लला के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम की सिर्फ उत्तर प्रदेश और देश में ही नहीं, बल्कि यूरोप से लेकर अमेरिका तक धूम है। सीएम योगी के मार्गदर्शन में रामोत्सव को लेकर उत्तर प्रदेश में जो तैयारी शुरू हुई थीं, वो अब धीरे-धीरे पूरे देश और विदेश तक पहुंच रही है। इस आयोजन को लेकर पूरी दुनिया में उत्सव का माहौल बन चुका है। ये उत्सव अमेरिका के टाइम्स स्क्वायर से लेकर यूरोप के एफिल टावर तक देखने को मिलेंगे।

फ्रांस की राजधानी पेरिस में 21 जनवरी को राम रथ यात्रा का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें पूरे यूरोप से एक हजार लोग एकत्रित होंगे। साथ ही एफिल टावर के पास उत्सव मनाया जाएगा। इसी तरह अमेरिका में टाइम्स स्क्वायर पर राम मंदिर भूमि पूजन की तर्ज पर 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का लाइव टेलीकास्ट किया जाएगा। नॉर्थ अमेरिका से लेकर कनाडा तक के मंदिरों में पूजन और दीपोत्सव के आयोजन का फैसला लिया गया है। यही नहीं, अमेरिका में कैलिफोर्निया के साथ ही वाशिंगटन, शिकागो और अन्य शहरों में विशाल कार रैली का आयोजन किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि प्राण प्रतिष्ठा भारतीय समयानुसार दोपहर लगभग 12.30 बजे होगी। उस समय पेरिस में सुबह और अमेरिका में देर रात का समय होगा।

पेरिस में निकाली जाएगी राम रथ यात्रा

हिंदुओं के आराध्य भगवान राम के मंदिर की स्थापना का जो सपना राम भक्तों ने देखा था, वो 500 वर्षों के लंबे संघर्ष के बाद अब साकार होने जा रहा है। ऐसे में दुनियाभर के रामभक्त इस अवसर पर अपने-अपने तरीके से जश्न मना रहे हैं। इसी क्रम में 21 जनवरी 2024 को पेरिस में राम रथ यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। सोशल मीडिया पर पेरिस में रहने वाले अविनाश मिश्रा नाम के यूजर ने राम रथ यात्रा के बारे में डिटेल साझा की है। उन्होंने लिखा है, 'फ्रांस में रहने वाले हम भारतीय पूरे पेरिस में राम रथ यात्रा और एफिल टावर पर बड़े पैमाने पर उत्सव का आयोजन करके अयोध्या में श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के ऐतिहासिक और महत्वपूर्ण अवसर पर शामिल होंगे।' अविनाश ने अपनी पोस्ट में राम रथ यात्रा का पूरा मैप भी शेयर किया है, जबकि पेरिस में रहने वाले राम भक्तों से इस आयोजन में सम्मिलित होने का अनुरोध भी किया है। उनकी इस पोस्ट को राम मंदिर तीर्थ क्षेत्र ने भी रीट्वीट किया और लिखा कि अयोध्या में जन्मस्थान पर भगवान श्री रामलला सरकार की प्राण प्रतिष्ठा का साक्षी बनना सभी रामभक्तों के लिए एक आशीर्वाद है।

टाइम्स स्क्वायर पर होगी लाइव स्ट्रीमिंग

हिंदू मंदिर एमपावरमेंट काउंसिल ने नॉर्थ अमेरिका से लेकर कनाडा तक के मंदिरों में पूजन और दीपोत्सव के आयोजन का निर्णय लिया है। विगत कई हफ्तों में वाशिंगटन, शिकागो और दूसरे अमेरिकी शहरों में राम मंदिर के जश्न में कार रैलियां निकाली गई हैं। आयोजकों ने अब कैलिफोर्निया में कार रैली निकालने की योजना बनाई है। उनका कहना है कि वे अयोध्या नहीं आ सकते हैं, लेकिन भगवान राम उनके दिलों में हैं और उनकी घर वापसी में उनकी अटूट श्रद्धा है। 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का लाइव टेलीकास्ट न्यूयॉर्क शहर के टाइम्स स्क्वायर पर भी किया जाएगा। इससे पहले 5 अगस्त 2020 को राम मंदिर के भूमि पूजन को चिह्नित करते हुए टाइम्स स्क्वायर पर राम मंदिर का एक डिजिटल बिलबोर्ड चलाया गया था। अयोध्या राम मंदिर के उद्घाटन पर न्यूयॉर्क शहर के मेयर एरिक एडम ने कहा है कि अगर हम न्यूयॉर्क शहर में हिंदु समुदाय को देखें तो यह कार्यक्रम बेहद महत्वपूर्ण है। यह उन्हें जश्न मनाने और अपनी आध्यात्मिकता को ऊपर उठाने का मौका देता है।

160 देशों में हो रहे विभिन्न आयोजन

विश्व हिंदू परिषद ने भी कई देशों में आयोजन की रूपरेखा तैयार की है। इसके अनुसार दुनिया के 50 से ज्यादा देशों में बड़े कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इन स्थानों पर प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम को लाइव दिखाया जाएगा। अमेरिका में 300, ब्रिटेन में 25, ऑस्ट्रेलिया में 30, कनाडा में 30, मॉरीशस में 100 के अलावा आयरलैंड, फिजी, इंडोनेशिया और जर्मनी जैसे 50 से अधिक देशों में बड़े पैमाने पर रामलला प्राणप्रतिष्ठा कार्यक्रम का लाइव टेलीकास्ट किया जाएगा। अमेरिका, कनाडा, जर्मनी, फिजी जैसे 50 देशों के प्रतिनिधियों को भगवान रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर अयोध्या आने का निमंत्रण भी दिया गया है। वहीं, मुस्लिम बाहुल्य देश इंडोनेशिया, सऊदी अरब में भी लाइव स्ट्रीमिंग की जाएगी। विहिप के अनुसार दुनिया के 160 ऐसे देश हैं जहां हिंदू धर्म के लोग रहते हैं, वहां विभिन्न कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। इन कार्यक्रमों में शोभायात्रा, हवन पूजन, हनुमान चालीसा पाठ और मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम की लाइव स्ट्रीमिंग दिखाने की तैयारी है।

सोने की परत वाला 500 किलो का नगाड़ा पहुंचा अयोध्या, 2400 किलो का घंटा भी आया

अयोध्या : अयोध्या प्राण प्रतिष्ठा के दौरान भगवान राम के दरबार में अब नगाड़ा भी बजेगा। गुजरात के अहमदाबाद से पांच सौ किलो का नगाड़ा अयोध्या पंहुच गया है। देश भर से भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा के लिए उपहार लाए जा रहे हैं। 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा तय है। ऐसे में इन उपहारों को मंदिर परिसर में कहां लगाना है, उसके लिए स्थान चयन किया जा रहा है। विशाल राम मंदिर के प्रांगण में ये सभी उपहार लगाए जाएंगे। साथ ही 24 सौ किलो का एक घंटा एटा से अयोध्या पंहुचाया गया है।

अहमदाबाद में तैयार हुए ध्वज दंड के बाद अब 500 किलोग्राम का नगाड़ा भी अयोध्या पहुंच गया है। इसे विशेष रथ से अहमदाबाद से अयोध्या लाया गया है।

500 किलो के इस भव्य नगाड़े में लोहे और तांबे की प्लेट का इस्तेमाल किया गया है। साथ ही सोने की पर्त का भी इस्तेमाल किया गया है। अखिल भारतीय डगबर समाज द्वारा श्रीराम मंदिर के लिए 500 किलोग्राम का विशेष नगाड़ा बनाया गया है।

सोने की परत का हुआ नगाड़े में इस्तेमाल

नगाड़े को बनाने वाले डगबर समाज के 4 लोग श्रीराम लला प्राण प्रतिष्ठा के दिन इसे मंदिर में बजाएंगे। इस नगाड़े पर सोने और चांदी की परत चढ़ाई गई है। 500 किलो के इस भव्य नगाड़े में लोहे और तांबे का इस्तेमाल हुआ है। ताकि नगाड़े को हजारों वर्षों की उम्र दी जा सके। ये नगाड़ा गुजरात से एमपी होते हुए अयोध्या पहुंचा है। 22 जनवरी को और उसके बाद इसकी गूंज श्रीराम मंदिर में सुनी जा सकेगी।

दो किमी दूर सुनाई पड़ेगी घंटे की आवाज

एटा के कारीगरों द्वारा निर्मित 2400 किलो का घंटा भी चर्चा का विषय बना हुआ है। घंटी उद्योग की नगरी एटा के जलेसर से ये घंटा अयोध्या पहुंचा है। अष्टधातु के इस घंटे को सैकड़ों व्यापारी फूलों से सजे रथ में अयोध्या लाए हैं। इसे श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को समर्पित किया गया। इस घंटे की आवाज शांत माहौल में करीब 2 किमी तक सुनाई दे सकती है। कारोबारी मनोज मित्तल ने बताया कि पिता विकास मित्तल की स्मृति में इस घंटे को तैयार किया गया है।

अयोध्या में जहां भगवान श्रीराम ने ली जलसमाधि, सबको मिलता है मुक्ति का रास्ता

अयोध्या : भगवान राम की नगरी अयोध्या का जिक्र आते ही आपके दिल-दिमाग में भगवान राम के जन्मस्थली और वहां बन रहे अद्वितीय मंदिर की तस्वीर कौंध जाएगी। 22 जनवरी को यहां भगवान राम लला अपने गर्भगृह में स्थापित होंगे। जहां पर वह बाल लीलायें किया करते थे। भगवान की स्मृतियों को समेटे राम नगरी में वैसे तो कई दर्शनीय स्थल हैं, लेकिन गुप्तार घाट की अपनी अलग ही विशेषता है। यह वह घाट है, जहां भगवान श्रीराम ने जलसमाधि ली थी। सरयू नदी के किनारे स्थित गुप्तार घाट पर कई छोटे-छोटे मंदिरों के साथ यहां का सुंदर दृश्य मन को मोह लेने वाला है। मुक्ति पाने की इच्छा लेकर इस स्थान पर दर्शनार्थी आते हैं। मान्यता है कि मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के साथ ही कीट-पतंग तक उनके दिव्य धाम चले गए, जिसके चलते अयोध्या उजड़ सी गई थी। बाद में उनके पुत्र कुश ने इस नगरी को फिर से बसाया। सरयू नदी के तट पर स्थित गुप्तार घाट पर कई छोटे छोटे मंदिर है, जिनके दर्शन मात्र से ही भक्तों को आनंद की प्राप्ति होती है। इस दिव्य स्थल पर श्रद्धालु मुक्ति पाने की इच्छा लेकर यहां आते है। यह पवित्र स्थल सिर्फ धार्मिक लोगो को ही नहीं, बल्कि यहां का मनमोहक दृश्य पर्यटकों को भी अपने ओर आकर्षित कर लेता है।

250 करोड़ की योजना

अयोध्या विकास प्राधिकरण ने यहां पर क्रूज, मोटर बोट, की व्यवस्था दी है। साथ ही 250 करोड़ की योजनाओं की भी सौगात दी है। यहां एक थीम पार्क, बेहतर और अत्याधुनिक लाइट, चौड़ी सड़क, खूबसूरत चौराहों का निर्माण किया है। सरयू नदी के घाटों का सौंदरीकरण किया गया है। यहां फूड कोर्ट भी बनाया गया है।

राम जानकी मंदिर और मन मोहक स्थान

गुप्तारघाट पर दिव्य राम जानकी मंदिर, पवित्र पुराने चरण पादुका मंदिर, भगवान नरसिंह जी का मंदिर और भगवान हनुमान जी का मंदिर स्थित है। यहां आने वाले भक्तों का आकर्षक केंद्र है। यहां पर दिव्य मंदिरों के अलावा नौका विहार और रेतीले मैदान के साथ इसके आसपास की हरियाली पर्यटकों की मन मोह लेता है। गुप्तारघाट के पुजारी मुकेश दास के अनुसार, इस मंदिर में लगी प्रतिमा में भगवान के पास अस्त्र शस्त्र नहीं है। ऐसा इसलिए है कि जब भगवान राम ने जल समधी ली थी तो वह सब कुछ छोड़ कर गए थे। कोई भी इंसान अपने साथ कुछ नहीं ले जाता। ये मंदिर साढ़े पांच सौ साल पुराना है। यहां स्नान करने से लोगों को मुक्ति मिलती है।

पंचांग, राशिफल, शब्द पहेली, सूडोकू

आज का राशिफल : 11 जनवरी, 2024

मेष : अध्ययन-अध्यापन में समय गुजरेगा। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से बचें। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। शुभांक-3-5-6

वृष : महत्वपूर्ण निर्णय के लिए दूरदर्शिता से काम लें। कोष में कमी व व्यय की अधिकता से परेशान होंगे। वाद-विवाद होने का भय रहेगा। जल्दबाजी में कोई भूल संभव है। कार्य भार बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। कार्यक्षेत्र में तनाव पैदा होगा। समय व्ययकारी सिद्ध होगा। शुभांक-3-4-6

मिथुन : परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। खान-पान में सावधानी रखें। स्वास्थ्य में धन व्यय होगा। अच्छे समय का इन्तजार करें। कर्म प्रधान विचार धारा बनाये रखें। शुभांक-3-5-6

कर्क : मान-सम्मान बढ़ेगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने काम सुबह ही निपटा लें। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। राजकीय कार्यों से लाभ। मनोबल ऊंचा रखें और काम में लगे रहें। शुभांक-4-6-8

सिंह : काम में सुविधा मिलने से प्रगति होगी। नवीन जिम्मेदारी बढ़ेगी। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। साक्षात्कार के लिए दिन शुभ रहेगा। शुभांक-6-7-9

कन्या : कुछ पिछले संकट अब सिर उठा सकते हैं। अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। अभीष्ट कार्य सिद्ध होंगे। निकटजनों के लिए अर्थव्यवस्था हेतु जोड़-तोड़ करना पड़ेगा। बुरी संगति से बचें। सुविधाओं में शनैः-शनैः बाधा आएगी। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी हो सकता है। शुभांक-4-6-8

तुला : पूर्व में किये कार्यों से लाभ मिलेगा। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। स्वास्थ्य पर ध्यान दें। शांतिपूर्वक कार्य करें। दान-पुण्य का कार्य करें। यात्रा शुभ रहेगी। शुभांक-6-8-9

वृश्चिक : दाम्पत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। सहयोग मिलता चला जाएगा। ‌‌‌अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने में सफल होंगे। व्यापार में स्थिति ठीक रहेगी। माता पक्ष से विशेष लाभ। शुभांक-2-4-6

धनु : संतोष से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य व शिक्षा में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार में स्थिति अच्छी रहेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। शुभांक-1-4-6

मकर : मनोरथ सिद्ध होंगे, पूरे मनोयोग से काम में लगे रहें। सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। कारोबारी काम में बाधा बनी रहेगी। शुभांक-6-8-9

कुंभ : स्वास्थ्य में ताजगी बनी रहने से नई ऊर्जा का संचार होगा। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। शुभांक-3-6-8

मीन : सुनियोजित तरीके से कार्य आरम्भ करें। लाभ होगा और मित्रों का समागम। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। रुका हुआ लाभ प्राप्त हो सकता है। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति होगी। शुभांक-2-4-6







वनडे सीरीजः ऑस्ट्रेलियाई टीम का ऐलान

मेलबर्न। ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए टीम घोषित कर दी है। टीम 17 दिसंबर से वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू मैदान पर दो टेस्ट मैचों की सीरीज का पहला मुकाबला खेलेगी, जिसमें कैमरून ग्रीन भी नजर आएंगे। मैट रेन्शॉ को, जिन्हें वार्नर ने अपने संभावित उत्तराधिकारी के रूप में चुना था, टेस्ट खेल चुके सलामी बल्लेबाजों मार्कस हैरिस और कैमरून बैनक्रॉफ्ट के मुकाबले तरजीह देते हुए टेस्ट टीम में शामिल किया गया है।

लेकिन 27 वर्षीय रेन्शॉ को अभी भी प्लेइंग-11 में जगह बनाने के लिए इंतजार करना होगा क्योंकि राष्ट्रीय चयन पैनल के अध्यक्ष जॉर्ज बेली ने ऑस्ट्रेलिया की शुरुआती प्लेइंग-11 में ऑलराउंडर ग्रीन की वापसी की पुष्टि की है। ऑस्ट्रेलिया के चीफ सेलेक्टर जॉर्ज बैली ने कहा, 'कैमरन ग्रीन पहले टेस्ट की प्लेइंग-11 में शामिल रहेंगे। उनके साथ मैट रेन्शॉ और स्कॉट बोलैंड को भी टीम में जगह मिली है। टीम में देश के छह सर्वश्रेष्ठ बैटर्स को चुना गया है इसलिए वेस्टइंडीज के खिलाफ सीरीज में टीम को कोई परेशानी नहीं होगी।स्कॉट बोलैंड और मैट रेन्शॉ बीबीएल में मेलबर्न स्टार्स (15 जनवरी) और ब्रिस्बेन हीट (13 जनवरी) के लिए खेलने के बाद टीम में शामिल होंगे।वनडे और टेस्ट से रिटायरमेंट ले चुके डेविड वॉर्नर की जगह स्टीव स्मिथ टेस्ट में ओपनिंग करते नजर आएंगे। स्टीव स्मिथ टेस्ट में पहली बार ओपनिंग करेंगे।सिडनी में पाकिस्तान के खिलाफ अंतिम टेस्ट मैच के समापन पर बोलते हुए स्मिथ ने भूमिका में रुचि दिखाई और ऐसा माना जाता है कि उस्मान ख्वाजा के साथ जुड़ने की उनकी उत्सुकता ने ऑस्ट्रेलियाई चयन पैनल के विचारों को प्रभावित किया है।इस बीच, स्मिथ वेस्टइंडीज के खिलाफ 2 फरवरी से शुरू होने वाली तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला के लिए एक बार फिर कप्तानी करते नजर आएंगे। ट्रैविस हेड उनके डिप्टी के रूप में काम करेंगे।अनकैप्ड तेज गेंदबाज लांस मॉरिस को एरोन हार्डी, मैट शॉर्ट, झाय रिचर्डसन और नाथन एलिस के साथ 13 सदस्यीय टीम में नामित किया गया है।टेस्ट कप्तान पैट कमिंस, तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क और जोश हेजलवुड के साथ-साथ ऑलराउंडर मार्श को वनडे सीरीज से आराम दिया गया है।

टेस्ट टीमः पैट कमिंस (कप्तान), स्कॉट बोलैंड, एलेक्स कैरी, कैमरन ग्रीन, जोश हेजलवुड, ट्रैविस हेड, उस्मान ख्वाजा, मार्नस लाबुशेन, नाथन लायन, मिचेल मार्श, मैट रेन्शॉ, स्टीव स्मिथ और मिचेल स्टार्क।

वनडे टीमः स्टीव स्मिथ (कप्तान), शॉन एबट, नाथन एलिस, कैमरून ग्रीन, आरोन हार्डी, ट्रैविस हेड, जोश इंग्लिस, मार्नस लाबुशेन, ग्लेन मैक्सवेल, लांस मौरिस, जाय रिचर्डसन, मैट शॉर्ट और एडम जम्पा।

क्रिकेट मैच के दौरान रन लेते हुए खिलाड़ी को आया हार्ट अटैक, पिच पर तोड़ा दम

नोएडा। एक्सप्रेस-वे कोतवाली क्षेत्र के सेक्टर-135 स्थित ग्राउंड पर क्रिकेट खेल रहे एक इंजीनियर की मौत हो गई। वह जैसे ही रन लेने के लिए दौड़े तो बेहोश होकर जमीन पर गिर गए। पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम करा स्वजन को सौंप दिया है। कोतवाली प्रभारी सरिता मलिक ने बताया कि मूलरूप से उत्तराखंड के 36 वर्षीय विकास नोएडा की एक कंपनी में इंजीनियर के पद पर कार्यरत थे। रविवार को वह अपने साथियों के साथ सेक्टर-135 के क्रिकेट ग्राउंड पर क्रिकेट मैच खेल रहे थे। इसी दौरान रन लेने के लिए भाग रहे विकास अचानक बेहोश होकर गिर पड़े। साथी खिलाड़ी उन्हें उपचार के लिए जेपी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इसकी सूचना स्वजन को दी। खेलते समय विकास की आकस्मिक मौत से उसके स्वजन व साथी हैरान हो गए। मौत का कारण जानने के लिए शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हृदय गति रुकने से मौत होना बताया गया है। वहीं स्वजन ने पुलिस को बताया कि पूर्व में विकास को कोरोना हुआ था। फिलहाल विकास का शव स्वजन को सौंप दिया है।

पाकिस्तान के खिलाफ न्यूजीलैंड के नए बॉलिंग कोच बने आंद्रे एडम्स

क्राइस्टचर्च। पूर्व कीवी ऑलराउंडर आंद्रे एडम्स को घरेलू मैदान पर पाकिस्तान के खिलाफ आगामी टी-20 सीरीज के लिए न्यूजीलैंड का गेंदबाजी कोच नियुक्त किया गया है। आंद्रे एडम्स मुख्य कोच गैरी स्टीड टीम के हिस्से के रूप में पांच मैचों की श्रृंखला के लिए काम करेंगे, जिसमें नियमित बल्लेबाजी कोच ल्यूक रोंची भी शामिल हैं।न्यूजीलैंड टीम के साथ आंद्रे एडम्स बुधवार को ऑकलैंड में अपनी पारी की शुरुआत करेंगे। पाकिस्तान के खिलाफ न्यूजीलैंड की पांच मैचों की टी20 सीरीज 12 जनवरी से ऑकलैंड में शुरू हो रही है। अंतिम दो टी20 के लिए क्राइस्टचर्च जाने से पहले टीमें दूसरा और तीसरा मैच क्रमशः हैमिल्टन और डुनेडिन में खेलेंगीं।

हीली, मूनी के अर्धशतक से भारत को 7 विकेट से हराया

नवी मुंबई। डीवाई पाटिल स्टेडियम में सलामी बल्लेबाज एलिसा हीली और बेथ मूनी की शानदार अर्धशतकीय पारियों की मदद से आस्ट्रेलियाई महिलाओं ने तीसरे और अंतिम टी-20 मैच में भारतीय महिला टीम को सात विकेट से हरा दिया और 2-1 से सीरीज जीत ली। कप्तान हीली ने 34 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया और 38 गेंदों में 55 रन बनाए, जबकि मूनी 45 गेंदों में 52 रन बनाकर नाबाद रहीं। ऑस्ट्रेलिया ने 18.4 ओवरों में 149/3 रन बनाकर भारत को 20 ओवरों में 147/6 पर रोक दिया।

हीली और मूनी ने पहले विकेट के लिए 85 रन जोड़े और पावरप्ले में बिना किसी नुकसान के 54 रन बना लिए। हीली ने चौथे ओवर में तितास साधु की गेंद पर तीन चौके लगाए, रेणुका सिंह की गेंद पर ऑफ-स्टंप के बाहर फुलिश डिलीवरी पर वाइड लॉन्ग-ऑन पर छक्का लगाया और पांचवें ओवर की चार गेंदों में दो चौके लगाए, जिससे आस्ट्रेलिया की शुरुआत अच्छी रही।

हीली, जो जेमिमाह रोड्रिग्स द्वारा ली गई डिपिंग गेंद पर कैच आउट होते-होते बच गई, कई रीप्ले देखने के बाद टीवी अंपायर ने उसके पक्ष में फैसला सुनाया। उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई पारी में नौ चौके और एकमात्र छक्का लगाया। उन्हें डीआरएस के जरिए आउट करार दिया गया, दीप्ति शर्मा द्वारा ऑफ-स्टंप के बाहर फुल डिलीवरी पर रिवर्स स्वीप करने के प्रयास में लेग बिफोर विकेट के रूप में फंसाया गया। जबकि अल्ट्रा एज ने फैसला सुनाया कि गेंद बल्ले से नहीं लगी थी, हॉकआई ने कहा कि गेंद्र मध्य और लेग स्टंप पर जाकर लगी होगी। पूजा वस्त्राकर ने लगातार दो विकेट ताहलिया मैक्ग्रा (20) और एलिसे पेरी (0) लिए, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। आखिरी दो ओवरों में आठ रनों की जरूरत थी, मूनी ने 19वें ओवर में लगातार गेंदों पर चौके लगाकर ऑस्ट्रेलिया की जीत पक्की कर दी।

भारत की महिलाओं ने तीन मैचों की टी20 सीरीज़ की शुरुआत शुरुआती गेम जीतकर की थी, जबकि मेहमान टीम ने दूसरा गेम जीतकर जोरदार वापसी की। श्रृंखला का भाग्य इस मैच पर निर्भर था और ऑस्ट्रेलियाई टीम ने शानदार गेंदबाजी प्रदर्शन के साथ खुद को स्थापित किया। शेफाली वर्मा, जिन्होंने 17 गेंदों में छह चौकों की मदद से 26 रनों की पारी खेली, स्मृति मंधाना (29) और ऋचा घोष (24) ने शुरुआत की, लेकिन इसका फायदा उठाने और बड़े स्कोर तक पहुंचने में असफल रहीं, क्योंकि भारत 147/6 का अच्छा स्कोर ही बना सका। उन्होंने चार चौके किम गार्थ की गेंद पर लगाए, जबकि मेगन शुट्ट ने अन्य दो चौके लगाए। भारत ने जेमिमा रोड्रिग्स (2), मंधाना और हरमनप्रीत कौर (3) के तीन विकेट जल्दी खो दिए और 10वें ओवर में भारत का स्कोर 66/4 हो गया। ऋचा घोष ने 28 गेंदों में दो चौकों और तीन छक्कों की मदद से 34 रन बनाकर पारी को पुनर्जीवित किया, जबकि अमनजोत कौर ने 14 गेंदों में नाबाद 17 रन बनाए, जिससे भारत 147/6 पर पहुंच गया, जो अंत में अपर्याप्त साबित हुआ, क्योंकि उनके गेंदबाज दर्शकों को परेशान करने में विफल रहे। ऑस्ट्रेलिया के लिए सदरलैंड और जॉर्जिया वेयरहैम ने क्रमशः 12 और 24 रन पर दो-दो विकेट लिए।

श्रीलंका और आयरलैंड के खिलाफ सभी प्रारूपों की श्रृंखला खेलेगी अफगानिस्तान

काबुल। अफगानिस्तान फरवरी 2024 में श्रीलंका और आयरलैंड के खिलाफ सभी प्रारूपों की श्रृंखला में भाग लेगी। अफगानिस्तान ने 2 फरवरी से 18 मार्च के बीच होने वाली दो अलग-अलग सभी प्रारूप श्रृंखलाओं की घोषणा की है।टीम पहले 2 से 21 फरवरी तक एकमात्र टेस्ट, तीन वनडे और तीन टी20 मैचों के लिए श्रीलंका का दौरा करेगी।फिर, 28 फरवरी से 18 मार्च तक यूएई में इतने ही मैचों के लिए आयरलैंड की मेजबानी करेगी।अफगानिस्तान का श्रीलंका दौरा 2 से 6 फरवरी तक कोलंबो के सिंहली स्पोर्ट्स क्लब क्रिकेट ग्राउंड में एकमात्र टेस्ट मैच के साथ शुरू होगा। इसके बाद 9,11 और 14 फरवरी को आर. प्रेमदासा अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में तीन वनडे मैच खेले जाएंगे। जबकि, कोलंबो में तीन टी20 मैच 17, 19 और 21 फरवरी को दांबुला अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेले जाएंगे।

बिजनेस

मोदी बोले- भारत 25-वर्षों के लक्ष्य पर काम कर रहा

गांधीनगर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गांधीनगर में वाइब्रेंट गुजरात समिट के 10वें एडिशन का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि भारत अगले 25 वर्षों के लक्ष्य पर काम कर रहा है। जब भारत अपनी आजादी के 100 वर्ष पूरे करेगा, तब तक हमने भारत को विकसित बनाने का लक्ष्य रखा है।प्रेसिडेंट मोहम्मद बिन जायद कई अन्य वर्ल्ड लीडर्स और इंडस्ट्री लीडर्स के साथ चीफ गेस्ट के रूप में इस कार्यक्रम में शामिल हैं। वहीं मुकेश अंबानी, पंकज पटेल, गौतम अडाणी और लक्ष्मी मित्तल समेत देश-विदेश के दिग्गज कारोबारी समिट में मौजूद हैं। पीएम नरेंद्र मोदी, यूएई के

प्रेसिडेंट शेख मोहम्मद बिन जायद, चेक रिपब्लिक के पीएम पीटर फियाला, मोजाम्बिक के प्रेसिडेंट फिलिप न्यूसी, तिमोर लेस्ते के राष्ट्रपति जोस रामोस होरता, गुजरात के सीएम भूपेंद्र पटेल और गुजरात के गर्वनर आचार्य देवव्रत।

पीएम नरेंद्र मोदी, यूएई के प्रेसिडेंट शेख मोहम्मद बिन जायद, चेक रिपब्लिक के पीएम पीटर फियाला, मोजाम्बिक के प्रेसिडेंट फिलिप न्यूसी, तिमोर लेस्ते के राष्ट्रपति जोस रामोस होरता, गुजरात के सीएम भूपेंद्र पटेल और गुजरात के गर्वनर आचार्य देवव्रत।

पीएम मोदी ने कहा- इस कार्यक्रम में मेरे भाई, और॰श्व के प्रेसिडेंट का होना खुशी की बात है। भारत और॰श्व ने अपने रिश्तों को जो नई ऊंचाई दी है, उसका श्रेय मेरे दोस्त और॰श्व के प्रेसिडेंट शेख मोहम्मद बिन जायद को जाता है। दोनों देशों के बीच कई बड़े समझौते हुए हैं। पोर्ट डेवलपमेंट के लिए संयुक्त अरब अमीरात के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर हुए हैं। भारत की प्राथमिकता फ्यूचरिस्टिक टेक्नोलॉजी है। भारत की प्राथमिकता ग्रीन हाइड्रोजन, सेमीकंडक्टर है। इसकी झलक ट्रेड शो में देख सकते हैं। मेरा आग्रह है सभी लोग ट्रेड शो जरूर देखें। इन सेक्टर्स में इन्वेस्टमेंट के लिए लगातार नए अवसर बन रहे हैं। अगर भारत की ग्रोथ में इतना मोमेंटम दिख रहा है, तो इसकी वजह बीते 10 साल में किए गए इंफ्रास्ट्रक्चर रिफॉर्म पर फोकस है। भारत लॉजिस्टिक्स पर भी तेजी से काम कर रहा है। 10 साल पहले भारत में 74 एयरपोर्ट थे आज भारत में 149 एयरपोर्ट हैं। नेशनल हाईवे नेटवर्क दो गुना और मेट्रो ट्रेन नेटवर्क 3 गुना से ज्यादा बढ़ चुका है। गुजरात हो महाराष्ट्र हो या इस्टर्न कोस्ट लाइन हो इनको आज डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर से जोड़ा जा रहा है। रिलायंस ग्रुप के चेयरमैन और स्न्ड्ढ मुकेश अंबानी ने कहा- जब मेरे विदेशी दोस्त मुझसे पूछते हैं कि मोदी है तो मुमकिन है का मतलब क्या है, तो मैं कहता हूं कि भारत के प्रधानमंत्री एक विजन बनाते हैं और उसे क्रियान्वित करते हैं, वे असंभव को संभव बना देते हैं। मेरे पिता धीरूभाई अंबानी मुझसे कहा करते थे कि गुजरात हमेशा तुम्हारी कर्मभूमि रहेगी। मैं आज दोहराता हूं कि रिलायंस हमेशा गुजरात की कंपनी रहेगी। रिलायंस ने भारत में 12 लाख करोड़ रुपए का निवेश किया है, जिसमें से एक तिहाई निवेश गुजरात में किया है।

पंप इनोवेशन में शक्ति पम्पस का 10वां पेटेंट

पीथमपुर। एनर्जी एफिशिएंट पंप्स और मोटर्स निर्माण की अग्रणी कंपनी शक्ति पंप्स (इंडिया) लिमिटेड को अ सर्फेस हेलिकल पंप कंस्ट्रक्शन विथ कोलिनियर फ्लो÷के आविष्कार के लिए पेटेंट प्राप्त हुआ है। पेटेंट कार्यालय, भारत सरकार ने 1970 के पेटेंट अधिनियम में निर्धारित प्रावधानों का पूरी तरह से पालन करते हुए, शक्ति पंप्स को यह पेटेंट प्रदान किया है। यह पेटेंट 20 वर्षों की अवधि के लिए वैध है और यह शक्ति पम्पस् का दसवां पेटेंट है।
शक्ति पंप्स का यह इनोवेशन आरओ झिल्ली में रुकावट आने पर भी लगातार जल प्रवाह को जारी रखता है, इस इनोवेशन के साथ शक्ति पंप्स की रिसर्च टीम ने सेंट्रीफ्युगल पम्पस् में अक्सर होने वाली समस्या का समाधान कर दिया है। इसकी बेहतरीन डिजाइन एफिशिएंसी को बढ़ाती है।

अगले साल से मिलने लगेगी फ्लाइंग कार

लास वेगास।साल का सबसे बड़ा टेक इवेंट कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स शो 2024 का आगाज अमेरिका के लास वेगास में हो गया है। इसमें साउथ कोरियन कंपनी ने दुनिया का पहला ट्रांसपेरेंट टीवी पेश किया। इसके अलावा फ्लाइंग कार और 2 इन 1 लैपटॉप जैसे प्रोडक्ट भी पेश किए गए हैं। 1.30 लाख से अधिक लोगों के शामिल होने की उम्मीद है। 12 जनवरी तक चलने वाले इस इवेंट में दुनियाभर की 4000 से ज्यादा कंपनियां आधुनिक इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का प्रदर्शन कर रही हैं। साउथ कोरियन कंपनी स्त्र ने दुनिया का पहला ट्रांसपेरेंट स्मार्ट टीवी पेश किया है। इसमें 77-इंच का एक ग्लास डिस्प्ले है। इससे स्क्रीन पर दिखने वाली इमेजेस हवा में तैरती हुई दिखती हैं। स्त्र सिग्नेचर ह्रस्न्रष्ठ टीवी इस साल के अंत में ग्लोबल लेवल पर अवेलेबल होगा।

कहना है कि बंद होने पर यह इनविजिबल हो जाता है। टीवी एक जीरो कनेक्ट बॉक्स के साथ आता है, जो टीवी पर वायरलेस टेक्नीक की मदद से डिस्प्ले पैनल पर वीडियो और ऑडियो ट्रांसमिट करता है। सैमसंग ने भी यहां माइक्रो स्न्रष्ठ-पावर्ड ट्रांसपेरेंट टीवी पेश किया है।

अपनी फ्लाइंग कार को ष्टश्वस् में पेश किया है। इस कार की प्रोग्रेस पर अपडेट शेयर करते हुए कंपनी ने बताया कि यहां पेश की गई कार का 2025 में बड़े पैमाने पर प्रोडक्शन किया जाएगा। हालांकि, इससे पहले, कंपनी इस साल की चौथी तिमाही से मॉड्यूलरकॉम्बो के लिए प्री-ऑर्डर शुरू करेगी।फुली-इलेक्ट्रिक पायलटेड एयरक्राफ्ट वर्टिकल टेकऑफ/लैंडिंग और कम ऊंचाई वाली उड़ानों में सक्षम है। ये मैनुअल और ऑटोनॉमस फ्लाइट मोड को सपोर्ट करता है। 270ए पैनोरमिक दो-पर्सन कॉकपिट वाइड फील्ड ऑफ व्यू ऑफर करता है। सैमसंग ने फ्यूचरिस्टिक फोल्डेबल फोन प्रदर्शित किया। इसे 'फ्लेक्स इन एंड आउट' कहा जा रहा है। यह नया फोल्डेबल कॉन्सेप्ट डिवाइस आगे और पीछे दोनों तरफ 360 डिग्री तक मुड़ सकता है।

सोना-चांदी की कीमतों में गिरावट

नई दिल्ली। सोने-चांदी के दामों में आज यानी, 10 जनवरी को गिरावट देखने को मिली है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के मुताबिक, 10 ग्राम सोना 168 रुपए सस्ता होकर 62,247 रुपए पर आ गया है। वहीं 18 कैरेट सोने का भाव 46,685 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गया है। चांदी में भी आज गिरावट देखने को मिली है। ये 545 रुपए सस्ती होकर 71,295 रुपए प्रति किलो ग्राम पर आ गई है। इससे पहले ये 71,840 रुपए पर थी। बीते महीने 4 दिसंबर को चांदी 77 हजार के पार पहुंच गई

थी। साल 2023 की शुरुआत में सोना 54,867 रुपए प्रति ग्राम पर था जो 31 दिसंबर को 63,246 रुपए प्रति ग्राम पर पहुंच गया था। यानी साल 2023 में इसकी कीमत में 8,379 रुपए (16त्न) की तेजी आई। वहीं चांदी भी 68,092 रुपए से बढ़कर 73,395 रुपए प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई। अगर आप सोना खरीदने का प्लान बना रहे हैं तो इस बात का ध्यान रखें कि वो ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैंडर्ड (क्चढ्डस्) का हॉलमार्क लगा हुआ सर्टिफाइड गोल्ड ही हो। जैसे आधार कार्ड पर 12 अंकों का कोड होता है, उसी तरह से सोने पर 6 अंकों का हॉलमार्क कोड होता है। इसे हॉलमार्क यूनीक आइडेंटिफिकेशन नंबर यानी ये नंबर अल्फान्यूमेरिक यानी कुछ इस तरह से हो सकता है-4524। हॉलमार्किंग के जरिए ये पता करना संभव हो गया है कि कोई सोना कितने कैरेट का है।

अजय देवगन ने मुंबई में रेड 2 की शूटिंग की शुरू

बॉलीवुड सुपरस्टार अजय देवगन ने अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म रेड 2 की शूटिंग शुरू कर दी है। यह फिल्म 2018 की रिलीज रेड का सीक्वल है।एक्टर अगले सीक्वल के लिए निर्देशक राज कुमार गुप्ता के साथ फिर से जुड़ रहे हैं। फिल्म की शूटिंग शनिवार को मुंबई में शुरू हुई और इसे दिल्ली, मुंबई, यूपी और राजस्थान में शूट किया जाएगा।फिल्म व्यापार विश्लेषक तरण आदर्श ने अपने एक्स पर अपडेट साझा कियाः अजय देवगन रेड 2 की शूटिंग आज से शुरू कर रहे हैं... 15 नवंबर 2024 को फिल्म रिलीज होगी... आईआरएस अधिकारी अमय पटनायक वापस आ गए हैं... अजय देवगन रेड (2018) के अगले सीक्वल रेड-2 के लिए निर्देशक राजकुमार गुप्ता के साथ फिर से जुड़े हैं।उन्होंने आगे लिखाः फिल्म की शूटिंग आज मुंबई में शुरू हो रही है और इसे बड़े पैमाने पर मुंबई, दिल्ली, यूपी और राजस्थान में शूट किया जाएगा। रेड 2 का निर्माण भूषण कुमार, कुमार मंगत पाठक, अभिषेक पाठक और कृष्ण कुमार कर रहे हैं।

फिल्म सिनेमाघरों में 15 नवंबर 2024 को रिलीज होगी।एक्टर अगले सीक्वल में आईआरएस आयकर उपायुक्त अमय पटनायक की अपनी भूमिका को दोहराते हुए दिखाई देंगे।रेड 1980 के दशक में सरदार इंदर सिंह पर आयकर विभाग के अधिकारियों द्वारा की गई वास्तविक आयकर छापेमारी पर आधारित है, जिसने 3 दिन और 2 रातों तक चलने वाली भारतीय इतिहास की सबसे लंबी छापेमारी के रूप में खुद को दूसरों से अलग किया।

मैं मॉर्फिंग, डीपफेक वीडियो के बारे में जागरूकता फैलाने में विश्वास करती हूं : आराधना शर्मा

अभिनेत्री आराधना शर्मा, जो आगामी वेब सीरीज वीडियो कैम स्कैम का हिस्सा हैं, ने बताया कि किस चीज ने उन्हें इस प्रोजेक्ट का हिस्सा बनने के लिए आकर्षित किया, और बताया कि कैसे वह बढ़ती जागरूकता के बारे में जागरूकता फैलाने में विश्वास करती हैं। मॉर्फिंग और डीपफेक वीडियो जैसे चलन, जो लोगों को मानसिक और आर्थिक रूप से काफी नुकसान पहुंचा रहे हैं।

आराधना ने सीरीज़ के बारे में बात करते हुए साझा किया कि शीर्षक आपको संकेत देता है कि इसमें वीडियो, एक कैमरा और एक घोटाले की कहानी शामिल है।वह कहती हैं, हालांकि, घोटाला सिर्फ वित्तीय नहीं है; यह आपके मूल्यों, नैतिकता और व्यक्तिगत अखंडता का शोषण करके आपको भावनात्मक रूप से भी निशाना बनाता है। यह मौजूदा एआई तकनीक द्वारा संचालित कैमरों और उन्नत वीडियो तकनीकों के उपयोग के जरिए किया जाता है। संक्षेप में, यह एक ऐसा कथानक है जो न केवल आपकी वित्तीय भलाई, बल्कि आपके भावनात्मक और नैतिक मूल्यों में भी हेरफेर करता है।बरसातें की अभिनेत्री ने शो के लिए हां कहने के पीछे की वजह के बारे में कहा, वास्तव में, जिस चीज ने मुझे इस प्रोजेक्ट की ओर आकर्षित किया, वह यह है कि एक अभिनेत्री के रूप में मेरी भूमिका सिर्फ प्रदर्शन से परे है, यह जागरूकता बढ़ाने के बारे में है। मैं मॉर्फिंग और डीपफेक वीडियो जैसे बढ़ते रुझानों के बारे में जागरूकता फैलाने में विश्वास करती हूं, जो लोगों को मानसिक और आर्थिक रूप से काफी नुकसान पहुंचा रहे हैं।आराधना ने इसे एक सार्थक एजेंडे में योगदान करने के अवसर के रूप में देखा और इन मुद्दों को संबोधित करने वाली परियोजना का हिस्सा बनने में उद्देश्य की भावना महसूस की।लोकप्रिय सिटकॉम तारक मेहता का उल्टा चश्मा का हिस्सा रह चुकीं दिवा ने अपने किरदार के बारे में विस्तार से बात करते हुए कहा कि वह एक अनैतिक हैकर है, जैसा आपने फिल्मों में देखा होगा, जो केवल पैसे के लिए प्यार से प्रेरित है।उन्होंने कहा, वह दौलत की भूखी एक कॉलेज ड्रॉपआउट है।

नौसेना को मिला पहला स्वदेशी मीडियम एल्टीट्यूड लॉन्ग एंड्योरेंस दृष्टि-10 यूएवी

स्टारलाइनर दृष्टि-10 यूएवी जल्द ही नौसेना और सेना में शामिल होगा

अडानी डिफेंस ने हैदराबाद के यूएवी कॉम्प्लेक्स में किया है विकसित

नई दिल्ली (हि.स.)। नौसेना प्रमुख एडमिरल आर. हरि कुमार ने बुधवार को पहला स्वदेशी मीडियम एल्टीट्यूड लॉन्ग एंड्योरेंस दृष्टि-10 यूएवी नौसेना को सौंप दिया। इसे अडानी डिफेंस सिस्टम्स एंड टेक्नोलॉजीज ने हैदराबाद स्थित यूएवी कॉम्प्लेक्स में निर्मित किया है। हर्मीस यूएवी पर आधारित स्टारलाइनर दृष्टि-10 यूएवी जल्द ही नौसेना और सेना में शामिल होगा। उन्होंने कहा कि पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष और उत्पन्न चुनौतियों के बावजूद यह यूएवी विकसित करके नौसेना को सौंपा जाना महत्वपूर्ण है।



नौसेना प्रमुख ने कहा कि अडानी डिफेंस सिस्टम्स एंड टेक्नोलॉजीज में पहले स्वदेशी मीडियम एल्टीट्यूड लॉन्ग एंड्योरेंस यूएवी की प्रगति का जायजा लेने और समीक्षा करने के लिए आपके बीच आना वास्तव में सम्मान और गर्व की बात है। दृष्टि-10 अनुबंध के बाद केवल 10 महीनों में अपने नाम के अनुरूप यह यूएवी दिन की रोशनी 'देख' चुका है। उन्होंने कहा कि समसामयिक दुनिया के तेजी से विकसित हो रहे और गतिशील तकनीक से जुड़े युद्धों में स्वायत्त प्रणालियों के महत्व पर जोर देने की कोई आवश्यकता नहीं है। हम अपने घरों में बैठे-बैठे यूरोप और पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्षों में उनके प्रभाव को देखते रहते हैं। इसके अलावा उत्तरी अरब सागर में हाल की घटनाएं इस तरह की प्रणालियों के आतंकवादियों के हाथों में पड़ने पर उत्पन्न होने वाली चुनौतियां दर्शाती हैं।

एडमिरल कुमार ने कहा कि आज दुनिया भर के देशों के लिए युद्ध के क्रम में स्वायत्त प्रणालियां पसंदीदा विकल्प बनती जा रही हैं। हमारे दोनों निकटतम पड़ोसियों के पास सामूहिक रूप से यूएवी की एक बहुत बड़ी सूची है। इसलिए एक राष्ट्र के रूप में और सशस्त्र बलों के रूप में हमें चुस्त और सतर्क रहकर इस क्षेत्र में अपनी विशेषज्ञता का उपयोग करना जारी रखें। भारतीय नौसेना पिछले दो दशकों से यूएवी का संचालन कर रही है, जो नौसेना के आत्मनिर्भर और 'फ्यूचर-प्रूफ' बल होने के 'विजन' का प्रतीक है। ऐसे परिष्कृत और विशिष्ट प्लेटफार्मों के स्वदेशीकरण को अपनाने और एकीकृत करने में सशस्त्र बलों के बीच अग्रणी के रूप में हमारे कद को भी मजबूत करती है।

उन्होंने नौसेना को सौंपे गए दृष्टि-10 यूएवी की खूबियों के बारे में बताया कि अत्याधुनिक सेंसर, उन्नत सहनशक्ति, उन्नत संचार क्षमताओं के साथ-साथ स्वचालित टेक ऑफ और लैंडिंग (एटीओएल) जैसी नई पीढ़ी की प्रौद्योगिकियों के साथ इंटेलिजेंस, निगरानी और विश्वसनीयता बढ़ेगी। दृष्टि-10 आकाश में हमारी तीसरी आंख बन सकता है, जिससे हमारी नौसेना भारत पर बुरी नजर डालने की हिम्मत करने वाले किसी भी व्यक्ति पर निशाना साधने में सक्षम होगी। मुझे विश्वास है कि दृष्टि-10 यूएवी भारत के राष्ट्रीय समुद्री हितों की रक्षा के लिए हमारे भविष्य के नौसैनिक अभियानों को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा और हिंद महासागर क्षेत्र में हमारे दोस्तों और भागीदारों के सहयोग से समुद्री सुरक्षा सुनिश्चित होगी।

गन सैल्यूट के साथ उस्ताद राशिद खान को दी गई कोलकाता में अंतिम विदाई

कोलकाता (हि.स.)। कोलकाता के पीयरलेस अस्पताल में दम तोड़ने वाले मशहूर शास्त्रीय संगीतकार उस्ताद राशिद खान को बुधवार को अंतिम विदाई दी गई।

कोलकाता के राजकीय नंदन प्रेक्षागृह में उनके पार्थिव शरीर को बुधवार लाया गया। यहां संगीतकारों और अन्य कलाकारों ने उन्हें अंतिम विदाई दी। इस मौके पर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और अन्य कलाकार मौजूद थे। उन्हें पुलिस की ओर से गन सैल्यूट के साथ अंतिम विदाई दी गई है। उनका जन्म उत्तर प्रदेश के बदायूं में हुआ था, इसलिए वहीं उन्हें सुपुर्देखाक किया जाएगा। कोलकाता में अंतिम विदाई देने के बाद उन्हें उत्तर प्रदेश के बदायूं के लिए रवाना कर दिया गया।

उल्लेखनीय हैं कि शास्त्रीय संगीत के मशहूर गायक उस्ताद राशिद खान का निधन मंगलवार को हो गया। वह 55 वर्ष के थे। कोलकाता के अस्पताल में उन्होंने अंतिम सांस ली। इसकी सूचना मिलने के तुरंत बाद मुख्यमंत्री ममता बनर्जी अस्पताल जा पहुंची थीं। बनर्जी ने कहा था कि प्रोस्टेट कैंसर के कारण कोलकाता के अस्पताल में इलाज करा रहे संगीत सम्राट उस्ताद राशिद खान का निधन हो गया। हमने उनके इलाज में सर्वश्रेष्ठ कोशिश की लेकिन बचाना संभव नहीं हो सका।

पिछले महीने सेरेब्रल अटैक के बाद संगीतकार की स्वास्थ्य स्थिति बिगड़ गई थी। रामपुर-सहसवान घराने से ताल्लुक रखने वाले खान, घराने के संस्थापक इनायत हुसैन खान के पड़पोते थे।

राम और सनातन विरोधी है कांग्रेस : अनुराग ठाकुर

नई दिल्ली (हि.स.)। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस हमेशा से ही राम और सनातन विरोधी रही है। ठाकुर ने बुधवार को मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि कांग्रेस ने राम मंदिर के आमंत्रण को ठुकरा कर एक बार पुनः साबित कर दिया है कि वह राम और सनातन विरोधी है। ये वही कांग्रेस है, जिसने भगवान राम को काल्पनिक करार दिया था। कांग्रेस ने पुनः बाबरी मस्जिद बनाने की बात कही थी। कांग्रेस ने राम मंदिर के विरोध में कोर्ट में वकीलों की फौज खड़ी कर दी थी। उनका राम मंदिर कार्यक्रम में न जाना कोई चौंकाने वाली बात नहीं है। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री ने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा सनातन धर्म को ठेस पहुंचाने का काम किया है। ये लोग राम को नकारते रहे हैं। कांग्रेस ने अनेक बार हिन्दुओं को नीचा दिखाने का काम किया है।

कनाडा में गुरुद्वारे के बाहर विरोध प्रदर्शन हुआ हिंसक, मारपीट में दो घायल

टोरंटो (हि.स.)। कनाडा में एक गुरुद्वारे के बाहर दो सप्ताह तक चला विरोध प्रदर्शन सप्ताह के अंत में हिंसक हो गया। इस हिंसा में दो लोग घायल हो गए हैं। स्थानीय पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। रिपोर्ट के अनुसार, गुरुद्वारा नेतृत्व समिति के विरोध में चल रहे विरोध प्रदर्शन के दौरान हिंसा भड़कने के बाद रविवार शाम को पूर्वोत्तर कैलगरी में दशमेश संस्कृति केंद्र में अधिकारियों को बुलाया गया। पुलिस ने बताया कि 135 गुरुद्वारा साहिब बुलेवार्ड स्थित इमारत में शाम 7.45 बजे 50 से 100 लोग झगड़े में शामिल थे। कैलगरी पुलिस सेवा (सीपीएस) के अनुसार, रविवार को दशमेश संस्कृति केंद्र से सेवा के लिए दो कॉल प्राप्त हुईं, जिनमें से प्रत्येक प्रदर्शनकारियों और इमारत के रहने वालों के बीच अलग-अलग गड़बड़ी के लिए थी। लगभग 1.15 बजे, अधिकारियों को शुरू में उन व्यक्तियों के संबंध में गड़बड़ी की रिपोर्ट के लिए भेजा गया था जिनके बारे में माना जाता था कि वे उस स्थान पर विरोध प्रदर्शन कर रहे थे। कुछ ही देर बाद, दूसरी कॉल आई जिसमें बताया गया कि प्रदर्शनकारी इमारत के अंदर चले गए हैं।

लिटिल बुद्धा के नाम से चर्चित बम्जन चार वर्षों बाद पुलिस गिरफ्त में, घर से 26 देशों की करेंसी बरामद

काठमांडू (हि.स.)। नेपाल में लिटिल बुद्धा के नाम से चर्चित रहे रामहादुर बम्जन को पुलिस ने चार वर्षों बाद बीती रात काठमांडू से गिरफ्तार किया है। उस पर एक युवती से बलात्कार और तीन अन्य को लापता करने का आरोप था। चार वर्षों से फरार रहे बम्जन को बुधवार को जिला अदालत सलार्ही में पेश किया जाएगा।

नेपाल की जांच एजेंसी केन्द्रीय अनुसंधान ब्यूरो (सीआईबी) पिछले चार वर्षों से बम्जन को ढूंढ रही थी। बम्जन अपनी पत्नी और बेटे से मिलने काठमांडू स्थित अपने घर में आने वाला था। इसकी सूचना मिलने पर पुलिस ने बीती रात काठमांडू से गिरफ्तार कर लिया। सीआईबी की प्रमुख एआईजी किरण बज्राचार्य ने बताया कि पिछले एक हफ्ते से हम उस पर लगातार निगरानी रख रहे थे।

उन्होंने बताया कि सन् 2019 में बम्जन पर सलार्ही जिले की एक युवती ने कई बार जबरन शारीरिक संबंध बनाने का आरोप लगाया था। उस युवती की शिकायत के बाद पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर गिरफ्तार करने का प्रयास किया था, लेकिन उन दिनों जंगल में तपस्वी के रूप में रह रहे बम्जन पुलिस की गिरफ्त से बच निकला था। इसी बीच सलार्ही जिले में तीन अलग अलग परिवारों ने बम्जन पर उनकी बच्चियों को लापता करने का आरोप लगाया। वे बम्जन के आश्रम में ही कार्यरत थी। इन परिवार वालों की शिकायत के बाद सन् 2020 में सलार्ही जिला अदालत ने बम्जन की गिरफ्तारी का वारंट जारी कर दिया था।

सीआईबी ने बम्जन से पूछताछ के बाद बताया कि पिछले चार सालों से भारत के सिक्किम और दार्जिलिंग इलाके में छुपा हुआ था। उसने कुछ दिनों तक नेपाल के मकवानपुर और चितवन की जंगलों में भी छिपे होने जानकारी पुलिस को दी है। एआईजी बज्राचार्य ने बताया कि छापेमारी के समय उसके घर से 26 देशों की करेंसी भी बरामद हुई, जिसकी नेपाली कीमत करीब तीन करोड़ रुपये है।

जनता का भरोसा जीतना कांग्रेस के लिए जरूरी : खड़गे

नई दिल्ली (हि.स.)। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि जनता के बीच रहना, उनके मुद्दों को उठाना व उनका भरोसा जीतना कांग्रेस के लिए जरूरी है। खड़गे ने बुधवार को पार्टी मुख्यालय में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के विभिन्न विभागों व अग्रिम संगठनों से चर्चा के दौरान कहा कि आम चुनाव में हम वहां सफल रहे, जहां हमने जनता के बीच काम किया। हालांकि हम वहां फेल रहे, जहां हमने केवल जनसभाएं कीं। अगर हम जनता के साथ नहीं घुले मिले, उनके बीच काम न करें तो हम उसका भरोसा जीत लेने की आशा नहीं कर सकते हैं। ऐसे में कांग्रेस को जनता के बीच रहना ही होगा। खड़गे ने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी भारत जोड़ो यात्रा के बाद अब भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर निकलने वाले हैं। यह यात्रा ऐतिहासिक होगी। राहुल गांधी लगातार देश की जनता से जुड़ रहे हैं। उनसे संवाद कर रहे हैं और हमें मिलकर जनता के मुद्दों का समाधान निकालना है। खड़गे ने कहा कि कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी के नेतृत्व में 2004 और 2009 में लगातार दो बार हम सब मिल कर भाजपा को पराजित कर चुके हैं। बस हमें अपनी ताकत को पहचान कर, अपने विचारों पर एक होकर कायम रहना है।

देश में आए कोरोना के 605 नए मामले, 4 की मौत

नई दिल्ली (हि.स.)। देश में कोरोना के नए मामले आने का सिलसिला जारी है। बुधवार को पिछले 24 घंटे में कोरोना के 605 नए मामले सामने आए हैं और इससे 04 मरीजों की मौत हुई है। इसके साथ 877 मरीज स्वस्थ हुए हैं। बुधवार को स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार देश में कोरोना के एक्टिव मरीजों की संख्या 3,643 हो गई है।

स्वास्थ्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार कोरोना के ज्यादातर मामले केरल और कर्नाटक में सामने आ रहे हैं। इन्हीं दोनों राज्यों में पिछले 24 घंटे में 2-2 मरीजों की मौत हुई है। उल्लेखनीय है कि मंगलवार को कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत भी कोरोना संक्रमित हो गए हैं।

उप्र : अमरोहा में अंगीठी जलाकर कमरे में सो गया परिवार, दम घुटने से पांच की मौत

परिवार के दो सदस्यों की हालत गंभीर, अस्पताल में चल रहा इलाज

अमरोहा (हि.स.)। उत्तर प्रदेश में जनपद अमरोहा के सैदनगली थाना क्षेत्र में पड़ रही कड़ाके की सर्दी से बचने के लिए तसले में आग जलाकर एक परिवार कमरे में सो गया। अगले दिन परिवार के पांच लोगों की दम घुटने के कारण मौत हो गई और दो लोगों की हालत नाजुक है। गांव अल्लीपुर भूड़ उर्फ ढक्का मोड़ निवासी रहीसुद्दीन ट्रक चलाकर परिवार का भरण पोषण करता है। उसके परिवार में पत्नी हुस्नजहां, उसकी की बेटी सोनम, बड़ा बेटा जैद, छोटा बेटा माहिर हैं। धनौरा निवासी साढू आस मोहम्मद ने बताया कि कुछ दिन पहले पत्नी अपनी बेटी कशिश के साथ रहीसुद्दीन के यहां गयी थी। ट्रक चालक रहीसुद्दीन का साला सिहाली जागीर निवासी रियासत, उसकी बेटी महक भी आये हुए थे। जबकि ट्रक चालक रईसुद्दीन चार दिन पूर्व ट्रक चलाने काशीपुर गया था। इस बीच मंगलवार की रात कड़ाके की सर्दी से बचने के लिए परिवार के लोगों ने कमरे में अंगीठी जलाकर सो गये। बुधवार को चालक ने हालचाल लेने के लिए पत्नी को फोन मिलाया। कई बार फोन करने पर जब कॉल नहीं उठी तो उसने अपने छोटे भाई गबरू को फोन करके घर का हालचाल लेने के लिए भेजा। देवर जब घर पहुंचा तो दरवाजा खटखटाया, लेकिन भीतर से कोई आवाज नहीं आयी है। इतने में आसपास के लोगों भीड़ जमा हो गई। गबरू ने मोहल्ले के लोगों के साथ छत के रास्ते से कमरे में दाखिल हुआ। उसने देखा कि सभी बेहोशी हालत में पड़े हुए थे और कमरे में धुआ भरा हुआ था। इसकी सूचना पुलिस को दी गई। आनन-फानन में सभी को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने रहीसुद्दीन की पत्नी हुस्नजहां और साला रियासत की हालत गंभीर बताया है। परिवार के पांच लोगों को मृत घोषित कर दिया है। घटना की जानकारी मिलते ही जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी और पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने फोरेंसिक टीम के साथ जिस कमरे में तसले में कोयला जलाया गया था, उस स्थान का बारीकी से निरीक्षण किया। एसपी के मुताबिक यह अंदाजा लगाया जा रहा है कि सोते-सोते परिवार के लोगों का दम घुटा है। अगर वह जागते हुए होते तो जरूर घर से बाहर भागने की कोशिश करते हैं। फिलहाल ये घटना सोमवार की रात की है। पूरा परिवार मंगलवार को दिनभर कमरे में पड़ा रहा। इसकी भनक पड़ोसियों को भी नहीं लगी।

पूरी दुनिया के लिए नियोजन का साधन बनेगा पीएम गति शक्ति: गोयल

गांधीनगर (हि.स.)। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बुधवार को प्रौद्योगिकी समर्थित बुनियादी ढांचा विकास मंच पीएम गति शक्ति की सराहना करते हुए इसे विश्व के समक्ष भारत की क्रांतिकारी पेशकश बताया।

गोयल ने यहां वाइब्रेंट गुजरात वैश्विक शिखर सम्मेलन 2024 को संबोधित करते हुए यह बात कही। वाणिज्य मंत्री ने कहा कि भारत सरकार द्वारा कार्यान्वित प्रौद्योगिकी समर्थित बुनियादी ढांचा विकास मंच पीएम गति शक्ति आने वाले वर्षों में पूरी दुनिया के लिए एक नियोजन साधन बन जाएगा। उन्होंने कहा कि पीएम गति शक्ति की शुरूआत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की उस परिकल्पना के अनुरूप हुई, जब वे गुजरात के मुख्यमंत्री थे। वाणिज्य मंत्री ने उत्कृष्टता और कार्य प्रदर्शन के लिए प्रधानमंत्री के अडिग प्रयास पर बल दिया। उन्होंने कहा कि अवसंरचना परियोजनाओं में औसत दर्जे के कामकाज को कतई बर्दाश्त न करने के परिणामस्वरूप पीएम गति शक्ति की शुरूआत हुई। गोयल ने अपने संबोधन में पीएम गति शक्ति के माध्यम से डेटा लेयर्स की इंटरकनेक्टिविटी, बेहतर योजना, विश्लेषण, निगरानी और अवसंरचना परियोजनाओं के कार्यान्वयन पर प्रकाश डाला।

उल्लेखनीय है कि पीएम गति शक्ति, मल्टी-मोडल कनेक्टिविटी के लिए राष्ट्रीय मास्टर प्लान है। यह एक डिजिटल प्लेटफॉर्म है, जो 16 मंत्रालयों को एक साथ लाता है, जिनमें रेलवे और सड़कें भी शामिल हैं। इसका मकसद बुनियादी ढांचे की कनेक्टिविटी प्रोजेक्ट्स की एकीकृत योजना बनाना और उनका समन्वित क्रियान्वयन करना है।

साउथ की प्रसिद्ध अभिनेत्री ओटीटी पर रिलीज फिल्म अन्नपूर्णी के दृश्यों और अनर्गल टिप्पणियों से धार्मिक भावना को ठेस पहुंचाने का आरोप

अभिनेत्री नयनतारा समेत फिल्म अन्नपूर्णी की स्टार कास्ट के खिलाफ जबलपुर में एफआईआर दर्ज

जबलपुर (हि.स.)। नेटफ्लिक्स पर हाल ही में रिलीज हुई साउथ की प्रसिद्ध अभिनेत्री नयनतारा अभिनीत फिल्म अन्नपूर्णी की स्टार कास्ट के खिलाफ जबलपुर में एफआईआर दर्ज की गई है। अभिनेत्री नयनतारा के साथ फिल्म के निर्देशक निमार्ता एवं अन्य कलाकारों के खिलाफ लव जिहाद और भगवान राम के अपमान करने के मामले में यह कार्रवाई की गई है।

अन्नपूर्णी एक तमिल फिल्म है, जिसमें नयनतारा के साथ ही अभिनेता जय और सत्यराज भी अहम भूमिकाओं में हैं। हिन्दू सेवा परिषद के पदाधिकारी और कार्यकर्ता मंगलवार को ओमती थाने पहुंचे। कार्यकताओं ने फिल्म में धार्मिक भावना को ठेस पहुंचाने का आरोप लगाया। परिषद के प्रदेश अध्यक्ष अतुल जसवानी समेत अन्य ने ओमती थाना प्रभारी वीरेन्द्र सिंह पवार को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के जरिए ओटीटी प्लेटफार्म पर रिलीज हुई फिल्म अन्नपूर्णी के निर्देशक निमार्ता एवं कलाकारों पर एफआईआर दर्ज करने की मांग की गई। उसके बाद ओमती थाने की पुलिस ने जांच के बाद फिल्म के निमार्ता-निर्देशक के साथ स्टार कास्ट के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 153 और 34 के तहत केस दर्ज किया है। यह एफआईआर फिल्म निर्देशक नीलेश कृष्णा, अभिनेत्री नयनतारा, निमार्ता जतिन सेठी, आर रविन्द्रन और पुनीत गोईका के अलावा सारिक पटेल और मोनिका शेरगिल के खिलाफ दर्ज की गई है।

हिंदू सेवा परिषद के अतुल जेसवानी ने बताया कि अन्नपूर्णी फिल्म में कई ऐसे दृश्य ऐसे हैं, जो हिंदू धर्म के आराध्य मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम का अपमान करते हैं। फिल्म में भगवान श्रीराम के खिलाफ अनर्गल टिप्पणियां करते हुए हिंदुओं की भावनाओं को ठेस पहुंचाई गई है। जेसवानी के मुताबिक फिल्म में लव जिहाद दिखाया गया है। फिल्म के कलाकार के द्वारा यह भी प्रदर्शित किया गया है कि श्री राम भगवान वनवास के दौरान जानवरों को मार कर मांस खाते थे।

उन्होंने बताया कि फिल्म के आखिरी सीन में बिरयानी बनाने से पहले मंदिर के पुजारी की बेटी हिजाब पहनकर नमाज पढ़ती है। आरोप है कि फरहान नामक एक कलाकार ने अभिनेत्री का ब्रेनवास करके मांस कटवाया, क्योंकि उसका कहना है कि भगवान श्रीराम और माता सीता ने भी मांस खाया था। फिल्म में अभिनेत्री मंदिर नहीं जाकर फरहान के घर रमजान इफ्तार करने जाती है। फिल्म में लड़की के पिता संध्या आरती कर रहे हैं और दादी माला जप रही हैं, पर उनकी बेटी के मांस खाने और खिलाने के दृश्य आपस में जुड़े हुए हैं। अभिनेत्री के पिता एक मंदिर के प्रधान पुजारी हैं। वह विष्णु भगवान के लिए सात पीढ़ियों से भोग बना रहे हैं लेकिन उनकी बेटी को मुर्गा-मांस बनाते हुए दिखाया गया है। हिंदू लड़की को नमाज के लिए प्रेरित किया जा रहा है। फिल्म में फरहान नामक कलाकार के द्वारा कहा गया है कि भगवान श्रीराम, माता सीता और भगवान लक्ष्मण, शिव और भगवान मुरूगन भी जानवरों को काटकर पकाकर मांस खाया करते थे। फिल्म में एक ब्राह्मण हिंदू लड़की को मुस्लिम धर्म के लिए प्रेरित करना और हमारे धार्मिक ग्रंथ जैसे रामायण, पुराण और अन्य धार्मिक ग्रंथों का गलत तरीके से गलत तथ्यों के साथ भगवानों को अपमानित करना प्रदर्शित किया गया है।

प्रधानमंत्री ने वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट का किया उद्घाटन

नई दिल्ली (हि.स.)। राष्ट्रीय तकनीकी कपड़ा मिशन (एनटीटीएम) के तत्वावधान में कपड़ा मंत्रालय 26 से 29 फरवरी को आयोजित होने वाले भारत टेक्स 2024 के तहत तकनीकी वस्त्रों में रचनात्मकता को बढ़ावा देने के लिए हैकथॉन का आयोजित करेगा। इस दौरान कपड़ा मंत्रालय भारत टेक्स 2024 में प्रमुख परियोजनाओं की प्रगति और उपलब्धियों को प्रदर्शित करेगा। एक सरकारी प्रवक्ता ने आज यहां बताया कि राष्ट्रीय तकनीकी कपड़ा मिशन (एनटीटीएम), कपड़ा मंत्रालय भारत सरकार हैकथॉन के प्रायोजक और भागीदार होंगे। हैकथॉन का प्राथमिक लक्ष्य छात्रों, शोधकताओं, उद्यमियों और उद्योग के पेशेवरों को एक मंच पर साथ लाना है। इस मंच का उद्देश्य तकनीकी वस्त्रों के क्षेत्र में जागरूकता बढ़ाना, नवाचार को प्रोत्साहित करना, सहयोग को प्रोत्साहित करना और वास्तविक दुनिया की चुनौतियों का समाधान करना है।

ईडी ने शिवसेना विधायक रविंद्र वायकर को पूछताछ के लिए 17 को बुलाया

मुंबई (हि.स.)। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम ने शिवसेना (यूबीटी) के विधायक रविंद्र वायकर को समन भेजकर 17 को पेश होने का आदेश दिया है। ईडी की ओर से यह समन जोगेश्वरी में कथित 500 करोड़ रुपये के जमीन घोटाले के संबंध में जारी किया गया है। मंगलवार को ईडी के 12 अधिकारियों की टीम ने विधायक रविंद्र वायकर और उनके पार्टनर के घर और दफ्तरों पर छापेमारी की थी। हालांकि अभी तक ईडी की टीम की ओर से कोई अधिकृत जानकारी नहीं दी गई है, लेकिन बताया जा रहा है कि कई महत्वपूर्ण कागज और दस्तावेज ईडी के हाथ लगे हैं। इन्हीं कागजपत्रों के आधार पर ईडी की टीम रविंद्र वायकर से पूछताछ करने वाली है। दरअसल, जोगेश्वरी के वेरावली गांव में एक भूखंड का दुरुपयोग करने और उस भूखंड पर पांच सितारा होटल के निर्माण करने के मामले में रविंद्र वायकर पर आरोप लगा है। इस भूखंड को लेकर 500 करोड़ रुपये का घोटाला किए जाने का यह आरोप भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष किरीट सोमैया ने लगाया है। सोमैया ने इस मामले की जांच के लिए ईडी के समक्ष शिकायत की थी। इसी शिकायत के आधार पर ईडी की टीम मामले की गहन छानबीन कर रही है।

हैदराबादः चारमीनार एक्सप्रेस की तीन बोगी पटरी से उतरी, 6 लोग घायल

हैदराबाद (हि.स.) चेन्नई से चल कर हैदराबाद पहुंचने वाली चारमीनार एक्सप्रेस की तीन बोगियां बुधवार को पटरी से उतर गई। जिसमें छह लोगों को मामूली चोट आई है। हादसा नामपल्ली रेलवे स्टेशन के पास बुधवार सुबह करीब 10 बजे हुआ। चेन्नई से कल देर शाम रवाना हुई ट्रेन सीधे प्लेटफॉर्म नंबर 5 पर पहुंची और डेड एंड दीवार से जा टकराई। जिससे ट्रेन के तीन डिब्बे पटरी से उतर गए। ट्रेन से उतरने की तैयारी कर रहे दरवाजे पर खड़े कुछ यात्री झटके की वजह से गिर कर चोटिल हो गए। एस2, एस3, एस6 बोगियां आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हुई हैं। ट्रेन के धीरे-धीरे स्टेशन पर रुकने से बड़ा हादसा टल गया। आशंका जताई जा रही है कि लोको पायलट की गलती से यह हादसा हुआ। घायल यात्रियों को इलाज के लिए लालागुडा के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया।

आम जनता के लिए 23 से 29 जनवरी तक बंद रहेगा राष्ट्रपति भवन

नई दिल्ली (हि.स.)। राष्ट्रपति भवन ने बुधवार को बताया कि गणतंत्र दिवस परेड और बीटिंग रिट्रीट सेरेमनी-2024 के कारण आम जनता के लिए राष्ट्रपति भवन (सर्किट-1) का दौरा 23 से 29 जनवरी तक बंद रहेगा।

राष्ट्रपति भवन इससे पहले गणतंत्र दिवस परेड और बीटिंग रिट्रीट समारोह की रिहर्सल के कारण 13 से 27 जनवरी के बीच प्रत्येक शनिवार को होने वाली रस्मी गार्डों की अदला-बदली (चेंज ऑफ गार्ड) समारोह को भी स्थगित करने की सूचना जारी कर चुका है। यह समारोह एक सैन्य परंपरा है, जिसमें राष्ट्रपति

कांग्रेस ने लॉन्च किए 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' से जुड़े पैम्फ्लैट व वेबसाइट

नई दिल्ली (हि.स.)। कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल व महासचिव जयराम रमेश ने बुधवार को पार्टी मुख्यालय में 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' से जुड़े पैम्फलेट, वेबसाइट और न्याय योद्धा कैंपेन लॉन्च किये। इस दौरान कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि देश का कोई भी व्यक्ति इस नंबर पर 9891802024 पर मिस्ड कॉल देकर न्याय योद्धा बन सकते हैं और यात्रा से जुड़ सकते हैं। मीडिया को संबोधित करते हुए वेणुगोपाल ने कहा कि 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' ऐतिहासिक बनने जा रही है। इस यात्रा में सभी दलों और संगठनों को आमंत्रित किया गया है। यह कोई राजनैतिक यात्रा नहीं है बल्कि यह आम लोगों की यात्रा है। वेणुगोपाल ने कहा कि यात्रा इंफाल के पैलेस ग्राउंड से शुरू होनी थी। लेकिन इस ग्राउंड के लिए राज्य सरकार ने अनुमति नहीं दी है। हम कोई अन्य जगह तलाश रहे हैं। हालांकि यात्रा इंफाल से ही शुरू की जाएगी।

प्रधानमंत्री 12 जनवरी को नासिक में 27वें राष्ट्रीय युवा महोत्सव का करेंगे उद्घाटन

नई दिल्ली (हि.स.)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 12 जनवरी को महाराष्ट्र के नासिक में 27वें राष्ट्रीय युवा महोत्सव का उद्घाटन करेंगे और देश के युवाओं को संबोधित करेंगे। एक आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार, इस वर्ष, राष्ट्रीय युवा दिवस कई सरकारी विभागों के सहयोग से पूरे भारत के जिलों में युवा मामलों के विभाग के सभी क्षेत्रीय संगठनों द्वारा मनाया जाएगा। एनएसएस इकाइयों, एनवाईकेएस और कई शैक्षणिक संस्थानों के सहयोग से पूरे देश में 'माई भारत' के स्वयंसेवक भारत के लिए स्वयंसेवक गतिविधियों को अंजाम देने के लिए अपनी ऊर्जा का समन्वय करेंगे। अभियान में 88,000 से अधिक स्वयंसेवक भाग लेंगे।

अंडमान द्वीप समूह में 4.1 तीव्रता का भूकंप

चेन्नई (हि.स.)। अंडमान द्वीप समूह में बुधवार सुबह 4.1 तीव्रता के भूकंप का झटका महसूस किया गया। इस भूकंप से कोई नुकसान होने की खबर नही है। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी की रिपोर्ट के अनुसार अंडमान द्वीप समूह में बुधवार सुबह सुबह करीब 7:53 बजे 4.1 तीव्रता का भूकंप आया। इस भूकंप का केंद्र 12.66 के अक्षांश और 93.02 के देशांतर पर 10 किमी की गहराई पर स्थित था।

हरियाणा के मुख्यमंत्री ने राष्ट्रपति से मुलाकात की

नई दिल्ली (हि.स.)। हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने बुधवार को राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। राष्ट्रपति भवन ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर मुलाकात की तस्वीर साझा करते हुए यह जानकारी दी।

नेपाली क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान संदीप लामिछाने को बलात्कार के मामले में 8 साल की सजा

काठमांडू (हि.स.)। नेपाली क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान संदीप लामिछाने को बलात्कार के एक मामले में जिला अदालत ने बुधवार को 8 साल कैद की सजा सुनाई है। इसके अलावा कोर्ट ने पीड़ित लड़की को पांच लाख रुपये क्षतिपूर्ति देने का आदेश भी दिया है। काठमांडू की जिला अदालत ने पूर्व कप्तान लामिछाने को दिसम्बर में ही बलात्कार के मामले में दोषी करार दिया था। जिला अदालत के न्यायाधीश शिशिरराज ढकाल ने आज सजा का ऐलान करते हुए पूर्व कप्तान लामिछाने को 8 साल की सजा सुनाई है। कोर्ट ने कहा कि पीड़ित युवती के सामाजिक और मानसिक आघात को देखते हुए उसको 5 लाख की क्षतिपूर्ति देने का आदेश दिया जाता है। अदालत के फैसले पर संदीप लामिछाने के वकीलों ने आपत्ति जताई है। संदीप की तरफ से बहस करने वाले वकील सरोज घिमिरे ने कहा कि वो जिला अदालत के फैसले को हाई कोर्ट में चुनौती देंगे।

तेजी से बदलती विश्व व्यवस्था में भारत विश्व मित्र के रूप में बढ़ रहा : प्रधानमंत्री

नई दिल्ली (हि.स.)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट में कहा कि तेजी से बदलती विश्व व्यवस्था में भारत विश्व मित्र के रूप में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि दुनिया भारत को स्थिरता के एक महत्वपूर्ण स्तंभ और वैश्विक अर्थव्यवस्था में विकास के इंजन के रूप में देखती है।

गांधीनगर के महात्मा मंदिर में वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट 2024 के 10वें संस्करण के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि हमने अगले 25 वर्षों में भारत को एक विकसित देश बनाने का लक्ष्य रखा है। उन्होंने कहा कि सभी प्रमुख रेटिंग एजेंसियों की राय है कि भारत अगले कुछ वर्षों में दुनिया की तीन सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में से एक होगा। प्रधानमंत्री ने कहा, आज भारत दुनिया की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है जबकि 10 साल पहले भारत 11वें स्थान पर था। आज दुनिया की हर प्रमुख रेटिंग एजेंसी का अनुमान है कि भारत अगले कुछ वर्षों में दुनिया की टॉप 3 इकोनॉमी में जाएगा। एक ऐसे समय में जब विश्व अनेक अनिश्चितताओं से घिरा हुआ है। तब भारत दुनिया में विश्वास की एक नई किरण बनकर उभरा है।

उन्होंने आगे कहा, आज तेजी से बदलते हुए वर्ल्ड आर्डर में भारत विश्वमित्र की भूमिका में आगे बढ़ रहा है। आज भारत ने विश्व को ये भरोसा दिया है कि हम साझा लक्ष्य तय कर सकते हैं, अपने लक्ष्य प्राप्त कर सकते हैं। विश्व कल्याण के लिए भारत की प्रतिबद्धता, निष्ठा, प्रयास और भारत का परिश्रम आज की दुनिया को ज्यादा सुरक्षित और समृद्ध बना रहा है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट ने निवेश आकर्षित करने और राज्य के विकास को गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि वाइब्रेंट गुजरात समिट आर्थिक विकास और निवेश का एक

वैश्विक मंच बन गया है। उन्होंने कहा, हाल ही में भारत ने आजादी के 75 साल पूरे होने का जश्न मनाया। अब भारत अगले 25 साल की तैयारी कर रहा है। हमारा लक्ष्य आजादी के 100 साल पूरे होने तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाना है। अगले 25 साल भारत के लिए 'अमृतकाल' होने वाले हैं। यह नये संकल्पों का समय है।

प्रधानमंत्री मोदी ने भारत-यूएई संबंधों में तेज वृद्धि के लिए यूएई के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान को श्रेय दिया। उन्होंने कहा कि भारत और यूएई ने फूड पार्क के विकास, नवीकरणीय ऊर्जा में सहयोग और नवीन स्वास्थ्य देखभाल में निवेश के लिए कई समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं। भारत के बंदरगाह बुनियादी ढांचे के लिए यूएई की कंपनियां अरबों डॉलर के निवेश पर सहमत हुई हैं। भारत और यूएई अपने रिश्ते को नई ऊंचाइयों पर ले गए हैं।

उन्होंने कहा कि दुनिया भारत को स्थिरता के एक महत्वपूर्ण स्तंभ के रूप में देखती है। एक मित्र जिस पर भरोसा किया जा सकता है, एक भागीदार जो लोगों के केंद्रित विकास में विश्वास करता है, एक आवाज जो वैश्विक भलाई में विश्वास करती है, और वैश्विक दक्षिण की एक आवाज के रूप में देखती है।

भारत की अध्यक्षता में गत वर्ष सितंबर माह में नई दिल्ली में आयोजित जी-20 सम्मेलन को याद करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि यह भारत के लिए गर्व का क्षण था, क्योंकि भारत की अध्यक्षता के दौरान अफ्रीकी संघ जी-20 का स्थायी सदस्य बन गया।

इससे पहले वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट में हिस्सा लेने वाले वैश्विक व्यापार जगत के नेताओं ने प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण की सराहना की।

उल्लेखनीय है कि इस वर्ष के शिखर सम्मेलन का विषय 'भविष्य का प्रवेश द्वार' है और इसमें 34 भागीदार देशों और 16 भागीदार संगठनों की भागीदारी शामिल है। शिखर सम्मेलन का उपयोग उत्तर-पूर्वी क्षेत्र के विकास मंत्रालय द्वारा उत्तर-पूर्वी क्षेत्रों में निवेश के अवसरों को प्रदर्शित करने के लिए एक मंच के रूप में भी किया जा रहा है।

डीपफेक, फर्जी खबरें और गलत सूचनाएं पूरी दुनिया के लिए चुनौती: रामनाथ कोविन्द



नई दिल्ली (हि.स.)। कोई भी जानबूझकर गलत सूचना फैलाने के लिए डिजिटल साधनों का उपयोग कर सकता है। यह 'डीपफेक', फर्जी समाचार और गलत सूचना पूरी दुनिया के लिए एक बड़ी चुनौती है। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द ने भारतीय जनसंचार संस्थान (आईआईएमसी) के 55वें दीक्षांत समारोह के दौरान यह बात कही। भारत मंडपम (प्रगति मैदान) में आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए पूर्व राष्ट्रपति ने पत्रकारिता और मीडिया के क्षेत्र में प्रवेश करने वाले छात्रों से यह सुनिश्चित करने का आग्रह किया कि इन चुनौतियों के बीच नागरिकों को सटीक जानकारी उपलब्ध कराने के साथ साथ तेजी से विकसित हो रही प्रौद्योगिकियों के दुरुपयोग से निपटने के लिए पर्याप्त रूप से तैयार रहें।

पूर्व राष्ट्रपति ने स्नातक छात्रों से अधिक टीआरपी हासिल करने के लिए सनसनीखेज खबरों की प्रवृत्ति से दूर रहने और पत्रकारिता के मूल्यों को बनाए रखने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि 2047 तक विकसित भारत बनाने की शक्ति युवाओं के हाथों में है। उन्हें इस शक्ति का उपयोग बुद्धिमानी से करना चाहिए। उन्होंने पत्रकारिता में शॉर्टकट अपनाने की प्रवृत्ति से बचने का भी आग्रह किया।

इस मौके पर आईआईएमसी दिल्ली, आईआईएमसी ढेंकनाल, आईआईएमसी आइजोल, आईआईएमसी अमरावती, आईआईएमसी कोट्टायम और आईआईएमसी जम्मू के 2021-22 और 2022-23 बैच के 700 से अधिक छात्रों ने दीक्षांत समारोह में स्नातकोत्तर डिप्लोमा प्राप्त किया। छात्रों को हिंदी पत्रकारिता, अंग्रेजी पत्रकारिता, ओड़िया पत्रकारिता, मराठी पत्रकारिता, मलयालम पत्रकारिता, उर्दू पत्रकारिता, विज्ञापन और जनसंपर्क, रेडियो और टेलीविजन पत्रकारिता और डिजिटल मीडिया में स्नातकोत्तर डिप्लोमा प्राप्त हुए। इसके अलावा दोनों बैच के 65 विद्यार्थियों को विभिन्न पुरस्कारों से भी सम्मानित किया गया। इस मौके पर आईआईएमसी के अध्यक्ष आर. जगन्नाथन, महानिदेशक डॉ. अनुपमा भटनागर और अतिरिक्त महानिदेशक डॉ. निमिष रुस्तगी उपस्थित थे।

हथेली काटने के मामले में मुख्य आरोपित को एनआईए ने किया गिरफ्तार

नई दिल्ली (हि.स.)। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने 2010 में केरल में प्रोफेसर की हथेली काटने के मामले में मुख्य आरोपित सावद को बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। यह पिछले 13 साल से फरार था और उस पर 10 लाख रुपये का इनाम था। एनआईए के अधिकारियों ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि आरोपित को केरल के कन्नूर के मट्टनूर से गिरफ्तार किया गया। एनआईए के मुताबिक आंतरिक परीक्षा के प्रश्न पत्र में कथित तौर पर पैगंबर मोहम्मद का उपहास करने के लिए इडुक्की में प्रोफेसर टीजे जोसेफ की हथेली काट दी गई थी। सवाद 2010 में प्रोफेसर टीजे जोसेफ की हथेली काटकर हत्या करने के प्रयास के मामले में मुख्य आरोपित है। इस मामले में 10 जनवरी, 2011 को उसके खिलाफ आरोप पत्र दायर किया गया था, जो देश में ऐसी घटनाओं में से एक थी।

राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के निमंत्रण को कांग्रेस ने किया अस्वीकार

जयराम रमेश ने कहा, कांग्रेस नेता सोनिया गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे और अधीर रंजन चौधरी ससम्मान निमंत्रण अस्वीकार करते हैं

नई दिल्ली (हि.स.)। कांग्रेस ने श्रीराम जन्मभूमि मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का कार्यक्रम बताते हुए इसके निमंत्रण को अस्वीकार कर दिया है।

श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की ओर से कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी और लोकसभा में पार्टी के नेता अधीर रंजन चौधरी को प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम का निमंत्रण मिला था। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने बुधवार को एक बयान में कहा, कांग्रेस नेता सोनिया गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे और अधीर रंजन चौधरी ससम्मान निमंत्रण अस्वीकार करते हैं जो कि स्पष्ट रूप से आरएसएस-भाजपा का कार्यक्रम है।

जयराम रमेश ने बताया कि कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे, सोनिया गांधी और अधीर रंजन चौधरी को 22 जनवरी को आयोजित होने वाले श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के लिए निमंत्रण पत्र प्राप्त हुआ था। उन्होंने कहा कि राम देश में लाखों लोगों की आस्था हैं। धर्म व्यक्तिगत विषय है। रमेश ने आरोप लगाया कि भाजपा और आरएसएस ने राम मंदिर निर्माण को सालों से राजनीतिक परियोजना बनाया हुआ है। एक अधूरे निर्मित मंदिर का उद्घाटन स्पष्ट तौर पर राजनीति लाभ के लिए किया जा रहा है।

कार्डिलिया क्रूज ड्रग मामले में समीर वानखेड़े की गिरफ्तारी पर बाम्बे हाई कोर्ट ने रोक लगाई

मुंबई (हि.स.)। कार्डिलिया क्रूज ड्रग मामले में बेटे की रिहाई के बदले फिल्म अभिनेता शाहरुख खान से रिश्वत मांगने के आरोप पर बुधवार को बाम्बे हाई कोर्ट ने नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) के तत्कालीन अधिकारी समीर वानखेड़े की गिरफ्तारी पर 15 फरवरी तक के लिए रोक लगा दी है। इस मामले की अगली सुनवाई 15 फरवरी को होगी। दरअसल, तत्कालीन एनसीबी अधिकारी समीर वानखेड़े ने 2 अक्टूबर, 2021 को कार्डिलिया क्रूज शिप पर छापा मारकर वहां से फिल्म अभिनेता शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान को गिरफ्तार किया था। आर्यन खान 26 दिनों तक मुंबई की आर्थर रोड जेल में बंद थे। इसके बाद आर्यन को जमानत मिल गई। इसके बाद समीर वानखेड़े पर आर्यन खान की रिहाई के मामले में शाहरुख खान से रिश्वत मांगने का आरोप लगाया गया था। इस मामले की जांच सेंट्रल इंवेस्टिगेशन ब्यूरो (सीबीआई) की टीम कर रही है और समीर वानखेड़े के विरुद्ध मामला दर्ज किया है। इसी मामले में गिरफ्तारी से बचने के लिए समीर वानखेड़े ने बाम्बे हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की है। इसी याचिका की सुनवाई के दौरान सीबीआई ने कोर्ट को बताया कि समीर वानखेड़े की गिरफ्तारी जरूरी है। समीर वानखेड़े के वकील ने कहा कि यह आरोप राजनीतिक उद्देश्य से लगाया गया है, इसलिए गिरफ्तारी की कोई जरूरत नहीं है। कोर्ट ने समीर वानखेड़े की गिरफ्तारी पर 15 फरवरी तक रोक लगा दी है। मामले की सुनवाई तब तक के लिए स्थगित कर दी है।

जम्मू की कोट भलवाल केंद्रीय जेल में बंद लश्कर आतंकवादी के पास से मिला स्मार्टफोन

जम्मू (हि.स.)। जम्मू की कोट भलवाल स्थित केंद्रीय जेल में बंद लश्कर-ए-तैयबा के आतंकवादी के पास से एक स्मार्टफोन बरामद किया गया है। यह स्मार्टफोन चीनी कंपनी पोको का है, जिसे जम्मू-कश्मीर पुलिस ने जब्त कर लिया है। केंद्रीय खुफिया एजेंसियों ने इस मामले की जांच शुरू कर दी है। सीआईएसएफ के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि कठुआ के हरिया चक निवासी हबीब पुत्र हज शेरू के पास से एक स्मार्टफोन बरामद किया गया है, जिसे जम्मू-कश्मीर पुलिस को सौंप दिया गया है। उन्होंने कहा कि यह फोन जेल के अंदर कैसे पहुंचा इसकी जांच की जा रही है। जेल के अंदर से मोबाइल फोन मिलने के बाद केंद्रीय खुफिया एजेंसियों ने अपने स्तर पर इस सुरक्षा उल्लंघन की जांच शुरू कर दी है। यह आतंकी हबीब कठुआ के ढल्ली क्षेत्र में सीमा पार से आए ड्रोन से यूबीजीएल और चुंबकीय बमों की बरामदगी से संबंधित मामले में आरोपित है। पिछले साल राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने उसे गिरफ्तार किया था। शुरू में मामला कठुआ के राजबाग थाने में दर्ज किया गया, जिसे बाद में जनवरी, 2022 में एनआईए ने पंजीकृत किया। एनआईए को जांच में पता चला कि पाकिस्तानी हैंडलर सज्जाद गुल के निर्देश पर आतंकी हबीब सीमा पार से ड्रोन के माध्यम से गिराए जाने वाले हथियार कश्मीर घाटी में सक्रिय आतंकवादियों को पहुंचाता था।

स्टार्ट-अप इंडिया के आठ शानदार वर्ष पूरे होने पर स्टार्ट-अप इंडिया इनोवेशन वीक का होगा आयोजन

नई दिल्ली (हि.स.)। वाणिज्य व उद्योग मंत्रालय का उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) 10 से 18 जनवरी के बीच स्टार्ट-अप इंडिया इनोवेशन वीक का आयोजन करने जा रहा है। प्रधानमंत्री ने पिछले साल 16 जनवरी को राष्ट्रीय स्टार्ट-अप दिवस घोषित किया था। इस साल 16 जनवरी को स्टार्ट-अप इंडिया के आठ शानदार वर्ष पूरे हो रहे हैं। सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि आजादी के 100वें वर्ष 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए प्रधानमंत्री का आह्वान है। देश के स्टार्ट-अप्स, उद्यमियों, निवेशकों, नीति निमार्ताओं को एक साथ लाने के उद्देश्य से इस इनोवेशन वीक का आयोजन किया जा रहा है। सरकारी प्रवक्ता के मुताबिक इनोवेशन वीक 2024 के दौरान डीपीआईआईटी सचिव राजेश कुमार सिंह 11 जनवरी 2024 को गुजरात के गांधीनगर में दसवें वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट में स्टार्ट-अप सेमिनार 'स्टार्ट-अप अनलॉकिंग इनफिनिट पोटेंशियल' में उद्घाटन भाषण देंगे। जिसका उद्देश्य व्यापार नेटवर्किंग, ज्ञान साझाकरण और समावेशी सामाजिक-आर्थिक विकास के लिए एक वैश्विक मंच प्रदान करना है। 16 जनवरी को राष्ट्रीय स्टार्ट-अप दिवस समारोह के हिस्से के रूप में डीपीआईआईटी राष्ट्रीय स्टार्ट-अप पुरस्कार 2023 और राज्यों के स्टार्ट-अप रैंकिंग फ्रेमवर्क के चौथे संस्करण स्टार्ट-अप इंडिया के तहत दो प्रमुख पहलों के लिए परिणाम घोषणा और सम्मान समारोह का आयोजन कर रहा है।

अन्य राज्यों में भी होना चाहिए पर्पल फेस्ट का आयोजन: डॉ मल्लिका नड्डा

गोवा, (हि.स.)। गोवा में चल रहे अंतरराष्ट्रीय पर्पल फेस्ट के तीसरे दिन कई विशेष सत्रों में स्पेशल ओलम्पिक भारत की अध्यक्ष बनीं डॉ मल्लिका नड्डा ने भाग लिया। बुधवार को मीडिया से बातचीत में डॉ मल्लिका नड्डा ने कहा कि गोवा में आयोजित पर्पल फेस्ट दिव्यांगजनों के लिए अपने हुनर को प्रदर्शित करने का मंच है। इस तरह के आयोजन सभी राज्यों में होने चाहिए ताकि समाज के हर कार्यक्रम में दिव्यांगजनों की भागीदारी सुनिश्चित हो सकें।

डॉ नड्डा ने गोवा सरकार के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि दिव्यांग लोगों में छुपी हुई प्रतिभा को समाज के सामने लाने

के लिए सभी लोगों को प्रयास करने चाहिए। समाज की मुख्यधारा में लाने की दिशा में इस तरह के महोत्सव होने चाहिए। इस मौके पर उन्होंने देश के कोने-कोने से आए कलाकारों का उत्साह बढ़ाया और उन्हें सम्मानित भी किया।

इस मौके पर गोवा के समाज कल्याण मंत्री सुभाष फल देसाई ने कहा कि सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित पर्पल फेस्ट अब अंतरराष्ट्रीय रूप ले चुका है। इस साल इस फेस्ट में 30 से अधिक कन्वेंशन किए गए हैं। 150 से अधिक प्रदर्शनियां लगाई गई हैं। दिव्यांगजनों को अपने हुनर को दिखाने का अनूठा मंच साबित हो रहा है पर्पल फेस्ट। उन्होंने बताया कि 30 अलग-अलग स्थानों पर आयोजन चल रहा है। इसमें देशभर से 3500 दिव्यांग खिलाड़ी भाग ले रहे हैं।

लाड़ली बहना योजना | **मुख्यमंत्री ने सामाजिक न्याय विभाग की 12 पेंशन स्कीम के 56 लाख हितग्राहियों को 341 करोड़ रुपये भी ट्रांसफर किए**

मप्र के मुख्यमंत्री ने लाड़ली बहनों के खातों में ट्रांसफर किए 1576 करोड़ रुपये

भोपाल (हि.स.)। मध्य प्रदेश में नई सरकार बनने के बाद मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने लाड़ली बहना योजना की पहली किस्त बुधवार को सिंगल क्लिक से जारी की। उन्होंने यहां कुशाभाऊ ठाकरे कॉन्वेंशन सेंटर में आयोजित कार्यक्रम में योजना की पात्र हितग्राहियों के खातों में सिंगल क्लिक के जरिए 1576.61 करोड़ रुपये ट्रांसफर किए। करीब 1.29 करोड़ लाड़ली बहनों के खातों में 1250-1250 रुपये की राशि अंतरित की गई है। साथ ही मुख्यमंत्री ने सामाजिक न्याय विभाग की 12 पेंशन स्कीम के 56 लाख हितग्राहियों को 341 करोड़ रुपये भी ट्रांसफर किए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव दोपहर करीब 12 बजे कुशाभाऊ ठाकरे सभागार पहुंचे और कन्या पूजन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके साथ ही महिला सशक्तीकरण सप्ताह प्रारंभ हो गया, जो 15 जनवरी तक चलेगा। इसमें जिलों में अलग-अलग कार्यक्रम होंगे। महिला सशक्तीकरण एवं युवा ऊर्जा पर केंद्रित इस उत्सव की शुरूआत मुख्यमंत्री ने प्रतीकस्वरूप पांच महिलाओं को उपहार में कंगन और मिठाई देकर की। इसे मकर संक्रांति उत्सव नाम दिया गया है। महिला सशक्तीकरण सप्ताह के अंतर्गत जिला स्तर पर लाड़ली लक्ष्मी फ्रेंडली ग्राम पंचायतों,

प्रतियोगी परीक्षाओं में चयनित बालिकाओं का सम्मान किया जाएगा। इसके साथ ही उल्लेखनीय कार्य करने वाले शौर्य दल के सदस्यों को भी सम्मानित किया जाएगा। ऐसी बालिकाएं, जिसने सूचना देकर स्वयं का बाल विवाह रुकवाया हो, उन्हें सम्मानित किया जाएगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा, मैं, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद देता हूं। वह वाकई अद्भुत नेता हैं, जिनके लिए हम सबके मन में विशेष आदर, प्रेम, स्नेह है। उनके द्वारा कदम-कदम पर जिस तरह की योजनाएं बनाई जा रही हैं, जिस प्रकार से वह काम कर रहे हैं, वह अद्भुत है। पूरी दुनिया उनका लोहा मानती है। यहां तक पड़ोसी देश पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान भी कह चुके हैं कि काश, मोदी हमारे देश में होते। प्रधानमंत्री मोदी के कुशल नेतृत्व में विगत 10 वर्षों में महिला सशक्तीकरण की दिशा में अभूतपूर्व कार्य हुए हैं।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में आज से मकर संक्रांति उत्सव की शुरूआत हो रही है। मुझे प्रसन्नता है कि पहले दिन हम 'मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना' के अंतर्गत 1.29 करोड़ लाड़ली बहनों को कुल? 1576 करोड़ की धनराशि उनके बैंक खातों में अंतरित की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम महिला सशक्तीकरण सप्ताह मनाने जा रहे हैं। यत्र नार्यस्तु पूज्यंते, रमंते तत्र देवता। हमारे देश में सदैव नारी की पूजा होती है। अन्य कोई देश या संस्कृति ऐसी नहीं, जहां बहन, बेटियों का सम्मान इस तरह किया जाता हो।

स्वत्वाधिकारी यशवंत धोटे के लिए प्रकाशक, मुद्रक मधुकर सिंह, मां तपेश्वरी मीडिया एंड पब्लिकेशन प्रा0 लिमिटेड, सिंहमोड़ कल्याणपुर हटिया, अपोजिट एडमिनिस्ट्रेटिव बिल्डिंग, द्वारा रांची से प्रकाशित कर, तपो प्रिंटर, गुटूआ मौजा, प्लॉट न.-1124/1125, कटहल मोड़, थाना-नगड़ी, दयाल पेट्रोल पंप के बगल में, रांची (झारखंड) से मुद्रित, (न्याय क्षेत्र रांची) संपादक-सचिन कुमार सिंह, स्थानीय संपादक-उपेन्द्र नाथ पाण्डेय* (पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार*) , फोन नं-0651-2910972, ईमेल - navpradeshranchi@gmail.com (RNI No. JHAHIN/2016/68458)